हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

रोशनी से नहा उठे शिप्रा के तट, दीपों से बनी पीएम मोदी की छवि

- करीब 25 हजार वॉलंटियर्स ने शिप्रा के दोनों तटों और महाकाल लोक में एक साथ दीप प्रज्वलित किए
- इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा को रंगबिरंगी रोशनी और रंगोली से सजाया गया, जहां 5 लाख दीप जलाए गए
- भोपाल में वीआईपी रोड, एमपी नगर और न्यू मार्केट समेत कई स्थानों पर दीपोत्सव हुआ

उज्जैन में शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों सहित महाकाल लोक में 33 लाख 27 हजार दीप प्रज्वलित किए गए

प्रदेश में 3.55 करोड़ दीयों से फैली सेवा की 'रोशनी'

रामघाट पर डॉ. सीएम मोहन यादव और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने जलाया 'आशीर्वाद का दीया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को मध्यप्रदेश में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यभर में एक साथ 3 करोड़ 55 लाख दीपक जलाए गए। उज्जैन में सबसे बड़ा आयोजन हुआ, जहां शिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक में 33 लाख 27 हजार दीप प्रज्वलित कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया गया। रामघाट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सायरन बजते ही करीब 25 हजार वॉलंटियर्स ने शिप्रा के दोनों तटों और महाकाल लोक में एक साथ दीप प्रज्वलित किए। इसके बाद शिप्रा आरती हुई। कार्तिक मेला ग्राउंड पर दीपों से पीएम मोदी का चित्र बनाया गया। इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा को रंगबिरंगी रोशनी और रंगोली से ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

शिप्रा घाट पर आरती करते सीएम व भाजपा अध्यक्ष

प्रथम दिन 8, 684 नागरिकों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान : मुख्यमंत्री यादव

गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश भर में 388 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि प्रथम दिन इन शिविरों में 8684 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविरों के साथ रक्तदान के प्रति जनजागरूकता, शपथ एवं अन्य जागरूकता ▶▶ शेष पेज 4 पर

दीपों से जगमगाया गंगा घाट, दीर्घायु के लिए की गई विशेष प्रार्थना

वाराणसी। गुरुवार को दशाश्वमेध घाट पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध मां गंगा की आरती में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किया गया। गंगा सेवा निधि की ओर से आयोजित आरती से पहले सात अर्चकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आशीर्वचन दिया। इस दौरान 76 दीप प्रज्वलित कर शंखनाद और डमरू वादन के साथ उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। अर्चकों ने बाबा विश्वनाथ और मां गंगा से प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की।

वडनगर से वाराणसी तक 600 बाइकर्स को रवाना किया

वडनगर में अमित शाह बोले- 'भारत प्रथम' मोदी के जीवन का है मूल मंत्र

बाइक रैली की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ वडनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर गुजरात के वडनगर में गुरुवार को 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी के जीवन को दो शब्दों में समेटा जा सकता है- 'भारत प्रथम'। उन्होंने कहा कि मोदी के सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। शाह ने उनकी तुलना कीचड़ में खिलने वाले कमल से करते हुए कहा कि राजनीति में रहते हुए भी उनकी छवि स्वच्छ रही है। कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने वडनगर से वाराणसी तक बाइक यात्रा को हरी झंडी ▶▶ शेष पेज 4 पर

नितिन नबीन ने किया रक्तदान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। नितिन नबीन ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया।

जस्टिस ने पीएम राहत कोष में दान की जीवन भर की जमा पूंजी

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह ने अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर न केवल 36 वर्षों की अपनी उत्कृष्ट न्यायिक यात्रा का समापन किया, बल्कि समाज सेवा की ऐसी अलौकिक मिसाल पेश की है, जो प्रदेश के न्यायिक इतिहास में पहली घटना है।

जस्टिस सिंह ने अपने जीवन भर की संपूर्ण जमा पूंजी (करोड़ों रुपये का फंड) प्रधानमंत्री राहत कोष में दान कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने और उनकी पत्नी ने मृत्यु उपरांत अंग एवं देहदान का ऐतिहासिक संकल्प भी लिया है। विदाई समारोह में उन्होंने जब इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

इटली की पीएम जार्जिया मेलोनी ने दी शुभकामनाएं

अच्छे स्वास्थ्य, ऊर्जा संपन्न और सफल बने रहने की कामना की, कहा- दोनों देशों की दोस्ती और मजबूत होगी

फाइल फोटो

दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों ने भी बधाई प्रेषित की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री को 'मित्र' कहकर संबोधित किया। उन्होंने लिखा, मैं 'अपने मित्र' पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देती हूं। उनके अच्छे स्वास्थ्य, ऊर्जा संपन्न और सफल बने रहने की कामना करते हुए उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

पुतिन ने बताया असाधारण नेता, 'द्रुझबा-दोस्ती' हैशटैग से संबंधों को नई ऊंचाई देने का संकल्प

कहा-मोदी को देशवासियों से अपार सम्मान और वैश्विक मंच पर ऊंचा रुतबा हासिल

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। पुतिन ने भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए पीएम मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना की। भारत स्थित ▶▶ शेष पेज 4 पर

सागर के बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से वर्चुअली जुड़े सीएम

सागर सहित पूरे बुंदेलखंड के विकास को नई गति देने में जुटी सरकारः डॉ. यादव

किसान कल्याण वर्ष में अन्नदाताओं को मिल रहीं नई सौगातें

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन तकनीक, सिंचाई सुविधाओं सहित कृषि विकास से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का प्रयास है कि खेती को लाभ का माध्यम बनाने के साथ किसान आय के अन्य स्त्रोतों को भी मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार सागर सहित पूरे बुंदेलखंड के विकास को नई गति देने में जुटी है। डॉ. यादव राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर सागर जिले के किसानों को वर्चुअली जुड़कर संबोधित कर रहे थे।

खाद को लेकर ई-टोकन की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाद को लेकर ई-टोकन की व्यवस्था की जा रही है, जिससे किसानों को खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और ड्रोन तकनीक से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से उद्यानिकी और फल उत्पादन को भी अपनाने का आग्रह किया। डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मछली पालन, बकरी पालन और मुर्गी पालन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज नई दिल्ली में सेमिकॉन इंडिया-2026 में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 18 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित सेमिकॉन इंडिया-2026 में शामिल होंगे। वे यशोभूमि, नई दिल्ली में स्थापित मध्यप्रदेश राज्य पवेलियन का भ्रमण कर स्वीडिश एवं जापानी प्रतिनिधिमंडलों के साथ वन-टू-वन संवाद करेंगे। इसमें सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश के अवसरों, प्रौद्योगिकी सहयोग और संभावित साझेदारियों पर चर्चा होगी। संवाद में ऑक्साइड कॉरपोरेशन, स्केल फोटोनिक्स, इम्प्यूट इंक., एक्रिटेक, कैनन, मैकडर्मिड अल्फा, हनव्हा, कैजो और जेनेसेम इंक. सहित कंपनियों एवं संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मध्यप्रदेश सेमिकॉन इंडिया-2026 में स्टेट पार्टनर के रूप में सहभागिता कर रहा है। मध्यप्रदेश राज्य पवेलियन, बूथ एच 3005 में प्रदेश के उभरते सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम, निवेश के अवसरों, औद्योगिक क्षमताओं, प्रतिभा आधार तथा अनुकूल नीतिगत वातावरण को प्रदर्शित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पवेलियन में प्रदेश के उद्योग एवं अकादमिक क्षेत्र के हितधारकों से भी संवाद करेंगे। औद्योगिक क्षेत्र से पारस सेमीकंडक्टर, एचएलबीएस, कास्टएनएक्स और सिक्योर मीटर्स की सहभागिता है। वहीं अकादमिक एवं अनुसंधान इकोसिस्टम का प्रतिनिधित्व आईआईटी इंदौर, आईआईआईटी ग्वालियर, आईटी डीएवीवी और एसजीएसआईटीएस इंदौर द्वारा किया जा रहा है। सेमिकॉन इंडिया-2026 में सरकारों, वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों, प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अग्रणी संस्थानों, निवेशकों, अकादमिक जगत और सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन से जुड़े अन्य हितधारकों की सहभागिता है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की जयंती पर किया नमन, अर्पित की पुष्पांजलि

श्रीनिवास तिवारी के विधानसभा के अनेक प्रसंग आज भी प्रेरणादायी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी की जयंती पर मध्यप्रदेश विधानसभा के सेन्ट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीनिवास तिवारी का स्मरण करते हुए कहा कि श्रीनिवास तिवारी ने विद्यार्थी जीवन में स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। मप्र की राजनीति में उनका लंबा कार्यकाल रहा। विधानसभा के उनके प्रसंग आज भी प्रेरणादायी है।

अवधपुरी स्थित नक्षत्र इन्क्लेव की घटना, नहीं मिला सुसाइड नोट

बीटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित नक्षत्र इन्क्लेव में बीटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सौम्या तिवारी पिता एमडी तिवारी (20) नक्षत्र इन्क्लेव बीडीए रोड अवधपुरी में रहती थी। सौम्या ने इसी वर्ष प्राइवेट कॉलेज में बीटेक में एडमिशन लिया था। बुधवार शाम वह घर पर अकेली थी, जबकि भाई किसी काम से बाहर गया था। करीब छह बजे भाई घर पहुंचा तो उसने सौम्या को फांसी के फंदे पर लटके देखा था।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित छावनी पठार में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह सोकर उठे परिजन ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार प्रीति अहिरवार पति राजेश अहिरवार (35) छावनी पठार बिलखिरिया में रहती थी। परिवार में पति के अलावा तीन बेटियां हैं।

डॉ. सोनल अग्रवाल की सेवाएं समाप्त, औषधि निरीक्षक राधेश्याम बट्टी निलंबित

भोपाल। रीवा में मरीज के उपचार में लापरवाही एवं अनियमितताओं पर जांच के उपरांत कड़ी कार्रवाई की गई है। श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सोनल अग्रवाल की सेवाएं 16 सितंबर के अपरान्ह से समाप्त कर दी गई हैं। अथर्व ब्लड सेंटर से संबंधित औषधि निरीक्षक राधेश्याम बट्टी को निलंबित किया गया है।

दीप प्रज्जवलन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

पीएम मोदी ने तेल बचाने को कहा अब उसी से जला रहे करोड़ों दीए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम को लेकर केंद्र और भाजपा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 मई 2026 को देशवासियों से खाद्य तेल की खपत कम करने की अपील की थी, ताकि खाद्य तेल के आयात पर होने वाला खर्च घटाया जा सके। इसके बावजूद उनके जन्मदिन पर खाद्य तेल से दीये जलाने का आयोजन किया जा रहा है। दुबे ने कहा कि बड़े नेताओं के जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर मनाने की परंपरा रही है।

दो सौ करोड़ से ज्यादा का तेल खर्च होने का दावा

कांग्रेस प्रवक्ता दुबे ने कहा कि मध्य प्रदेश में सरकारी स्तर पर दीप प्रज्जवलन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि निगमों के प्रत्येक वार्ड में न्यूनतम 1000,परिषदों के प्रत्येक वार्ड में 500 और नगर परिषदों के प्रत्येक वार्ड में 250 दीप जलाने के निर्देश हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार देशभर में 100 करोड़ दीए जलाए जाने हैं। यदि प्रत्येक दीये में औसतन 15 मिलीलीटर खाद्य तेल इस्तेमाल होता है तो करीब 1.5 करोड़ लीटर खाद्य तेल की खपत होगी। उनके मुताबिक मौजूदा बाजार कीमत के आधार पर इसकी कीमत करीब 200 करोड़ रुपए से अधिक बैठती है।

निमिषा पांडे, अमित सक्सेना समेत मप्र पुलिस के 7 अधिकारी आईपीएस कैडर में हुए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य पुलिस सेवा के 7 अधिकारियों को आईपीएस में पदोन्नति देते हुए मध्य प्रदेश कैडर आवंटित कर दिया है। चयन सूची 2025 के आधार पर जारी इस आदेश में सभी सातों अधिकारियों का आईपीएस बैच वर्ष 2016 निर्धारित किया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा 16 सितंबर 2026 को जारी इस आधिकारिक आदेश से अधिकारियों की वरिष्ठता स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। जिन अधिकारियों को मप्र कैडर मिला हैं, उनमें निमिषा पांडे, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा पाठक सोनी, सुमन गुर्जर, सव्यसाची सराफ, समर वर्मा शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने आईपीएस रेगुलेशन ऑफ सीनियरिटी रूल्स 1988 के नियम 4 के तहत वरिष्ठता तय की है। दस्तावेज के अनुसार, इन अफसरों की उप पुलिस अधीक्षक या समकक्ष पद पर सेवा अवधि 27 वर्ष दर्ज की गई है।

प्रशासनिक व्यवस्था होगी मजबूत

गृह मंत्रालय ने इस आदेश की प्रतियां मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और संबंधित विभागों को भेजी है। दशकों का लंबा प्रशासनिक व मैदानी अनुभव रखने वाले इन अधिकारियों के आईपीएस कैडर में शामिल होने से मध्य प्रदेश पुलिस की प्रशासनिक कार्यकुशलता और कानून-व्यवस्था को नया बल मिलेगा।

ढाई दिन के लिए मायके में महालक्ष्मी का आगमन

श्रद्धालुओं ने किए भजन कीर्तन समेत धार्मिक अनुष्ठान

मराठी परिवारों में झांकी सजाकर ज्येष्ठा और कनिष्ठा महालक्ष्मी की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्रीयन समाज के लोग गणेश उत्सव के दौरान ढाई दिन सुख समृद्धि, ऐश्वर्य की कामना के साथ माता महालक्ष्मी की पूजा करते हैं। गुरुवार से महाराष्ट्रीयन परिवारों में उत्सव की शुरुआत हुई। इस मौके पर घरों में झांकी सजाकर ज्येष्ठा व कनिष्ठा महालक्ष्मी की स्थापना कर पूजा-अर्चना की।

परंपरानुसार ढाई दिन के लिए दो बहनें महालक्ष्मी के वेष में मायके बच्चों के साथ पहुंचती है। सप्तमी पर उनका आगमन होता है, अष्टमी पर भोग लगता है और नवमी पर विदाई होती है।

भक्तों ने मंगल गीत गाकर की अगवानी

बेटियों की तरह मायके में किया जाता है स्वागत-सत्कार

माता महालक्ष्मी का सत्कार बेटियों की तरह किया जाता है। जिस दिन आगमन होता है, उस समय महिलाएं मंगल गीत गाकर अगवानी करती है। उनका विशेष श्रृंगार किया जाता है और स्थापना की जाती है। इसके बाद भजन, कीर्तन सहित विभिन्न आयोजन होते हैं। ढाई दिनों तक खुशियां मनाते हुए अनेक आयोजन किए जाते हैं।

आज लगेगा महाभोग कल दर्शन के बाद विदाई

शुक्रवार को महालक्ष्मी को विशेष भोग लगाया जाएगा। इस दौरान विशेष प्रसाद आंबिल, पूरनपोली सहित 16 प्रकार की सब्जियां और अलग-अलग व्यंजनों का भोग लगेगा। कई महाराष्ट्रीयन परिवारों में अनेक स्थानों पर स्थापना की। परिवारजनों ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की।

एक शाम बुजुर्गों के नाम कार्यक्रम आज, सर्वधर्म समाज के गुरु करेंगे विशेष प्रार्थना और सभा

ग्वालियर। शहर की सामाजिक संस्था अलख-सामाजिक एवं जन कल्याण समिति, ग्वालियर द्वारा शुक्रवार 18 सितंबर को एक अभिनव सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रम एक शाम बुजुर्गों के नाम और यादें कार्यक्रम के नाम से साईं बाबा मंदिर रोड स्थित ग्रिल किंग होटल में किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से बुजुर्गों के महत्व और युवा पीढ़ी के दायित्व के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने के लिए इस कार्यक्रम की पहल की गई है। कार्यक्रम का आयोजन अलख-संस्था द्वारा समाज सेवी और रिटायर्ड डीएसपी एके खान साहब की तीसरी बरसी के मौके पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सर्व धर्म सभा और विशेष प्रार्थना का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में धर्मगुरु के रूप में मुफ्ती जफर नूरी के अलावा गंगा दास की शाला के महंत रामसेवक दास महाराज, फूलबाग गुरुद्वारा, ग्वालियर कमेटी के अध्यक्ष और मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सिंह सभा के प्रेसिडेंट, एस एच कोचर साहब और फादर वी सी जोसफ विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे।

भोपाल
शुक्रवार, 18 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष-7
वर्ष : 13, अंक : 168
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मर्चेंट ग्राहकों से न वसूलें यूपीआई शुल्क

15 अक्टूबर से सरकार रोज करेगी निगरानी

नई दिल्ली। 15 अक्टूबर से सरकार रोजाना निगरानी करेगी कि दुकानदार 2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर लगने वाले 0.4% मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) का बोझ ग्राहकों पर तो नहीं डाल रहे हैं। सरकार पेमेंट एग्रीगेटर्स के साथ मिलकर व्यापारियों को नए एमडीआर नियमों की जानकारी भी देगी। अधिकारियों के अनुसार, 2,000 से कम के यूपीआई लेनदेन पर 0.15% तक सब्सिडी देने वाली इंसेंटिव योजना भी 15 अक्टूबर के बाद बंद हो जाएगी। सरकार लेनदेन के ▸▸ शेष पेज 4 पर

इंदौर में भाजपा अध्यक्ष नबीन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में किया भू-स्वामित्व योजना का शुभारंभ

आगर मालवा के बड़ौद निवासी सीताराम को मिली पहली फ्री रजिस्ट्री

- *ये आत्मसम्मान से जीने का हक: नितिन नबीन*
- *गुरुवार को मनी दीवाली, दशहरा और होली: मुख्यमंत्री डॉ. यादव*

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में गुरुवार को इंदौर में भू-स्वामित्व अधिकार योजना के तहत ग्रामीणों को फ्री रजिस्ट्री देने की शुरुआत कर दी। प्रदेश में आगर-मालवा के बड़ौद निवासी सीताराम को सबसे पहली रजिस्ट्री दी गई। इसके बाद रायसेन के माखन सिंह गुर्जर को ये मालिकाना हक मिला। नबीन ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल संपत्ति की रक्षा का विषय नहीं है, इस योजना के जरिए बड़ी आबादी को आत्मसम्मान से जीने का हक मिला है। जो प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, ▸▸ शेष पेज 4 पर



नितिन नबीन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हितग्राही को ई रजिस्ट्री प्रदान करते हुए

सेवा संकल्प को विपक्षी नहीं समझ सकते

भाजपा अध्यक्ष नबीन ने कहा कि गुरुवार का दिन इसलिए विशेष है क्योंकि आज से हमने सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत की है। सेवा के इस संकल्प को विपक्षी नहीं समझ सकते। उन्होंने कहा कि जिसने देश के 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिया, जिसने कोरोना काल में फ्री वैक्सीन दी, हर महीने लोगों को फ्री राशन दिया, उनके जन्मदिन को हम सेवा दिवस के तौर पर मनाते हैं। नबीन ने कहा कि देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने देश के 4 करोड़ लोगों को घर, 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला गैस योजना से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि ▸▸ शेष पेज 4 पर

50 लाख ग्रामीणों को जमीन जायदाद की फ्री रजिस्ट्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 50 लाख संपत्तियों का निष्पादन करते हुए फ्री रजिस्ट्री देने की शुरुआत कर दी है। उनके गांवों के मकान, खेत-खलिहान आज से उनके नाम हो जाएंगे। पटवारियों के माध्यम से घर-घर जाकर फ्री रजिस्ट्री का काम शुरू किया जा रहा है, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ▸▸ शेष पेज 4 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

'युवा धर्म संसद' में पहुंचे देश भर से छात्र

उज्जैन। शहर में गुरुवार से 19 सितंबर तक तीन दिवसीय 'युवा धर्म संसद' का आयोजन देवास रोड स्थित गीता भवन में किया जा रहा है। इसमें देश के 25 राज्यों से चयनित करीब 1700 छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं। युवा पंचायत में राष्ट्र निर्माण व सामाजिक विषयों पर संवाद होगा।

वाहन ने परिवार को कुचला, 4 की मौत

मुरैना। नेशनल हाईवे-44 पर नूराबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों, एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। चारों एक ही बाइक से मुरैना से ग्वालियर जा रहे थे। बाइक कचरा ढोने वाले रिक्शे से टक्कर हुई, इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।

गडकरी की त्वरित कार्रवाई पर तन्खा ने की तारीफ

जबलपुर। शहपुरा आरओबी की क्षतिग्रस्त एप्रोच के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी को लेकर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। करीब पांच मिनट बाद ही उनका फोन आया। तन्खा ने गडकरी की तारीफ करते हुए उन्हें सज्जन स्वभाव का मंत्री बताया।

सेमीकॉन इंडिया के पांचवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बोले पीएम मोदी

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चिप डिजाइन से कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंचा भारत

- पीएम ने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण, सप्लाई चेन, फैबलेस कंपनियों, आरएंडडी, कुशल युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को भारत के सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम के विस्तार के लिए अहम बताया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चिप डिजाइन से लेकर कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंच गया है। सेमीकॉन इंडिया के पांचवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि 2022 में शुरू हुई इस यात्रा में पहले नीति, फिर परियोजनाओं, पायलट लाइनों और टेस्ट चिप्स से जुड़े चरण आए और अब भारत के प्लांट्स से चिप्स देश और दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचने लगी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोहाली और सूरत में दो और प्लांट्स में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो रहा है। उन्होंने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण, सप्लाई चेन, फैबलेस कंपनियों, आरएंडडी, कुशल युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को भारत के ▸▸ शेष पेज 4 पर

मोहाली और सूरत में दो और प्लांट्स में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अश्विनी वैष्णव

- *सेमीकंडक्टर मिशन के पहले चरण का आकार करीब 8 बिलियन डॉलर था*
- *दूसरे चरण के लिए 13.5 बिलियन डॉलर तक का प्रावधान किया गया*

'इंडिया विजन 2035' की घोषणा

1. एप्लाइड मैटेरियल्स 5 अरब डॉलर का निवेश करेगी और लैम रिसर्च ने करीब 10,000 करोड़ का निवेश करेगी
2. टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने 16 समझौते किए
3. माइक्रोन ने गुजरात के साणंद संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने की घोषणा की
4. नीदरलैंड स्थित सेमीकंडक्टर उपकरणों की प्रमुख कंपनी एएसएमएल भारत में स्थानीय सप्लाई चेन तैयार करेगी

एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों की स्किलिंग का लक्ष्य

पीएम मोदी ने कहा कि चिप डिजाइनिंग के लिए बड़े पैमाने पर स्किलिंग का काम चल रहा है। सरकार ने एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है और अब तक 70 हजार से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

चिप ईकोसिस्टम के सभी हिस्सों पर एक साथ काम

पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर में तकनीकी क्षमताएं तैयार करने में दशकों लगते हैं। भारत ने चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, मैटेरियल ईकोसिस्टम और टेस्टिंग कैपेबिलिटी जैसे क्षेत्रों पर एक साथ काम किया है। पहले चरण का आकार करीब 8 बिलियन डॉलर था, जबकि दूसरे चरण के लिए 13.5 बिलियन डॉलर तक का प्रावधान तय किया गया है। सरकार का प्रयास भारत में फैबलेस कंपनियों की वृद्धि और देश में ही इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के निर्माण को बढ़ावा देना है।

त्रि-भाषा नीति का तमिलनाडु सरकार द्वारा विरोध

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ऐसा नहीं हो सकता कि वहां हिंदी न पढ़ाई जाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार को राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने के लिए उपयुक्त जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य को अपने 15 दिसंबर 2025 के आदेश का पालन करने के लिए तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने नवोदय विद्यालयों में लागू तीन-भाषा नीति का तमिलनाडु द्वारा विरोध किए जाने पर सवाल उठाए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राज्य को अपनी सोच बदलनी ▸▸ शेष पेज 4 पर

> केंद्र और राज्य बातचीत से मतभेद सुलझाएं

वकील का तर्क- यह नीति तमिल भाषा को पीछे छोड़ती है

तमिलनाडु की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट जयदीप गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य को स्कूलों या हिंदी पढ़ाने से कोई दिक्कत नहीं है, बल्कि उन्हें नवोदय योजना से जुड़ी भाषा नीति पर आपत्ति है। यह राज्य की नीति के खिलाफ है। यह तमिल भाषा को पीछे छोड़ती है। इस तरह का एकीकरण संविधान का मकसद नहीं है।

अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड शतक

30 गेंद में ठोका शतक रचा नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में इतिहास रच दिया। उन्होंने महज 30 गेंदों में शतक पूरा कर टी20 इंटरनेशनल में फुल मेंबर टीम के लिए सबसे तेज सेंचुरी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 33 गेंद में शतक लगाने वाले फिन एलन और सिकंदर रजा के नाम था। इसी के साथ भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में 127 रन से शानदार जीत दर्ज की। अरुण जेटली स्टेडियम में अभिषेक ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

बड़वानी में जयस के 12 नेताओं पर एफआईआर

छात्राओं को प्रदर्शन के लिए उकसाने का लगा 'आरोप'

> छात्राएं 5 किमी पैदल पहुंची थीं हाईवे पर, अधीक्षक और सहायक वार्डन हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बड़वानी

निवाली के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की 200 से ज्यादा छात्राओं के प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) के 12 नामजद नेताओं समेत कुछ अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने छात्राओं को छात्रावास से बाहर निकलकर प्रदर्शन और सड़क पर चक्काजाम करने के लिए उकसाया। ▸▸ शेष पेज 4 पर

ऐसे हुआ था प्रदर्शन

नोएल टाटा ने इस प्रस्ताव के खिलाफ किया था मतदान

चंद्रशेखरन को 5 साल के लिए टाटा की कमान ट्रस्ट ने इस पुनर्नियुक्ति को बताया 'अवैध'

> यह प्रस्ताव चार निदेशकों के पक्ष में मतदान करने के बाद पास हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय कॉरपोरेट जगत के सबसे बड़े समूह टाटा संस के शीर्ष प्रबंधन में एक अभूतपूर्व कानूनी और कॉरपोरेट लड़ाई छिड़ गई है। टाटा ट्रस्ट ने बोर्ड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पांच साल का नया कार्यकाल देने के प्रस्ताव को पूरी तरह से गैर-कानूनी और कानूनी रूप से गलत करार दिया है। ट्रस्ट ने कहा है कि उनके चेयरमैन व नामांकित निदेशक नोएल टाटा द्वारा प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के बाद यह ▸▸ शेष पेज 4 पर

फाइल फोटो

नोएल के पास टाटा संस की 66% हिस्सेदारी

गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव चार निदेशकों के पक्ष में मतदान और नोएल टाटा के विरोध के बाद पास किया गया था। ट्रस्ट का तर्क है कि एक नामांकित निदेशक के खिलाफ वोट देने के कारण यह प्रस्ताव कानूनी रूप से निष्प्रभावी हो गया है। अपने इस रुख को मजबूती देने के लिए ▸▸ शेष पेज 4 पर

बालाघाट में सहकारी समिति प्रबंधक के ठिकाने पर ईओडब्ल्यू का छापा

आय से 400-500% अधिक संपत्ति... 5 बस 2 ट्रैक्टर, 4 कारें व जमीन-मकान भी मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालाघाट

जिले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक विलास चौरे के लांजी स्थित आवास पर छापेमारी की। ईओडब्ल्यू के अनुसार, शुरुआती जांच में चौरे की ज्ञात आय की तुलना में करीब 400 से 500 प्रतिशत अधिक संपत्ति का पता चला है। अधिकारियों के मुताबिक करीब 12 साल की नौकरी में उनकी आय लगभग 25 लाख रुपए बताई गई है। ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने गुरुवार सुबह नीमटोला स्थित उनके घर पर तलाशी शुरू की। जांच में पांच बस, दो ट्रैक्टर, चार चारपहिया वाहन, तीन दोपहिया वाहन, मकान और बिसोनी में कृषि भूमि के अलावा कई बैंक खाते और बीमा पॉलिसियां मिलने की जानकारी सामने आई है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती आकलन में संपत्ति करीब तीन करोड़ रुपए की बताई गई है और ▸▸ शेष पेज 4 पर

बैंक खातों व दस्तावेजों की जांच जारी

विलास चौरे

राहुल गांधी के इंदौर कार्यक्रम को लेकर अतिरिक्त शुल्क पर विवाद

'छात्रों की गूंज' के लिए आईडीए ने 4.03 लाख और मांगे, कांग्रेस पहले ही जमा कर चुकी 10.08 लाख

> 17 से 19 सितंबर की अस्थायी लीज वाली जमीन का 14 सितंबर से इस्तेमाल करने पर मांगा अतिरिक्त शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 19 सितंबर को होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर इंदौर में जमीन के किराए को लेकर विवाद सामने आया है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने कांग्रेस से करीब 4.03 लाख रुपए अतिरिक्त जमा कराने को कहा है। कांग्रेस पहले ही कार्यक्रम के लिए 10.08 लाख रुपए जमा करा चुकी है। आईडीए के अनुसार रीजनल पार्क के सामने 12 हजार वर्गमीटर जमीन 17 से 19 सितंबर तक तीन दिन की अस्थायी लीज पर आवंटित की गई थी। प्राधिकरण के निरीक्षण में सामने आया कि कांग्रेस ने इस जमीन के करीब 4,800 वर्गमीटर हिस्से का इस्तेमाल 14 सितंबर से ही ▸▸ शेष पेज 4 पर

फाइल फोटो

सीएम डॉ. मोहन यादव का पलटवार

पहले परमिशन नहीं मिलने की बात कह रहे थे, अब पैसे-पैसे करने लगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी के इंदौर दौरे और 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने की बात कह रही थी। अब अनुमति मिलने के बाद भुगतान को लेकर ▸▸ शेष पेज 4 पर

डॉ. मोहन यादव

राहुल का प्रदेश सरकार पर हमला

दीये जलाने से फुर्सत मिले तो जमीनी हालत भी देखिए

राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण और अवैध शराब जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बालाघाट में बीमारी, कुपोषण और बुनियादी स्वास्थ्य ▸▸ शेष पेज 4 पर

राहुल गांधी



राजधानी के वीआईपी रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई।

महाकाल लोक में सायं 7 बजे सायरन बजते ही प्रदेशभर में एक साथ प्रज्ज्वलित हुआ 'आशीर्वाद का दीया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहले भगवान महाकाल के दर्शन किए, इसके बाद ऐतिहासिक दीपोत्सव का शुभारंभ किया। उज्जैन में शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों सहित महाकाल लोक में सायं 7 बजे सायरन बजने के साथ सभी लोगों ने मिलकर दीप जलाये और प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वहीं एक ही समय पर शाम 7 बजे प्रदेशभर में बूथ, मंडल, वार्ड स्तर तक कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्ज्वलित किए गए। दीप प्रज्ज्वलन के लिए पीएम आवास योजना की कॉलोनियां और मोहल्ले, अमृत सरोवर, जल संरचनाएं, नवनिर्मित पुल-बांध, जन-औषधि केंद्र, आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पताल, एक्स-रे केंद्र, स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान भी चिन्हित किए गए हैं।

रामघाट पर आशीर्वाद का दिया प्रज्ज्वलित करते सीएम, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष व अन्य नेता ।

प्रधानमंत्री ने देश में सांस्कृतिक विरासत को किया मजबूत : नबीन

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि वे उज्जैन की देवभूमि को प्रणाम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 50 लाख लोगों को जमीन का हक दिलाने का काम किया है। यह काम प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2020 में शुरू किया था जिसको आज पूर्णता मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदान की गई है। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश में सांस्कृतिक विरासत को मजबूत किया है और सनातन धर्म का परचम लहराया है। उन्होंने गरीब लोगों के जीवन में आए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की वजह से ही लोगों को आशियाना मिला है।

जनजातीय लोगों के बीच थाल बजाते नितिन नबीन।

पीएम मोदी वह सब काम कर रहे हैं, जो राम राज्य में होता था: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल के 12 वर्षों में वह सब काम किया है जो रामराज में होता था। उन्होंने निरंतर कठिन मेहनत करके इस देश को आगे बढ़ाने में कामयाबी हासिल की है। प्रधानमंत्री ने अपने आराम की भी चिंता नहीं की और 25 वर्षों में एक दिन भी छुट्टी नहीं ली है। हमें एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जिनके द्वारा दी गई सौगातें लंबे समय तक याद रहेगी। वे गरीब आदमी को रहने के लिए मकान और जीवन यापन के लिए निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का पुण्य कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात आज उज्जैन में रामघाट शिप्रा तट पर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित दीपोत्सव समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री हैं।

महाकालेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पीएम के दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की। महाकाल परिसर में 6 से 7 लाख दीप जलाए गए। इस दौरान गर्भगृह में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर रखकर तिलक लगाया गया और उनके यशस्वी व सफल कार्यकाल की मंगल कामना की गई। इस दौरान संपूर्ण महाकाल मंदिर परिसर को आकर्षक आतिशबाजी और रोशनी से सजा नजर आया।

दीयों से पीएम मोदी का चित्र बनाया

मंदिर परिसर के साथ-साथ इस भव्य महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण पवित्र शिप्रा नदी के तट पर स्थित रामघाट पर देखने को मिला। इसके बाद शिप्रा आरती की गई। कार्तिक मेला ग्राउंड पर दीयों से प्रधानमंत्री का चित्र भी बनाया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का 100 स्थानों पर हुआ स्वागत

रोड शो के दौरान भाजपा अध्यक्ष व सीएम।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के इंदौर पहुँचने पर भव्य स्वागत हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साह और उमंग के साथ उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग पर लगभग 100 स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने पुष्पवर्षा एवं उत्साहपूर्ण नारों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का अभिनंदन किया। इसके बाद उज्जैन पहुँचने पर हैलीपैड से रामघाट तक भी उनका भव्य रोड शो हुआ जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी।

बिड़ला मंदिर में जले दीये...

दीपों से जगमगा उठा भोपालः मंदिरों से लेकर पार्कों, स्मारकों में जले दीये

शौर्य स्मारक में दीप जलाते भाजपा नेता।

भोपाल। राजधानी भोपाल में 5 लाख से अधिक दीप जलाए गए। इसमें 1796 बूथ, 31 मंडल, 85 वार्ड सहित अन्य जगहों पर कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर बूथ, मंडल, वार्ड स्तर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव तक देवस्थल दीप और रोशनी से जगमाते नजर आए। जगह-जगह सुंदर रांगोली सहित सजावट की गई। मंदिर परिसरों में दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

स्थानीय लोगों ने भी शौर्य स्मारक में दीप प्रज्जवलित किए।

जिला चिकित्सालय भोपाल सहित जिले के 31 चिन्हित अस्पतालों एवं ब्लड सेंटरों में इन-हाउस तथा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आउटडोर रक्तदान शिविर भी आयोजित किए गए। राजा भोज की प्रतिमा के सामने दीपक जलाए गए।

भवानी चौक पर 5151 दीप प्रज्ज्वलित, 2 क्विंटल मिठाइयों के स्टॉल सजाए

भोपाल में विभिन्न स्थानों पर उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। भवानी चौक पर सांसद आलोक शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 5151 दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की गई। भवानी चौक पर 2 क्विंटल मिठाइयों के स्टॉल सजाए गए। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया। इसी क्रम में भोपाल के शहीद गेट पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीद गेट को आकर्षक दीप सज्जा एवं रोशनी से सजाया गया।

रोशनपुरा चौराहे पर दीप जलाते स्थानीय लोग।

2047 पौधों से बनाया 'नमो उपवन': पीएम के जन्मदिन पर छात्र-छात्राओं, आदिवासी ग्रामीणों ने किया पौधरोपण

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को हुजूर विधानसभा के केकड़िया स्थित नमो उपवन में 2047 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ आदिवासी ग्रामीण और कार्यकर्ता शामिल हुए। पौधों से तैयार किया गया 'नमो उपवन' कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। नर्मदा पुत्र दादा गुरु के सान्निध्य और विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने पौधरोपण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान कई लोगों ने पौधों के साथ सेल्फी भी ली। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा देशभर में सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत की जा रही है। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा।

नमो उपवन

मोदी का जीवन सेवा, संकल्प को समर्पित

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन सेवा, संकल्प और राष्ट्रनिर्माण को समर्पित है। मोदी के जन्मदिवस पर हमारा संकल्प है कि उनके सेवा भाव को जनभागीदारी के माध्यम से धरातल पर उतारें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम के माध्यम से प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन बनाया है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए दादा गुरु के सान्निध्य में नमो उपवन में 2047 पौधों का रोपण किया गया है। यह आयोजन विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है।

कूनो की धरती से गूंजा वन्यजीव संरक्षण का संदेश

भोपाल। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज आयोजित 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में श्योपुर जिले में दीपों से चीते की मनोहारी आकृति बनाई गई। हजारों दीपों से साकार की गई यह आकृति कूनो नेशनल पार्क की उस ऐतिहासिक उपलब्धि को समर्पित रही, जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में भारत में चीतों के पुनर्वास की शुरुआत हुई थी।यह प्रस्तुति मध्यप्रदेश की जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण और कूनो की नई पहचान को रेखांकित करती नजर आई।

विश्वास सारंग ने निवास पर 25 फीट ऊंचे दीप स्तंभ में जलाया 'आशीर्वाद का दीया'

पीएम मोदी के जन्मदिन पर नरेला में जले सवा लाख दीए

दीप स्तंभ पर दीप प्रज्जवलन।

भोपाल। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को देशभर में नागरिकों द्वारा आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्जवलन किया गया। मंत्री विश्वास सारंग ने निवास पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत 25 फीट ऊंचे दीप स्तंभ पर दीया जलाया। सारंग के निवास पर नौ हजार 125 दीप प्रज्ज्वलित कर पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गई। साथ ही सारंग के निवास पर प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन पर केंद्रित सेवा और समर्पण के 25 वर्ष विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इसके साथ ही सम्पूर्ण नरेला क्षेत्र में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत सवा लाख दिए जलाए गए। नरेला विधानसभा के मंदिरों, चौराहों, गली-मोहल्लों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों में दीया जलाया गया। ऐशबाग में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों व कार्यकतार्ओं द्वारा रक्तदान किया गया। सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा और जनसेवा के लिए समर्पित रहा है।

हाउसिंग बोर्ड में जलाया आशीर्वाद का दीया

भोपाल। सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ के अवसर पर हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय पर्यावास भवन में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज चौरसिया, मुख्य संपदा अधिकारी सुनीता लाल सहित हाउसिंग बोर्ड के समस्त कर्मचारी-अधिकारी मौजूद थे।

मोदी के जन्मदिन पर फूलों से सजाया अट्टापू

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर गुरुवार को केरल के कलाकारों ने विधायक रमेश्वर शर्मा के कार्यालय परिसर में केरल की पारंपरिक अट्टापूकलम (पुष्प कालीन) से आकर्षक रंगोली सजाई गई। विभिन्न रंगों के फूलों से तैयार इस भव्य पुष्प कालीन के माध्यम से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। भारी बारिश और खराब मौसम के बावजूद टीम ने उत्साह और कलात्मकता के साथ इसे समय पर तैयार किया। इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा से सौजन्य भेंट भी की गई। उन्होंने अट्टापू की भव्यता, रंग संयोजन और बारीक कारीगरी की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी।

राज्यपाल ने रक्तदान स्वास्थ्य शिविर का लोकभवन में किया शुभारंभ

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत लोकभवन में आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के विभिन्न काउन्टरों पर जाकर परामर्श जांच एवं परीक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। राज्यपाल ने अपनी बोन मिनरल डेनसिटी (बीएमडी) जांच कराकर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दंत परीक्षण, फिजियोथेरेपी जांच, बीएमडी जांच एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं औषधि वितरण व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदाताओं को फलो की टोकरी भेंट कर उनके सेवा संकल्प की सराहना की।

डॉ त्रिपाठी ने किया रक्तदान

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मध्यप्रदेश राजभवन में आयोजित रेडक्रास के रक्तदान शिविर में डॉ गगन कांत त्रिपाठी 28वां रक्तदान गुरुवार को किया।

व्यापारियों ने जलाया 'आशीर्वाद का दीया', पीएम मोदी के यशस्वी जीवन की कामना की

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राजधानी के व्यापारियों ने आशीर्वाद का दीया जलाया और ईश्वर से उनके यशस्वी जीवन की कामना करते हुए संदेश दिया। इसके साथ ही पीएम मोदी के 'सेवा के 25 वर्ष , सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्र निर्माण' का उल्लेख करते हुए उनके सार्वजनिक जीवन और कार्यों को रेखांकित किया। थोक जिंस बाजार हनुमानगंज स्थित प्रहलाद दास बिट्टलदास फर्म के दीपक पसारी ने दीया जलाते हुए अपने संदेश में कहा कि पीएम मोदी की राष्ट्र सेवा से भारत को वैश्विक पहचान मिली है। इस मौके पर हनमानगंज, जुमेराती बाजार के व्यापारी और भोपाल किराना थोक व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुनील पंजाबी, अपूर्व पवैया, शैलेंद्र जैन, राजीव खंडेलवाल, देवानंद सचदेवा, दीपू वाधवानी, अजय राज जैन, महेंद्र मोता, अनुराग माथुर आदि मौजूद रहे।

10 सिंधी समाज को राजनीति एवं नौकरियों में दस...

11 छह इंच की खटिया, दो इंच की टोकनी, खलबटा...

नई दिल्ली रेस्टॉरेंट के किचन में गंदगी, एक ही फ्रीचर में वेज-नॉनवेज

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने सुरवाना रेस्टॉरेंट प्रबंधक को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के होटल और रेस्टॉरेंट में खाद्य सुरक्षा विभाग का जांच अभियान जारी है। चौथे दिन टीम ने एयरपोर्ट रोड स्थित नई दिल्ली रेस्टॉरेंट, फूड एंड फ्लैवर्स चाय सुट्टा बार और होटल इम्पीरियल सेवरे का निरीक्षण किया। जिसमें नई दिल्ली रेस्टॉरेंट के किचन में गंदगी मिलने के साथ वेज और नॉनवेज को एक ही फ्रीजर में रखा गया था। टीम ने संचालक को नोटिस देकर सुधार की हिदायत दी है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि नई दिल्ली रेस्टॉरेंट के किचन एरिया में साफ-सफाई की कमियां पाई गईं। जिसको देखते हुए मूंगदाल, मूंगफली और आटे के सैंपल लेकर राज्य लेबोरेटरी भेजा गया है। टीम यहां से लालघाटी स्थित फूड एंड फ्लैवर्स चाय सुट्टा बार पहुंची, जहां पर निरीक्षण के दौरान किचन एरिया अत्यंत छोटे स्थान में मिला। पानी की वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट भी नहीं पाई गई। शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थों के लिए अलग फ्रीजर नहीं मिला। जिसको देखते हुए नोटिस जारी किया गया है। सुरवाना रेस्टोरेंट के किचन एरिया में डस्टबिन खुले मिले।

मूंगदाल, मूंगफली और आटे के सैंपल को राज्य लेबोरेटरी भेजा

रेस्टॉरेंट में वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट भी अधिकारियों को नहीं मिली

नई दिल्ली रेस्टॉरेंट के किचन में जांच करते अधिकारी।

ड्रैगन हॉर्स का बार लाइसेंस भी सस्पेंड स्टॉक किया जब्त

एमपी नगर जोन टू स्थित ड्रैगन हॉर्स क्लब और बार का फूड लाइसेंस सस्पेंड होने के बाद गुरुवार को आबकारी विभाग ने बार लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिया है। जिला आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके ने बताया कि बार का लाइसेंस फूड लाइसेंस से कनेक्ट होता है, जबकि फूड लाइसेंस को सस्पेंड किया गया है, तो बार का लाइसेंस भी सस्पेंड ही रहेगा। गुरुवार को यहां के शराब स्टॉक को जब्त कर लिया गया है।

मेडिकल कॉलेजों में बदली मेस की व्यवस्था वेज-नॉनवेज के लिए अलग-अलग किचन

मध्यप्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की मेस में अब शाकाहारी और मांसाहारी भोजन अलग-अलग किचन में तैयार होगा। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने आगामी धार्मिक पर्वों को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। संचालनालय के निर्देश में कहा कि जिन मेडिकल कॉलेजों की मेस में मांसाहारी भोजन तैयार होता है, वहां वेज और नॉनवेज के लिए अलग-अलग किचन की व्यवस्था की जाए। दोनों तरह के भोजन की तैयारी और व्यवस्था अलग रखने को कहा गया है, ताकि विद्यार्थियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जा सके।

पर्वों से पहले किचन की व्यवस्था करने के निर्देश

मेडिकल कॉलेजों को मेस में जरूरी इंतजाम करने के लिए कहा गया है। खासतौर पर ऐसी मेस, जहां मांसाहारी भोजन तैयार होता है, वहां शाकाहारी भोजन की तैयारी के लिए अलग किचन रखना होगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की अलग-अलग खान-पान की आदतों और धार्मिक मान्यताओं को ध्यान में रखना है।

जूडा ने फैसले को बताया सकारात्मक

जूडा भोपाल के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अनुराग भारती ने इस फैसले को सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों की खान-पान की आदतें और भावनाएं अलग होती हैं। ऐसे में वेज और नॉनवेज भोजन के लिए अलग किचन की व्यवस्था अच्छी पहल है।

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के दोषी को 5 वर्ष का कारावास

भोपाल। 8 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त कुलदीप साहू को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुश्री दिव्या शुक्ला एवं नवीन श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। 12 नवंबर 2024 को पीड़िता ने अपनी माता के साथ पुलिस थाना निशातपुरा में उपस्थित होकर इस आशय से रिपोर्ट कराई कि 11 नवंबर 2024 को शाम करीब 4 बजे जब वह छत पर खेल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले अंकल कुलदीप साहू आए और पढ़ाई का बोलकर अपने रूम मे लेकर गए और उसे बेड टच किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस थाना निशातपुरा भोपाल ने अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार कर विवेचना में घटनास्थल का नक्शा पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के पश्चात डीएनए टेस्ट रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज तथा परिजनों, गवाहों की सूची सहित अभियोग पत्र जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

सरकार ने पटवारियों को निष्पादक बनाया, नाम और पद के साथ रजिस्ट्री कराएंगे

पहले दिन स्वामित्व योजना से पटवारियों ने बनाई दूरी, मकानों की नहीं कराई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक साल पहले स्वामित्व योजना में जिन ग्रामीणों का नाम सरकारी खसरे में दर्ज किया गया था। अब उनके मकान की रजिस्ट्री भी कराई जानी है। जिसको लेकर सरकार ने पटवारियों को निष्पादक बनाया है। ऐसे में पटवारी अपने नाम और पद के साथ रजिस्ट्री कराएंगे। जिसके तहत 17 सितंबर से जिले के गांवों में 41 हजार 726 रजिस्ट्री की जानी हैं, लेकिन पटवारियों ने पहले दिन रजिस्ट्री कराने से इंकार कर दिया, जिससे जिले में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। जिसके लिए गुरुवार को गांवों में पंचायत स्तर पर शिविर भी लगाए गए, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो सकीं।

जिले के गांवों में आबादी की जमीन पर बसे गांवों के लोगों को लंबे समय से मकान के मालिकाना हक को लेकर जद्दोजहद चल रही थी। जिसको लेकर सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत गांव का ड्रोन से सर्वे कराने के लिए काबिज लोगों के खसरे में नाम दर्ज किए थे। अब सरकार ने इन लोगों के मकानों की रजिस्ट्री भी कराने का निर्णय लिया है, जिसके तहत गुरुवार से पटवारियों को गांव में ही जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्री करना थी, लेकिन मप्र पटवारी संघ के बैनर तले पटवारियों ने रजिस्ट्री कराने से इंकार कर दिया है।

भोपाल में कराई जाएंगी 41 हजार 726 रजिस्ट्रियां

सारा एप में पटवारी आईडी से डायरेक्ट होंगी निःशुल्क रजिस्ट्री

पंचायतों में लगे शिविरों में गिरदावरी और राजस्व से जुड़े काम किए गए

गुरुवार को ग्राम पंचायत सेमरा कलां में शिविर लगाया गया।

अपर कलेक्टर सुमित पांडे ने बताया कि पटवारी संघ के विरोध की वजह से भोपाल में स्वामित्व योजना के तहत एक भी रजिस्ट्री नहीं की जा सकी है। हालांकि पंचायतों में लगाए गए शिविरों में गिरदावरी और राजिस्व से जुड़े काम किए गए हैं। पटवारियों से बातचीत चल रही है, जल्द ही रजिस्ट्री का काम शुरु कराया जाएगा।

भविष्य के कानूनी पेंच में पटवारी फंस सकते हैं: गिरी

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद गिरी ने बताया कि एक-एक मकान की रजिस्ट्री में पटवारियों के निष्पादक बनने से भविष्य के कानूनी पेंच में पटवारी फंस सकते हैं। जिसको लेकर मप्र पटवारी संघ इस संबंध में बातचीत कर रहा है। संघ की सहमति के बाद आगे निर्णय लिया जाएगा।

किस तरह के विवाद आ रहे सामने

गांवों में पटवारियों ने काबिज लोगों के हिसाब से खसरे में नाम दर्ज किए हैं। लेकिन कई मामलों में परिवार में भाई-बहनों के नाम दर्ज नहीं किए गए हैं। ऐसे में भविष्य में वारिसों के नाम दर्ज करने को लेकर नए विवाद खड़े होंगे।

पहली बार पहले खसरे में नाम, बाद में रजिस्ट्री

किसी भी प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त को लेकर पहले रजिस्ट्री की जाती है, जिसके बाद उसका नामांतरण कराकर खसरे में नाम दर्ज किया जाता है। राजस्व विभाग इस पैटर्न पर ही चलता है। जबकि इस योजना में पहली बार खसरे में नाम दर्ज करने के बाद रजिस्ट्री कराई जा रही है।

दूषित पानी से बीमारियों का भी खतरा

पिपलिया पेंदे खां में 10 से 15 मिनट में ही पानी सप्लाई बंद

- *चेतावनी: समस्या नहीं सुलझी तो करेंगे आंदोलन और पार्षद एवं कार्यालय का घेराव*
- *लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा*

नलों में आ रहा गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बारिश के कारण जहां प्रदेश और जिले के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, वहीं साकेत नगर स्थित वार्ड 57, पिपलिया पेंदे खां के रहवासी पीने और निस्तार के पानी के लिए परेशान हैं। क्षेत्र में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने से लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां के लोगों के अनुसार नलों में पानी बेहद कम प्रेशर से आता है और महज 10 से 15 मिनट में ही सप्लाई बंद हो जाती है। इतने कम समय में पर्याप्त पानी भर पाना मुश्किल होता है। पीने के पानी के साथ-साथ नहाने, कपड़े धोने और अन्य घरेलू जरूरतों के लिए भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

जल संकट से रहवासियों में बढ़ रही नाराजगी

लगातार बनी जल समस्या से नाराज रहवासियों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही नियमित और पर्याप्त दबाव के साथ जलापूर्ति शुरू नहीं की गई तो क्षेत्र के रहवासी एकजुट होकर नगर निगम के खिलाफ आंदोलन करेंगे। रहवासियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर घेराव करने की भी चेतावनी दी है। साथ ही संबंधित पार्षद का घेराव कर जल संकट का स्थायी समाधान कराने की मांग करने की बात कही है। स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल जांच कराई जाए और कम प्रेशर तथा कम समय की सप्लाई की समस्या दूर की जाए। रहवासियों का कहना है कि उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि नियमित, पर्याप्त और सुचारु जलापूर्ति चाहिए।

जनविश्वास शिविर में कलेक्टर से रखी थी मांग

खुशबू की डिमांड पर एक माह में शुरू हुई लाइब्रेरी... उसी ने फीता भी काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुगालिया हाट में जनविश्वास शिविर में कुराना गांव की छात्रा खुशबू की डिमांड पर गांव में लाइब्रेरी खोल दी गई है। अफसरों ने इस लाइब्रेरी का फीता भी खुशबू से ही कटवाया है। दरअसल, एक माह पहले छात्रा ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को गांव में लाइब्रेरी नहीं होने की वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में दिक्कत होने की जानकारी दी थी, जिसके बाद कलेक्टर ने पहल करते हुए लाइब्रेरी खुलवाई है। जिला पंचायत सीईओ ईला तिवारी ने बताया कि गांव की लाइब्रेरी में अब छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आसानी से कर सकेंगे।

लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अरिहंत पब्लिकेशन ने जरूरी बुक्स उपलब्ध कराई हैं।

लाइब्रेरी में उपस्थित खूशबू, जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

इसके साथ हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया और गांव के लोगों ने भी लाइब्रेरी में सहयोग दिया है।

जिला प्रशासन के अफसरों ने सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास ऐसी उपयोगी पुस्तकें हैं, जो छात्रों के काम आ सकती हैं, तो वह लाइब्रेरी को दे सकते हैं।

शहर में 11 मिमी बारिश के साथ एक डिग्री गिरा पारा, शाम की बौछारों का सैट हो रहा पैटर्न

शहर में कहीं धूप तो कहीं छांव, कहीं पड़ते रहे छींटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को 24 घंटे में कुल 11 मिमी तक बारिश रिकॉर्ड हुई है। धूप, बादलों के बीच हुई बारिश से दिन का पारा एक डिग्री गिरा, जिससे दोपहर बाद कुछ राहत मिली। भोपाल में दोपहर बाद पड़ रही बौछारों का क्रम लगातार दूसरे दिन रहा।

हवा में पर्याप्त नमी और धूप के बीच शाम की बौछारों का यह पैटर्न अब सैट हो रहा है, जो अगले 4 से 5 दिन चल सकता है। मौसम केंद्र के

अनुसार अगले दो से 3 दिन ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं है, लेकिन पर्याप्त नमी और धूप के बीच लोकल सिस्टम दोपहर बाद की बारिश का पैटर्न बन रहा है। यह अभी चार से पांच दिन चल सकता है। इसके बाद सितंबर के अंतिम सप्ताह तक कुछ तेज बारिश का एक दौर और आने की उम्मीद है। गुरुवार को शहर की हवा में सुबह 8.30 बजे 87 और शाम 5.30 बजे 92 फीसदी हो गई। दिन का तापमान एक डिग्री गिरकर 31.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से दशमलव दो डिग्री अधिक है। रात का पारा 23.6 डिग्री रहा है। शहर में अब पूरे सीजन में कुल 1122.1 मिमी बारिश हुई है, जो नॉर्मल 97.2 मिमी अधिक है।

गर्मी में झेला संकट, बारिश में भी परेशान

स्थानीय लोगों के मुताबिक गर्मी के दिनों में भी क्षेत्र को जल संकट का सामना करना पड़ा था। अब बारिश का मौसम शुरू होने के बावजूद जलापूर्ति की समस्या दूर नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि एक ओर शहर में बारिश और जलभराव की स्थिति है, वहीं दूसरी ओर उनके घरों के नलों में जरूरत के मुताबिक पानी नहीं पहुंच रहा।

नल खुलता है, लेकिन चंद मिनट में हो रहा बंद

रहवासियों का आरोप है कि नगर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था में पर्याप्त प्रेशर नहीं होने के कारण कई घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। जिन घरों में पानी पहुंचता भी है, वहां भी कुछ ही मिनट बाद सप्लाई बंद हो जाती है।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान पर अटल भवन में प्रदान किए लाभ, राजधानी के हवाई अड्डे पर यात्री सेवा अभियान 2026' का शुभारंभ

राजा भोज एयरपोर्ट पर गूंजे लोकगीतों पर खूब थिरके पैसेंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट पर देशव्यापी 'यात्री सेवा अभियान 2026' का शुभारंभ किया गया। यह अभियान गुरुवार से 10 अक्टूबर तक देशभर के हवाई अड्डों पर यात्रियों की सुविधा, सेवा एवं बेहतर यात्रा अनुभव को केंद्र में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है।

अभियान के शुभारंभ अवसर पर राजा भोज एयरपोर्ट पर एआईए, सीआईएसएफ, एयरलाइंस एवं अन्य एयरपोर्ट कर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का भावपूर्ण गायन किया गया, जिससे एयरपोर्ट परिसर में गौरव एवं देशभक्ति का वातावरण निर्मित हुआ। वहीं देशभक्ति, स्थानीय लोकनृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान यात्री भी खूब थिरके।

प्रथम दिवस 'यात्री सहायता' को प्रमुख विषय के रूप में लिया गया। एयरपोर्ट की सक्रिय माय आई हेल्प यू टीमों ने यात्रियों को टर्मिनल में प्रवेश से लेकर बोर्डिंग तक यात्रा सहायता दी। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, प्रथम बार यात्रा करने वाले तथा आवश्यकता वाले यात्रियों को सहयोग दिया।

राजा भोज एयरपोर्ट पर लोकगीत पर डांस करती युवती।

51 पात्रों को मिली आवास की चाबी, 80 को स्थाई आवंटन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा संकल्प अभियान' (आशीर्वाद का दीया) के तहत गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय अटल भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबी और आवंटन पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में महापौर मालती राय ने निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और निगम आयुक्त संस्कृति जैन की मौजूदगी में 51 हितग्राहियों को उनके आवास की चाबी सौंपी। वहीं, 80 हितग्राहियों को स्थाई आवंटन पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में

सेवा संकल्प अभियान' के तहत पक्के घर का सपना हो रहा साकार

गंगानगर, 12 नंबर स्टॉप, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवासीय परिसर और भौंरी आवासीय परियोजना के तहत बनाए गए एलआईजी, एमआईजी और नॉन-स्लम ईडब्ल्यूएस आवासों के हितग्राही शामिल हुए। आवास की चाबी मिलने पर हितग्राहियों में खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर महापौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि शहर के गरीब परिवारों को सुविधायुक्त मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

अटल भवन में हुए कार्यक्रम में आवास की चाबी हितग्राही को सौंपते अतिथि।

जैकेट का शेष...

प्रदेश में 3.55 ...

सजाया गया, जहां पांच लाख दीप जलाए गए। मैहर में 4.86 लाख, खजुराहो में तीन लाख और अमरकंटक में 21 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। भोपाल में वीआईपी रोड, एमपी नगर और न्यू मार्केट समेत कई स्थानों पर दीपोत्सव हुआ। रतलाम में करीब 70 हजार,ओरछा के रामराजा मंदिर में पांच लाख दीपों से परिसर जगमगा उठा। प्रदेश के सभी जिलों और 845 आईकॉनिक प्लेस में 3 करोड़ 55 लाख दीये जलाए गए।

प्रथम दिन ...

गतिविधियां भी आयोजित की गईं। रक्तदाताओं का पंजीयन एवं रक्तदान संबंधी विवरण 'ई-रक्तकोश पोर्टल' पर दर्ज किया जा रहा है। भोपाल के जेपी अस्पताल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। डॉ. यादव ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है।

वडनगर में अमित शाह बोले ...

दिखाई। इस यात्रा में वडनगर और वाराणसी से 300-300, कुल 600 बाइकर्स शामिल हैं। यात्रा सात राज्यों से होकर गुजरेगी और इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और सेवा का संदेश लोगों तक पहुंचाना है।

देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरूः देशभर में गुरुवार से स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 शुरू हो गया है। इस अभियान का विषय स्वच्छता में सहभागिता है; स्वच्छ भारत, विकसित भारत। इस वर्ष का स्वच्छता ही सेवा अभियान पांच प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है। ये स्तंभ हैंः स्वच्छता लक्षित इकाइयों का रूपांतरण और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता, स्वच्छ पाठशालाः स्वच्छता के लिए युवा, सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर, स्वच्छता के लिए जन भागीदारी और स्वच्छता से समृद्धि। पांच स्तंभों के साथ-साथ, जनभागीदारी को केंद्र में रखा गया है, जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 और विभिन्न हितधारकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया है, जिसमें चार-स्तरीय स्रोत पृथक्करण भी शामिल है। 1 अक्टूबर को, एक दिन, एक घंटा और एक साथ के तहत देश भर में एक साथ स्वैच्छिक श्रमदान और स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे।

जस्टिस ने पीएम ...

लिए जिए तो क्या जिए...', तो हाईकोर्ट सभागार में उपस्थित हर व्यक्ति भावुक हो गया। पूरे प्रदेश और देश के न्यायिक इतिहास में किसी न्यायाधीश द्वारा दिया गया ऐसा अभूतपूर्व और सर्वस्व दान का यह पहला अनोखा मामला माना जा रहा है।

गुरुवार को उनके सम्मान में आयोजित फुल कोर्ट फेयरवेल में मुख्य न्यायाधीश, वरिष्ठ न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने उनके इस निस्वार्थ त्याग और बेदाग सेवा काल की मुक्त कंठ से सराहना की। जस्टिस सिंह ने 1990 में सिविल जज के रूप में सेवा शुरू की थी और मई 2023 में हाई कोर्ट के न्यायाधीश बने थे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद हाई कोर्ट में जजों की संख्या घटकर 38 रह गई है, जबकि स्वीकृत पद 53 हैं।

अच्छे स्वास्थ्य, ऊर्जा संपन्न ...

भारत और इटली के बीच गहरी दोस्ती और आपसी सहयोग को आगे भी मजबूत करते रहने की भी बात कही।

पुतिन ने बताया असाधारण ...

रूसी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में इंस्टाग्राम पर पुतिन को बधाई संदेश साझा किया। इस पोस्ट में विशेष रूप से द्रुझबा-दोस्ती हैशटैग का इस्तेमाल किया गया, जो रूसी शब्द 'द्रुझबा' और हिंदी शब्द 'दोस्ती' का एक अनूठा संगम है। यह विजन आगामी दशक में दोनों देशों के बीच संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प दर्शाता है। पुतिन के संदेश का अनुवाद करते हुए दूतावास ने लिखा कि पीएम मोदी को अपने देशवासियों से अपार सम्मान और वैश्विक मंच पर ऊंचा रुतबा हासिल है। पुतिन ने कहा कि भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में आपकी व्यक्तिगत भूमिका अतुलनीय है।

पेज एक का शेष...

15 अक्टूबर से ...

आंकड़ों की पिछले साल के आंकड़ों से तुलना करेगी। अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था में नवाचार बनाए रखने के लिए इसे पूरी तरह सब्सिडी पर निर्भर नहीं किया जा सकता।

आगर मालवा के ...

उसे मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जमीन पर उतार दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खुशी के इस मौके पर गुरुवार को प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में दिवाली-दशहरा, होली सारे त्योहार एक साथ मनाए गए। इससे पहले नितिन नबीन एयरपोर्ट से करीब 5 किलोमीटर का रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान पहुंचे।

स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क नहीं ले रही सरकारः स्वामित्व योजना के तहत गांवों की आबादी भूमि का ड्रोन सर्वे कर वहां रहने वाले लोगों के संपत्ति संबंधी अधिकारों का रिकॉर्ड तैयार किया गया है। सरकार ने इसी रिकॉर्ड में दर्ज पात्र संपत्तियों की पंजीकृत डीड बांटने की प्रक्रिया शुरू की है। खास बात यह है कि हितग्राहियों से स्टांप ड्यूटी और पंजीयन शुल्क नहीं लिया जा रहा है। सरकार ने इसका खर्च खुद उठाने का फैसला किया है। प्रदेश में अब तक 68.11 लाख अधिकार अभिलेख तैयार किए जा चुके हैं, जिनमें 48.32 लाख निजी संपत्तियां शामिल हैं।

सेवा संकल्प को ...

पहले हमारे राष्ट्राध्यक्ष विदेश जाते थे तो उन्हें सही जगह नहीं दी जाती थी जबकि आज मोदी को राष्ट्रीय सम्मान दिया जाता है।

50 लाख ग्रामीणों ...

ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीणों के दर्द को समझा। प्रदेश सरकार स्वामित्व योजना के तहत राज्य के 50 लाख लोगों को फ्री रजिस्ट्री देने जा रही है। इसका फायदा युवा पीढ़ी को भी मिलेगा, वह रजिस्ट्री के आधार पर बैंकों से लोन ले सकेंगे।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में...

सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विस्तार के लिए अहम बताया। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद, इंडस्ट्री लीडर्स, सीईओ, डेलिगेट्स और देशभर के विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से जुड़े युवाओं का स्वागत किया। उन्होंने विदेश से आए प्रतिनिधियों का भी भारत में स्वागत किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और सृजन की शक्ति का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने मुंबई में हुए ग्लोबल फिनटेक फेस्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें एजेंटिक एआई, टोकनाइजेशन और क्वांटम टेक्नोलॉजी के जरिए समावेशी वित्त पर चर्चा हुई। इसी अवधि में करीब 3,000 किलोमीटर का डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पूरी तरह ऑपरेशनल होने का भी उन्होंने उल्लेख किया।

सुप्रीम कोर्ट ने ...

होगी। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी न पढ़ाई जाए। पीठ ने केंद्र और राज्य सरकार से स्कूलों की नीति को लेकर मतभेद बातचीत से सुलझाने को कहा।

छात्राओं को प्रदर्शन ...

छात्रावास अधीक्षक सविता बारिया की शिकायत पर बुधवार शाम केस दर्ज किया गया। नामजद आरोपियों में जयस जिला महामंत्री दीपक निगवाल, विकास ब्राम्हणे, मनीष ब्राम्हणे, दीपक ब्राम्हणे, मदन सेनानी, भीम कनोजे, प्रेम चौहान, देव जमरे, सुवालाल खर्ते, दिलेश सोलंकी और दादु जाधव सहित करीब 12 लोग शामिल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 और किशोर न्याय अधिनियम की धारा 83(2) के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, 15 सितंबर की शाम छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं की कमी और अव्यवस्थाओं को लेकर 200 से ज्यादा छात्राएं कलेक्टर से मिलने करीब पांच किलोमीटर पैदल निकल पड़ी थीं। वे अधीक्षक और सहायक वार्डन को हटाने की मांग कर रही थीं। अधिकारियों ने उन्हें रोककर समस्याएं सुनने का भरोसा दिया, लेकिन पुलिस के अनुसार कुछ लोगों के उकसाने पर छात्राएं आगे बढ़ गईं और हाईवे पर पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन आधी रात तक चला।

कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने छात्राओं से बातचीत की। इसके बाद अधीक्षक सविता बारिया और सहायक वार्डन साधना साहू को पद से हटाने की घोषणा की गई। जांच पूरी होने तक नायब तहसीलदार अर्चना ग्रेवाल को छात्रावास का प्रभार सौंपा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चंद्रशेखरन को 5...

फैसला नियमों के तहत पूरी तरह से अवैध और आधारहीन हो चुका है। टाटा संस के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के नियमों के अनुसार चेयरमैन की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव वैध होने के लिए टाटा ट्रस्ट द्वारा नामांकित दोनों निदेशकों की मौजूदगी और दोनों की सहमति अनिवार्य है।

नोएल के पास....

नोएल टाटा ने देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ की एक विस्तृत कानूनी राय भी बोर्ड के समक्ष रखी, लेकिन बोर्ड ने इस पर विचार नहीं किया। इसके अलावा, ट्रस्ट्स का कहना है कि चंद्रशेखरन का 12 अगस्त का फैसला (जिसमें उन्होंने अगला कार्यकाल न लेने की बात कही थी) पहले ही स्वीकार किया जा चुका था और अंतिम रूप ले चुका था। टाटा संस में लगभग 66% नियंत्रित हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा हैं।

30 गेंद में ...

अपनी तूफानी पारी के दौरान 9 चौके और 11 छक्के लगाए। यह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका तीसरा शतक है। इसके साथ ही वह भारत के लिए भी सबसे तेज टी20 आई शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 14.1 ओवर में 94 रन पर ऑलआउट हो गई।

आय से 400-500...

दस्तावेजों की जांच जारी है। ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर बैंक खातों, निवेश और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। वहीं चौरे ने शिकायत को जलनवश की गई कार्रवाई बताते हुए आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि जांच में गलत पाए जाने पर कार्रवाई के लिए तैयार हैं।

'छात्रों की गूंज' ....

शुरू कर दिया था। इसी आधार पर आईडीए ने तीन दिन के लीज शुल्क के रूप में अतिरिक्त 4.03 लाख रुपए जमा कराने को कहा है। मामले में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह यादव ने आईडीए से शिकायत की थी। उनका कहना है कि तय अवधि से पहले जमीन का इस्तेमाल अनुमति की शर्तों का उल्लंघन है और सरकारी जमीन के उपयोग का निर्धारित शुल्क लिया जाना चाहिए। वहीं, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने अतिरिक्त राशि की मांग पर आपत्ति जताई है।

पहले परमिशन नहीं ...

सवाल उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम पर करीब एक करोड़ रुपए खर्च होने की बात कही गई थी और अब करीब 10 लाख रुपए की राशि को लेकर आपत्ति की जा रही है।

दीये जलाने से ...

सुविधाओं की कमी के बीच 30 से अधिक आदिवासी बच्चों की मौत हुई, लेकिन सरकार की कार्रवाई सुस्त रही।

पंजीयन क्रमांक डी. आर.बी./557 दिनांक 25.07.1992

जिला राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल

कार्या. - सी-1/516 सागर ग्रीन हिल्स अमरनाथ कॉलोनी के पास कोलार भोपाल

आवश्यक सूचना

जिला राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल की आम सभा दिनांक 19.9.2026 को दोपहर 1:00 बजे स्थान इंडियन काफी हाउस 23वी बटालियन भदभदा रोड में आयोजित की गई है।

आप सभी से अनुरोध है कि सभी सम्माननीय सदस्य समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

भवदीय
(सुरेश गुप्ता) अध्यक्ष

जाहिर सूचना

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती विमला अयोध्या प्रसाद साहू सा॰ रैसलपुर इटारसी एवं श्रीमती मोना मनमोहन साहू निवासी चौबदारपुरा तलैया भोपाल ने मौजा कालापानी कोलार रोड भोपाल का एक भूखंड मय निर्माण के विक्रेतागणो,1 सुशीला बाई पत्नी स्वः रामभरोसे धुर्वे 2,राज धुर्वे 3,श्रीमती हेमलता धुर्वे 4,श्रीमती कामिनी तिगंराम 5,कुमारी नेहा 6,श्रीमती आरती धाकड़ 7, है कुमारी पूजा सभी पुत्री/ पुत्र स्वर्गीय राम भरोसे धुर्वे निवासी कालापानी कोलार रोड भोपाल से रु. 2400000/- अंकन चौबीस लाख रुपये में क्रय करने का सौदा किया है। उक्त सौदे पेटे विक्रेता गण को क्रेता ने यूनियन बैंक आफ इंडिया अरेरा हिल्स शाखा भोपाल के खाता क्रमांक 581002010012965 के चेक क्रमांक 061952 दिनांक 11 /9 /2026 के द्वारा राशि ₹50000/-पचास हजार का चेक सभी विक्रेता गणो की सहमति से सुशीला बाई रामभरोस धुर्वे को सौंप दिया है। उभय पक्षों के मध्य क्रेता के व्यय पर एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 17/9/2026 को उपंजीयक कार्यालय भोपाल में पंजीकृत कराया गया है जिसका क्रमांक आर - 11092601543622 (रजिस्ट्रेशन इनीशिएशन आईडी) है। संपत्ति विवरण मौजा कालापानी खसरा नंबर (1)213 (इ) ,1187 रखवा 254 वर्गमीटर (2)भूमि खसरा नंबर 213 (इ) 1188(इ) 127 वर्गमीटर (3) भूमि खसरा नंबर 213(इ) 1190(इ) 109 वर्गमीटर इस प्रकार कुल रखवा 490 वर्गमीटर यानी 5272 वर्गफुट में से अनुबंधित रकवा 20 फुट X 60 फुट =1200 वर्गफुट यानी(111.52 वर्गमीटर) दक्षिण पूर्व दिशा का जिस पर 20 फुट X 50 फुट = 500 वर्गफुट पर पक्का लेंटर वाला मकान बना हुआ है शेष 700 वर्गफुट खुला भूखंड है,। अनुबन्धित संपत्ति के पूर्व -में कोलार रोड, पश्चिम- में विक्रेता का बचा रकबा के बाद साहू जी, उत्तर में - 5 फुट की गली जो, बेची नहीं जाएगी, दक्षिण में -खपरैल वाला मकान बना है, उक्त संपत्ति कहीं रहन वय बक्शीश हो कोई शासकीय / अशासकीय / व्यक्तिगत ऋण हो ,किसी का हित हक अंश हो, न्यायालयीन विवाद हो, या विक्रय पर कोर्ट की रोक हो या अन्य कारण से विक्रय पर आपत्ति हो तो आम सूचना प्रशासन से एक माह के अंदर लिखित आपत्ति दर्ज कराये, म्याद गुजरने पर मेरा पक्षकार बैनामा करा लेगा तब आपत्ति मान्य नहीं होगी, उक्त सौदा स्वर्गीय राम भरोसे धुर्वे की माता मुनियाबाई रामकिशन धुर्वे की सहमति से किया गया सूचना जाने 17/9/2026

भवदीय
रमेश. के. साहू एडवोकेट
साहू ला चैंबर 5 जनपद इटारसी भोपाल
मोबाइल नंबर 9425136008 ,
आपति दर्ज करने हेतु
मोबाइल नंबर 9303036008 (प्रज्ञान आर साहू)

आमसूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेश राय पिता भैयालाल राय जन्म दिनांक 16/10/1969 व्यवसाय-श्रमिक निवासी मकान नंबर-एच.एन.48 गली नं.01 महामाई का बाग, हुजूर, भोपाल, पिन. कोड. 462010 मध्यप्रदेश इनका नाम राजेश राइ (Rejesh Rai) का हिन्दी एवं अंग्रेजी नाम के स्पेलिंग में एवं जन्मदिनांक 16/01/1969 आधार कार्ड में त्रुटिवश लिखा गया है। जिसको संशोधित कर आधार कार्ड में हिंदी नाम राजेश राय अंग्रेजी नाम (Rajesh Rai) एवं जन्मदिनांक 16/10/1969 किया जाना है। यह आम सूचना सभी संबंधित विभागों, संस्थानों और व्यक्तियों के लिए प्रकाशित की जा रही है।

एम. एल. राय एडवोकेट
पूर्व अति शासकीय अधिवक्ता / पूर्व अपर लोक अभियोजक
कार्या. नि. सी 559, पुष्पा नगर कॉलोनी, नियर रेल्वे स्टेशन, भोपाल 462010
दूरभाषः 0755 2759875 मोबाईल : 9826065237

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक 660/बी मण्डल द्वारा श्रीमती तलत खान पत्नी श्री राशिद खान के नाम से हस्तांतरित्त है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28/04/2010 को पंजीकृत है। श्रीमती तलत खान पत्नी श्री राशिद खान द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री शारिक अली आत्मज श्री मुशर्रफ अली (2) श्री आरिफ अली आत्मज श्री मुशर्रफ अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/12/2022 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्री शारिक अली आत्मज श्री मुशर्रफ अली (2) श्री आरिफ अली आत्मज श्री मुशर्रफ अली के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक 1246/ए मण्डल द्वारा श्री रशीद खान आत्मज श्री भूरे खान के नाम से आवंटित किया गया है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 31/07/1992 को पंजीकृत किया गया है। श्री रशीद खान का स्वर्गवास दिनांक 07/06/2012 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती आबिदा खातून का स्वर्गवास दिनांक 01/10/2006 को हो गया है। आवेदक आवंटी की 1 पुत्री श्रीमती नाजनीन खान पत्नी श्री इदरीस खान द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

पीठासीन अधिकारी अर्जित दुबे, चतुर्थ व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रमांक-आर.सी.एस. नम्बर 26ए/2024
मान सिंह विरूद्ध लीलाबॉई ऑदि
जावक क्र. 241/2026
दिनांक 22/08/2026

प्रेषिती, 1-लीला बॉई पत्नि नर्वदा प्रसाद आयु 50 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 4 गोपालपुर रायसेन, जिला रायसेन म.प्र.। 2- रचना बॉई आयु 25 वर्ष पिता नर्वदा प्रसाद निवासी वार्ड क्रमांक 4 गोपालपुर रायसेन, जिला रायसेन म.प्र.। 3- दीपक आयु 16 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 गोपालपुर रायसेन, जिला रायसेन म.प्र.। यह कि वादी मानसिंह आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम सूरजपुरा, तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. द्वारा एक वाद वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु व्यवहार वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीटर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गयी अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्र लगाकर जारी कर दिया गया है।

न्यायाधीश अर्जित दुबे, चतुर्थ व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
प्लॉट मात्र 16 लाख में
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप मो. 8962979924, 9755905247

बेचना है
बेचना है- सकरी हाईवे रोड से 50मी. गायत्री मन्दिर के सामने सर्वसुविधायुक्त पूर्ण विकसित कॉलोनी प्लॉट साईज 252×53= 13356 वर्गफुट डायवर्टेड आवासीय नार्थ फेस 2/3 टुकड़ों में बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268
02/09/26 to 05/10/26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

शब्द पहेली - 6351



बाएँ से दाएँ
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली- 6350 का हल

■	त	था	क	थि	त	■	क	या	म	त
ना	प	■	ह	■	र	का	बी	■	त	र
मु	■	त	वा	य	फ	■	ला	वा	■	खा
ना	पा	क	■	■	दा	नी	■	दा	म	न
सि	■	दी	■	प	र	■	सा	■	हि	■
ब	ह	र	हा	ल	■	नि	रा	ला	प	न
■	र	■	नि	■	आ	शा	■	ज	■	ज
अ	म	र	■	अ	तं	■	■	वा	न	र
मा	■	मा	न	■	क	र	त	ब	■	बं
न	या	■	ज	ल	वा	■	ना	■	क	द
त	क	दी	र	■	द	शा	व	ता	र	■

सूडोकु नवताल - 6361

★★★★☆ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6360 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

खबर संक्षेप

अवीवा ने किया 105 फीसदी वाला टर्म प्लान लांच

नई दिल्ली। अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने 'अवीवा स्मार्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम टर्म प्लान' लांच किया है। कंपनी के मुताबिक, यह टर्म इंश्योरेंस प्लान पॉलिसी अवधि पूरी होने तक बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर नियमों व शर्तों के तहत चुकाए गए कुल प्रीमियम का 105 प्रतिशत वापस करेगा। कंपनी ने बताया कि ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार 10 से 30 वर्ष की पॉलिसी अवधि और 5 लाख से 50 लाख रुपए तक का लाइफ कवर चुन सकते हैं। प्लान लेने के लिए प्रवेश आयु 18 से 60 वर्ष है।

टाटा का नई पीढी के लिए एग्रीगेट्स पोर्टफोलियो

मुंबई। टाटा मोटर्स ने बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2026 में अपने अगली पीढ़ी के एग्रीगेट्स पोर्टफोलियो का प्रदर्शन किया। कंपनी ने निर्माण, लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक और मटेरियल हैंडलिंग क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जेनसेट्स, औद्योगिक इंजन और लाइव एक्सल की विस्तृत रेंज पेश की। प्रदर्शनी में सीपीसीबी IV+ मानकों का अनुपालन करने वाले 10 केवीए से 125 केवीए तक के जेनसेट, 0.7 लीटर से 3.3 लीटर क्षमता वाले उच्च प्रदर्शन वाले औद्योगिक इंजन और एचआर 210 लाइव एक्सल प्रदर्शित किए गए।

गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अब कम ईएमआई पर

गुरुग्राम। सैमसंग इंडिया ने 'गैलेक्सी फॉरएवर' प्रोग्राम के तहत गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फोल्ड8 के लिए नया पेमेंट प्लान पेश किया है। कंपनी के अनुसार नए बुलेट-पेमेंट विकल्प से 24 महीनों की मासिक किस्त में 25 प्रतिशत तक कमी आएगी। योजना के तहत ग्राहक फोन की कीमत का 60 प्रतिशत 24 महीनों में किस्तों के जरिए चुका सकेंगे, जबकि शेष 40 प्रतिशत राशि का भुगतान अवधि पूरी होने पर करना होगा।

एलजी को दो प्रतिष्ठित एचआर पुरस्कार

नई दिल्ली। आयोजित 25वें एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस अवार्ड्स 2026 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को दो प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कंपनी को 'टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज' और उसके चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर ज्वा नाम किम को 'मोस्ट इम्पैक्टफुल एचआर लीडर अवार्ड' प्रदान किया गया। कंपनी को यह सम्मान लीडरशिप डेवलपमेंट, ऑर्गेनाइजेशनल कैपेबिलिटी, वर्कप्लेस कल्चर, एम्प्लॉयी एक्सपीरियंस और टैलेंट डेवलपमेंट के क्षेत्र में की गई पहलों के लिए मिला।

एक्सिस बैंक और कॉग्निजेंट के बीच हुआ गठजोड़

मुंबई। एक्सिस बैंक और टेक्नोलॉजी सेवा प्रदाता कॉग्निजेंट ने बैंक की एएमएस 2.0 पहल के तहत कॉग्निजेंट की एप्लीकेशन मैनेजमेंट सर्विस (एएमएस) के सफल क्रियान्वयन और गो-लाइव की घोषणा की। एएमएस 2.0 का उद्देश्य डिलीवरी संचालन को मजबूत करना, परिचालन निरंतरता में सुधार और एप्लीकेशन सपोर्ट सेवाओं में ऑटोमेशन को बढ़ावा देना है। ऑटोमेशन आधारित प्रक्रियाओं पर तैयार इस मॉडल से सेवा की विश्वसनीयता और लागत दक्षता बढ़ाने के साथ उत्पादकता और स्केलेबिलिटी को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है।

डॉक्टरों के लिए 'ओजोन शील्ड' पहल शुरू

नई दिल्ली। डॉक्टरों के साथ हिंसा, धमकी, उत्पीड़न और कानूनी विवादों की बढ़ती चिंताओं के बीच ओजोन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने 'ओजोन शील्ड' पहल शुरू की है। कंपनी के अनुसार, इसका उद्देश्य मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर रहे डॉक्टरों को सुरक्षा, कानूनी और भावनात्मक सहायता उपलब्ध कराना है। नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी ने पहल का शुभारंभ किया।

यूपीआई शुल्क की सार्वजनिक समीक्षा की मांग

एफएमपीसीसीआई और बीसीसीआई ने जताई आपत्तिः डिजिटल भुगतान पर नया बोझ क्यों

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) और भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) सहित क्रेडाई भोपाल ने डिजिटल भुगतान पर नए वित्तीय बोझ मसले पर आपत्ति दर्ज कराते हुए सरकार से व्यापारियों पर अतिरिक्त भार नहीं डालने की मांग की है। संगठन ने डिजिटल भुगतान पर नए वित्तीय बोझ और अनुपालन संबंधी प्रावधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था से कारोबार में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ी है, लेकिन यदि प्रत्येक डिजिटल लेन-देन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क, कर या अनुपालन बोझ बढ़ता है, तो इसका असर खासकर छोटे और मध्यम कारोबारियों पर पड़ सकता है।

एफएमपीसीसीआई प्रबंधकारिणी सदस्य, बीसीसीआई कार्यकारिणी सदस्य और क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष, मनोज मीक ने सरकार से मांग की है कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बनाई जाने वाली नीतियों में व्यापारियों की व्यावहारिक समस्याओं को भी ध्यान में रखा जाए। उनका कहना है कि भुगतान प्रणाली को सरल, कम लागत वाली और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए, ताकि कारोबारी डिजिटल माध्यम अपनाने के लिए हतोत्साहित न हों। उन्होंने नई यूपीआई एमडीआर व्यवस्था के आर्थिक प्रभाव की सार्वजनिक समीक्षा की मांग की है।

कम मार्जिन वाले कारोबार पर असर की चिंता

मीक ने कहा कि यदि किसी पात्र 10,000 रुपए की बिक्री पर शुल्क से पहले शुद्ध लाभ 2 प्रतिशत यानी 200 रुपए है और उस पर 0.4 प्रतिशत यानी 40 रुपए का एमडीआर लगता है, तो बचा लाभ 160 रुपए रह जाएगा। इस उदाहरण में बिक्री पर मामूली दिखने वाला शुल्क उस बिक्री के लाभ का 20 प्रतिशत हो जाता है। अधिक कारोबार होना अपने आप में अधिक मुनाफे का प्रमाण नहीं है। 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 रुपए से अधिक के पात्र व्यक्ति-से-व्यापारी यूपीआई भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू होने की घोषणा की गई है, जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपए प्रति लेन-देन है। 2,000 रुपए तक के व्यक्ति-से-व्यापारी भुगतान और व्यक्ति-से-व्यक्ति भुगतान इस एमडीआर से बाहर रहेंगे। मीक ने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था की दीर्घकालिक मजबूती के लिए शुल्क संरचना ऐसी होनी चाहिए, जिससे डिजिटल लेन-देन की सुविधा, व्यापारियों की व्यवहार्यता और उपभोक्ताओं का भरोसा तीनों के बीच संतुलन बना रहे।

मनोज मीक

जनता पर सीधा नहीं, पर कीमतों पर पड़ सकता है असर

यूपीआई भुगतान व्यवस्था में 2,000 रुपए से अधिक के कुछ मर्चेंट लेनदेन पर एमडीआर लागू किए जाने की चर्चा के बीच व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच इसके संभावित प्रभाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि निर्धारित परिस्थितियों में यह शुल्क सीधे ग्राहक से वसूलने का प्रावधान नहीं है, लेकिन व्यापारी पर बढ़ने वाली लागत का अप्रत्यक्ष असर उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है।
टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज पारख के अनुसार, एमडीआर का प्रत्यक्ष आर्थिक बोझ ग्राहक पर नहीं आएगा, लेकिन व्यापारी यदि अतिरिक्त लागत को उत्पाद या सेवा की कीमत में शामिल करते हैं तो इसका असर अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है।

मनोज पारख

प्रस्तावित शुल्क उपभोक्ताओं और व्यापारियों पर बढ़ाएगा आर्थिक बोझ

2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाए जाने की चर्चाओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मध्यप्रदेश ने चिंता जताई है। संगठन के प्रदेश महासचिव अनुपम अग्रवाल ने कहा कि एक ओर सरकार देश को कैशलेस और डिजिटल इंडिया की दिशा में आगे बढ़ाने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर डिजिटल भुगतान को शुल्क के दायरे में लाना व्यापारियों और उपभोक्ताओं के हित में नहीं होगा। अग्रवाल ने कहा कि यदि यूपीआई भुगतान पर 0.40 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाया जाता है, तो उदाहरण के तौर पर 5,000 रुपए के भुगतान पर करीब 20 रुपएका अतिरिक्त भार बन सकता है।

अनुपम अग्रवाल

मरक्युरी ईवी टेक ने बढ़ाया पैन-इंडिया डीलर नेटवर्क

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाते हुए मरक्युरी ईवी टेक लिमिटेड ने चार महीनों में देशभर में 100 नए डीलरों को नेटवर्क से जोड़ा है। कंपनी ने मार्च 2027 तक 200 और नए डीलर जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नए डीलरों से प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन बाजारों में उसके रिटेल डिस्ट्रीब्यूशन और आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क को मजबूती मिली है। कंपनी शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी पहुंच बढ़ाने के साथ ग्राहकों के लिए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर ध्यान देगी।

Government Women's Polytechnic College
Shivaji Nagar, Bhopal - 462016 (M.P.)
Phone: 0755-2576839, Fax: 0755-257684
Email: info@gwpbpl.org, Website: www.gwpbpl.ac.in
Estb.1964 Approved by AICTE & Affiliated to RGPV Bhopal
Excellence in Technical Education for Women Empowerment

क्रमांक / शामपॉमभो/स्टोर/2026/1496 भोपाल, दिनांक: 16/09/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

शासकीय महिला पॉलीटेकनिक महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से फर्नीचर हेतु निविदायें जारी की गई हैं। संस्था द्वारा जारी निविदाओं में सम्मिलित होने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रकिया के अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है। निविदा क्रमांक GEM/2026/B/8016764 एवं GEM/2026/B/8016459 जारी करने की तिथि 15/09/2026 अंतिम तिथि 30/09/2026

प्राचार्य
शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज,
शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.)

जी - 18698/26 स्वच्छता ही सेवा है।

कार्यालय प्राचार्य सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल

निविदा का संक्षिप्त विज्ञापन

क्रमांक/स.व.प./भंडार/2026/ 1777 भोपाल, दिनांकः 15/09/2026

सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से लैब इक्विपमेंट एवं मॉडर्न क्लास रूम एंड लेबोरेटरी फर्निशिंग क्रय हेतु निविदाएं जारी की गई है। जारी निविदाओं में समिलित होने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रियानुसार निविदाओं मे भाग ले सकते है। जारी की गई निविदाएं :

GEM/2026/B/7956256

GEM/2026/B/8018089

निविदाओं में कोई भी संशोधन (यदि किया जाता है तब) जेम पोर्टल मे ही अपलोड किया जावेगा। उसका प्रकाशन पृथक से नही कराया जाएगा।

जी - 18693/26 स्वच्छता ही सेवा है। प्राचार्य

आईसीएफएआई टीम ने परिणाम आधारित शिक्षा को बनाया अधिक विद्यार्थी-केंद्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

आईसीएफएआई के संकाय सदस्यों की एक टीम ने परिणाम-आधारित शिक्षा (ओबीई) को अधिक सूक्ष्म, विद्यार्थी-केंद्रित और व्यावहारिक बनाने के लिए एआई/एमएल आधारित आर्किटेक्चर विकसित किया है। यह प्रणाली वर्तमान में संस्थानों में प्रचलित मान्यता-आधारित परिणाम मापन से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के वास्तविक सीखने के अनुभव और उसकी गुणवत्ता को समझने पर केंद्रित है।

'एक मूलभूत ऑनलाइन एमबीए पाठ्यक्रम में अधिगम परिणामों की सूक्ष्म गणना के लिए एआई/एमएल आर्किटेक्चर के उपयोग का अन्वेषण' शीर्षक वाले शोध को प्रोफेसर प्रसाद आर. ने 17 से 20 अगस्त 2026 तक जर्मनी के ब्रेमेन में आयोजित शैक्षिक प्रौद्योगिकी एवं ऑनलाइन शिक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया। सम्मेलन में 54 देशों से 500 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए और करीब 900 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस परियोजना को राकेश पी., सुनीता यू.एल. और प्रसाद आर. ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। प्रो. प्रसाद आर. ने कहा कि समाधान का उद्देश्य केवल मान्यता आवश्यकताओं को पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को सीखने के परिणामों तक पहुंचने का बेहतर मार्ग उपलब्ध कराना होना चाहिए।

अजंता कनेक्ट 2026 में नए कलेक्शन और स्मार्ट शू इनोवेशन की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता

अजंता शूज ने अपनी 70 वर्षों की विरासत का जश्न मनाते हुए कोलकाता के टीसी रॉयल बंगाल में अजंता कनेक्ट 2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम में कंपनी के चेयरमैन सुब्रत बानिक, एमडी साग्निक बानिक, डायरेक्टर जयदेव चटर्जी, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड मार्केटिंग धर्मवीर जैन, जनरल मैनेजर सेल्स पार्थ दास गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बिजनेस न्यूज

राधारमण में 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ, हुआ पौधरोपण

भोपाल। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में राधारमण ग्रुप के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सक्सेना, डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह, आरजीआई के डीन एसबी खरे एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जयपाल बिष्ट की उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्थान परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सक्सेना ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान और रोजगार तक सीमित नहीं है।

आरकेडीएफ विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं प्राणी शास्त्र पर दो दिवसीय कार्यशाला

भोपाल। आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, भोपाल में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं प्राणी शास्त्र विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को प्राणी शास्त्र के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में शामिल करने तथा इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विकसित करना रहा। कार्यशाला में बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्यों, फेसीलिटेटर्स, प्राणी शास्त्र संकाय के शिक्षकों और विषय विशेषज्ञों ने सहभागिता की। इस दौरान पीजी जुलॉजी पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विषय-वस्तु को शामिल करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में भारतीय ज्ञान परंपरा, पारंपरिक जैविक ज्ञान और भारतीय दृष्टिकोण को प्राणी शास्त्र के पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल करने पर विशेष चर्चा हुई। कार्यशाला के नोडल अधिकारी डॉ. अर्पित भार्गव ने सभी विषय विशेषज्ञों, बीओएस सदस्यों, फेसीलिटेटर्स एवं प्रतिभागी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

यूनियन बैंक ने लांच किया यूनियन सुदर्शन

भोपाल। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा के तहत 'यूनियन सुदर्शन' नामक केंद्रीकृत बैंकिंग इंटेलिजेंस हब का उद्घाटन किया है। 10 सितंबर 2026 को मुंबई स्थित बैंक के एम.एस. मार्ग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार के सचिव संजय लोहिया (आईएएस) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष पाण्डेय सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं निदेशक मौजूद रहे। बैंक के अनुसार, पूरी तरह स्वचालित और केंद्रीकृत 'यूनियन सुदर्शन' का उद्देश्य गवर्नेंस, जोखिम निगरानी और परिचालन दक्षता को मजबूत करना है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एवं सीईओ आशीष पाण्डेय ने कहा कि 'यूनियन सुदर्शन' एक स्मार्ट, तेज और भविष्य के लिए तैयार संस्थान बनाने की बैंक की रणनीति का हिस्सा है।

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने कल भोपाल से इंदौर जाएगी विद्यार्थियों की टीम

भोपाल। इंदौर के भारत जोड़ो मैदान में 19 सितंबर को शाम 5 बजे आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में भोपाल से विद्यार्थियों की एक टीम इंदौर के शामिल होगी। कार्यक्रम के लिए भोपाल में सैकड़ों विद्यार्थियों का पंजीयन किए जाने की जानकारी आयोजकों ने दी है। जिला कांग्रेस कमेटी, भोपाल शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम को गैर-राजनीतिक बताते हुए कहा कि इसमें राहुल गांधी विद्यार्थियों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर उनकी आवाज को मंच देने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता आनंद सबधाणी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के सामने कई चुनौतियां हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा और अपने अधिकारों से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने के लिए एकजुट होने की अपील की। बैठक के दौरान जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री अभिषेक शर्मा ने विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। वहीं पार्षद अशोक मारण ने भोपाल से इंदौर जाने वाले विद्यार्थियों की यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

एलएनसीटी विश्वविद्यालय में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का आयोजन

भोपाल। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा विश्व फिजियोथेरेपी दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने किया। स्वागत भाषण डॉ. आर.के. चौरसिया ने दिया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता और रजिस्ट्रार डॉ. ए.के. सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डिसेबिलिटी इवैल्यूएशन पर डॉ. अरुण राविपति, कार्डियोवैस्कुलर कंडीशन्स के लिए प्रिवेंटिव फिजियोथेरेपी पर डॉ. अजिता मिश्रा तथा मुलिगन तकनीक और डायाफ्राम मसल्स पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।



ईबीजी ग्रुप की 50 करोड़ के निवेश से 50 स्टोर खोलने की योजना

हैदराबाद । भारतीय बिजनेस कॉन्ग्लोमरेट और ब्रांड इनक्यूबेटर ईबीजी ग्रुप ने बच्चों के खिलौना और लाइफस्टाइल क्षेत्र में अधिरा और अप्पा टॉयज ब्रांड लांच करने की घोषणा की है। कंपनी 2026 के अंत तक हैदराबाद में अपना पहला स्टोर शुरू करेगी। समूह ने इस कारोबार के विस्तार के लिए 50 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी के अनुसार अधिरा और अप्पा टॉयज़का शुरुआती पोर्टफोलियो बच्चों की शैशवावस्था से लेकर प्री-टीन आयु तक के लिए 1,335 उत्पादों पर आधारित होगा। इनमें लर्निंग और स्टीम खिलौने, कंस्ट्रक्शन एवं बिल्डिंग सेट, रोबोटिक्स और साइंस किट, पजल्स, बोर्ड गेम्स, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, प्रिटेंड-प्ले उत्पाद, डॉल्स एवं एक्शन फिगर्स, रिमोट कंट्रोल वाहन, राइड-ऑन्स, ट्राइसाइकिल्स, प्लश टॉयज, आउटडोर प्ले उत्पाद और कलेक्टिबल्स शामिल होंगे।

परिशिष्ट B - संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
तेहिस्वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमजेसी/284/2026
प्रेमवाइ बनाम बनवारी लाल
NEXT DATE: 07-10-2026

प्रेषिती-
अब्दुल हामिद
मो० हमीद खां
पता - 4/8 न्यु विजय लक्ष्मी स्कूल केपीछे जहांगीरावाद भोपाल

यह कि प्रार्थी प्रेमवाइ ने आपके विरूद्ध एमजेसी/284/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 22-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
राहुल सिंह यादव
तेहिस्वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड

टिप्पणी
कृपया ध्यान दें :-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

परिशिष्ट B - संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
तेहिस्वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमजेसी/284/2026
प्रेमवाइ बनाम बनवारी लाल
NEXT DATE: 07-10-2026

प्रेषिती-
डी के श्रीवास्तव
आइ एस श्रीवास्तव
पता - एफ-2 तहातीपुर ग्वालियर म.प्र.

यह कि प्रार्थी प्रेमवाइ ने आपके विरूद्ध एमजेसी/284/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें ।
यह आज तारीख 22-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
राहुल सिंह यादव
तेहिस्वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड

टिप्पणी
कृपया ध्यान दें :-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

कार्यालय नगर परिषद् कोठरी, जिला सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक / / लोक निर्माण / 2026 दिनांक 16.09.2026

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)

एतद् द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यो के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	निर्माण कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशी (रु.लाख में)	कार्य की अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	पूर्णता अवधि (माह)	ऑनलाइन निविदा क्र.	एनआईटी क्रमांक	ठेकेदार की श्रेणी
3	अमृत 2.0 योजनान्तर्गत वाटर बॉडी रिज्युविनेशन के शेष निर्माण कार्य	16.41	12308	2000	9 माह	2026_UAD_536478_1	927 दिनांक 11.09.2026	C &above

- कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 17.09.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16.10.2026 समय सायं 06:00 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगे ।
- निविदा में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
- उपरोक्त कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

नगीना राधेश्याम दलपति
अध्यक्ष
नगर परिषद् कोठरी

राहुल शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् कोठरी

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, नर्मदापुरम (म.प्र.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निविदा सूचना क्र. 32/2026/e-Tender/N.Puram दि. 09/09/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

स.क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानती राशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_ PWDRB _534898	नर्मदापुरम	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत रैसलपुर रिधौड़ाखेड़ा बम्हनगॉव मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य ।	पॉचवा	200.62	200620/-
2	2026_ PWDRB _534899	नर्मदापुरम	सड़क कार्य	उमरधा से पासीघाट, खापरखेड़ा से चांदौन, सोहागपुर, गुंदराई, करनपुर, आमादेही, नकटुआ, चारगांव, सांगई (करनपुर से नकटुआ) एवं सोहागपुर से सियारखेड़ा टेकापार मार्ग लंबाई 15.90 कि.मी. पर बी. टी. नवीनीकरण कार्य ।	ग्याहरवॉ	224.29	224290/-
3	2026_ PWDRB _534901	नर्मदापुरम	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत ग्राम चपलासिर से हाई स्कूल मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 1.40 कि.मी. ।	प्रथम	153.84	153840/-
				कुल योग रुपए		578.75	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 28/09/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे ।

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि. संभाग नर्मदापुरम

जी- 18692/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

भारत की दो टूक, देश के लोगों के हित सर्वोपरि

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा द्वारा रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद भारत ने भी दो टूक प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि देश के 1.4 अरब लोगों के हित, जरूरत और ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि हैं। भारत बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा। अमेरिकी विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था और करोड़ों परिवारों का जीवन ऊर्जा की कीमतों से सीधे जुड़ा है। कच्चे तेल की लागत में बड़ी वृद्धि का असर परिवहन, विनिर्माण, बिजली, खाद्य पदार्थों की कीमतों और अंततः महंगाई पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत ने वाशिंगटन को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश अपने आर्थिक और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत का रुख हमेशा से साफ रहा है कि भारत किसी तीसरे देश के एकतरफा प्रतिबंधों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और उसके फैसले केवल राष्ट्रीय हितों से संचालित होते हैं। रूस से सस्ता कच्चा तेल मिलने के कारण पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रिफाइनरियों की खरीद में उसकी भूमिका बढ़ी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों ने वैश्विक तेल व्यापार का स्वरूप बदला और भारत ने उपलब्ध बाजार अवसरों का इस्तेमाल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किया है। इसके पीछे तर्क है कि ऊर्जा खरीद किसी राजनीतिक पक्षधरता से अधिक उसके उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था की जरूरतों से संचालित होती है। दूसरी ओर, अमेरिका का दृष्टिकोण रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने से जुड़ा है। उसकी चिंता यह है कि रूसी ऊर्जा की खरीद से मॉस्को को राजस्व मिलता है। इसलिए भारत और चीन जैसे बड़े खरीदारों को निशाना बनाने का प्रावधान रूस पर दबाव की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, यदि बड़े खरीदारों पर भारी शुल्क लगाया जाता है तो वैश्विक तेल व्यापार में आपूर्ति, कीमत और परिवहन लागत प्रभावित हो सकती है। भारत-अमेरिका संबंध आज व्यापार, तकनीक, रक्षा, निवेश और रणनीतिक सहयोग के कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में ऊर्जा व्यापार को लेकर मतभेदों को व्यापक संबंधों पर हावी होने देना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। ऐसे में भारत के सामने चुनौती संतुलन बनाने की है। रूस के साथ पुराने रणनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए अमेरिका के साथ बढ़ते सहयोग को भी आगे बढ़ाना है। इसके लिए सबसे कारगर रास्ता किसी एक पक्ष के दबाव में आने के बजाय ऊर्जा स्रोतों का लगातार विविधीकरण, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश और वैश्विक बाजार में अपने विकल्प मजबूत करना है। नई दिल्ली का संदेश मूलतः यही है कि विदेश नीति में मित्रता और साझेदारी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अंतिम कसौटी राष्ट्रीय हित है। ऊर्जा जैसी बुनियादी जरूरत को भू-राजनीतिक दबाव का साधन नहीं बनने दिया जा सकता। भारत को अपने लिए उपलब्ध हर वैध और आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प खुला रखना होगा। आज की वैश्विक व्यवस्था में आत्मनिर्भरता का अर्थ इतने विकल्प तैयार रखना है कि किसी एक स्रोत पर निर्भरता मजबूरी न बने। भारत की ऊर्जा नीति को इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरत, आर्थिक स्थिरता और व्यापक राष्ट्रीय हित सर्वोच्च हैं। यही भारत की स्पष्ट और संतुलित नीति का आधार होना चाहिए।

मुद्दा
अरविंद जयतिलक

यूनिफार्म सिविल कोड पर विलाप क्यों

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। गृहमंत्री के इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। गौर करें तो पहली बार नहीं है जब यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ वितंडा खड़ा किए जाने की कोशिश हो रही है। याद होगा कि स्वाधीनता दिवस की 78वीं सालगिरह पर जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत पर बल दिया था, उस दरम्यान भी विरोध के बोल ऊंचे हुए थे। यह प्रवृत्ति देशहित में नहीं है। सबके लिए एक समान कानून होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में देश में विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति के मामले में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के पर्सनल मामले हिंदू विवाह अधिनियम से चलते हैं। लेकिन मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग पर्सनल लॉ हैं। एक सेकुलर देश में इस तरह के कानून कहीं से भी एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के स्वरूप को रेखांकित नहीं करते हैं। ऐसे में अगर देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिफार्म सिविल कोड की जरूरत पर बल देते हैं तो यह उचित ही है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे किस्म-किस्म के कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रूप से लागू होता है। वे यह भी जानते हैं कि 23 नवंबर, 1948 को इस मसले पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने बहस करते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा. आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। अनेक संविधानविद् भी चाहते थे कि देश में समान नागरिक संहिता लागू हो। अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने समान नागरिक संहिता पर बल देते हुए कहा कि 'जब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया और कहा कि वे संपूर्ण देश के लिए एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं, तब उसका विरोध क्यों नहीं किया गया।' भारत का संविधान राज्य के नीति निर्देशक तत्व में सभी नागरिकों को समान नागरिकता कानून सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 44 इस धारणा पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक विधि में कोई संबंध नहीं होता है। अतः समान नागरिक संहिता बनाने से किसी समुदाय के सदस्यों के अनुच्छेद 25, 26 व 27 के अधीन प्रतिभूत मूल अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विवाह, उत्तराधिकार और इस प्रकार की सामाजिक प्रकृति की बातें धार्मिक स्वतंत्रता से

बाहर हैं और उन्हें विधि बनाकर विनियमित किया जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह कि विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी हिंदू विधि भी इस्लाम व ईसाइयों की भांति ही धर्मसम्मत है। फिर जब हिंदू समाज संविधान की भावना का सम्मान करते हुए एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का परित्याग कर दिया और उनका संहिताबद्ध किया गया तो अन्य धर्मावलंबियों एवं मतावलंबियों को इस तरह के आचरण का पालन क्यों नहीं करना चाहिए। 1956 में हिंदू विवाह कानून, उत्तराधिकार कानून, नाबालिग व अभिभावक कानून और गोद लेने व गुजारा भत्ता कानून लागू कर दिया गया, लेकिन अल्पसंख्यक समुदायों को इस परिधि में नहीं लाया गया। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों को विचार करना चाहिए कि जब दुनिया के सभी आधुनिक देश जिनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं और वहां समान नागरिक संहिता लागू है तो फिर भारत में भी ऐसा कानून क्यों नहीं बनना चाहिए। सीरिया, ट्यूनिशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश तथा मध्य एशियाई गणतंत्र समेत अन्य कई और मुस्लिम देशों में वैयक्तिक विधि का संहिताकरण करके समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। मजेदार बात यह कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए देश की अदालतें भी अपनी सहमति की मुहर लगा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ कह चुकी है कि संविधान निर्माताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 के जरिए यह उम्मीद जतायी थी कि राज्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे। सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में भी सर्वोच्च अदालत कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 44 पर नया दृष्टिकोण अपनाएं जिसमें सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' हो। जानवलामत्तम बनाम भारत संघ के मामले में भी उच्चतम न्यायालय समान नागरिक संहिता के न बनाने को लेकर दुख जता चुका है। न्यायमूर्ति कह चुके हैं कि संविधान को लागू हुए वर्षों गुजर गए और कई सरकारें आईं व गई, फिर भी अनुच्छेद 44 में निहित संविधान के उक्त निर्देश को कार्यान्वित करने के कर्तव्य का पालन किसी के द्वारा नहीं किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिमा एम सिंह की पीठ ने दो टूक कहा कि विवाह, तलाक और संपत्ति के बंटवारे के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की मौजूदगी न्यायिक ढांचे के लिए चुनौती के साथ-साथ संविधान के प्रावधानों को लागू करने की राह में बाधा है। समान नागरिक संहिता के इतिहास में जाएं तो 1840 में ब्रिटिश राज में गठित समिति ने समान नागरिक कानून बनाने की वकालत की थी। 1985 में जब शाह बानो का मामला उछला तब भी इसकी आवश्यकता महसूस की गई। शाह बानो एक 62 वर्षीय मुसलमान महिला और 5 बच्चों की मां थी, जिन्हें 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। शाह बानो ने जीविका का कोई साधन न होने के कारण अपने पति से गुजारा भत्ता लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो का निर्वाह-व्यय के समान जीविका दी जाए। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने इस फैसले का पालन करने के बजाए संसद के जरिए फैसले को ही पलट दिया। मुस्लिम नेताओं ने 'ऑल इंडिया पर्सनल बोर्ड' नाम की एक संस्था बना ली और देश के सभी भागों में आंदोलन की धमकी दी। यह रेखांकित करता है कि तत्कालीन सरकार तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ गई। क्या ऐसे में आवश्यक नहीं हो जाता है कि देश को एक यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत है।

> केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मॉर्फ्ड तस्वीरें

डॉ. मोनिका शर्मा

तकनीक ही नहीं, विचार भी अपडेट होने चाहिए

हाल में आपत्तिजनक वस्त्रों में गंगा स्नान करती एक महिला का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो साझा करने वाले बहुत से यूजर्स ने न केवल महिला के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया बल्कि ऐसे कपड़ों में गंगा स्नान करने के लिए रोष भी जताया। हरिद्वार के हरकी पैड़ी जैसे पवित्र स्थल से आए इस वीडियो को लेकर लोगों ने धार्मिक स्थलों पर मर्यादा और अनुशासन बनाए रखने की बात भी कही। बाद में सामने आया कि यह वीडियो नकली है। असली वीडियो में महिला सलवार-सूट पहनकर स्नान करती दिखती है। मूल वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर एआइ से कपड़े बदलकर महिला को आपत्तिजनक कपड़ों में दिखाया गया। वस्तुतः इस वीडियो ने महिलाओं की निजता और सुरक्षा को लेकर अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। किसी सार्वजनिक स्थल पर स्त्रियों का सभ्य पहनावे में उपस्थित होना भी अब जोखिमपूर्ण हो गया है। ध्यातव्य है कि तकनीक के गलत इस्तेमाल का चिंतनीय उदाहरण बना यह वीडियो सोशल मीडिया क्रिएटर सोनम यादव का है। सोनम ने स्वयं इंस्टाग्राम पर दो वीडियो शेयर कर बताया कि वायरल वीडियो को एआई की मदद से बनाया गया है। उनके असली वीडियो के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की है। गौरतलब है कि इन्हीं दिनों अभिनेत्री शालिनी पांडे का भी टॉपलेस वीडियो सामने आया। शालिनी ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा था कि ' मेरा एआई-जनरेटेड वीडियो पूरी तरह से बनावटी है और इसमें मैं नहीं हूं।' कुछ समय पहले मराठी और हिंदी की चर्चित अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले की भी एआई-जनित तस्वीरें सोशल मीडिया हुई थीं। एक वीडियो जारी कर गिरिजा ने बताया था कि ' सोशल मीडिया पर बिना किसी नियम के ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाई और फैलाई जाती हैं। दुखद है कि चर्चित चेहरों से लेकर आम महिलाओं तक, एआई से बनी तस्वीरें और डीपफेक वीडियो महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते ऐसी घटनाएं डिजिटल यौन उत्पीड़न का रूप लेने लगी हैं। चिंतनीय है कि ऐसी नकली सामग्री की पहुंच भी बहुत अधिक होती है। मैकऐफी की 'सबसे खतरनाक सेलेब्रिटी -डीपफेक धोखे की सूची' रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 75 प्रतिशत लोग डीपफेक कंटेंट देखते हैं। वहीं 2020 से 2024 के बीच महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों में 118 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इनमें महिलाओं की मॉर्फ की गई तस्वीरों के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। जबकि निजता का हनन करने वाले ऐसे वीडियो से किसी महिला के लिए सामाजिक-पारिवारिक जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नकली कंटेन्ट को हटाने की प्रक्रिया भी आसान नहीं है। अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले ने अपनी मॉर्फ्ड तस्वीरें वायरल होने पर कहा था कि मेरी ये तस्वीरें इंटरनेट पर हमेशा रहेंगी। यह सोचकर मुझे डर लगता है कि मेरा बारह साल का बेटा इन्हें देखेगा।'

समझना कठिन नहीं कि किसी महिला का आपत्तिजनक फेक कंटेन्ट भी उसे असुरक्षित और अपमानित महसूस कराता है। ऐसी सामग्री की बार-बार चर्चा होती है। वायरल वीडियो के यहां-वहां दिखने और उस पर आई यूजर्स की असभ्य प्रतिक्रियाएं मानसिक तनाव बढ़ाती हैं। यही वजह है कि कुछ समय पहले भारत में डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए लोकसभा में रेगुलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। ज्ञात हो कि डीपफेक तकनीकी टूल्स के जरिये किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिलकुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। वास्तविक लगने वाले ऐसे कंटेन्ट का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ने वाली सोची-समझी करतूत होती है। असल में एआई टूल्स की सहज उपलब्धता इस समस्या की जड़ है। इन्टरनेट पर तस्वीरों को बदलने वाले एप्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहुंच में हैं, जिससे दुरुपयोग के मामले बढ़े हैं। रचनात्मक मोर्चे पर तकनीक का बेहतरीन उपहार मानी जाने वाली आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयार डीपफेक कंटेन्ट ने आमजन को कमोबेश सभी को भय और असुरक्षा के घेरे में ला दिया है। जबकि सृजनशील सोच के साथ तकनीक उपयोग करने वालों के लिए एआई वरदान से कम नहीं। आवश्यक है कि आमजन स्त्रियों की निजता का मान करना सीखें। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग अपने विचारों को भी अपडेट करें।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है

संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा

संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इसपर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

सटाका

आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लांड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लांड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए। यही कारण है कि आधुनिक वित्तीय व्यवस्था में धनशोधन की चुनौती लगातार जटिल होती जा रही है। - *चंद्रशेखर शर्मा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा*

ट्रेंड

आस्था के केंद्र

वडनगर (गुजरात) में स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर, भारतीय वास्तुकला और आस्था का एक अनूठा संगम है। इस मंदिर की बारीक नक्काशी और स्वयंभू शिवलिंग सदियों से आस्था के केंद्र रहे हैं।
-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

अंगदान संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर, दिल्ली के ऑनलाइन अंगदान संकल्प अभियान की शुरुआत की और अंगदान करने का अपना संकल्प भी दर्ज कराया। अंगदान के पीछे गहरी सोच है। एक जीवन की यात्रा पूरी होने के बाद भी, यह किसी और के लिए नई शुरुआत बन सकता है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

हार्दिक बधाई

शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई। हर घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। मैं उन सभी श्रमिकों और कारीगरों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूँ जो मेहनत और कौशल से देश की प्रगति को आगे बढ़ाते हैं।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र में लूट

राजस्थान में लोकतंत्र को खुलेआम लूटा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय का एक आईएएस अधिकारी कलेक्टरों और एसडीएम को धमका रहा है कि वे किसी भी तरह बीजेपी का बोर्ड बनवाएं। जो लोग मना करते हैं, उन्हें पुलिस ज़बरदस्ती उठा ले जाती है।
- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

नासा के यान ने चंद्रमा पर खोजा रोम के कोलोसियम से बड़ा गड्ढा



वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक ऐसे नए गड्ढे की खोज की है जो रोम के कोलोसियम से भी बड़ा है। यह गड्ढा दो साल पहले हुई एक शक्तिशाली टक्कर के कारण बना था, लेकिन उस समय इसका पता नहीं चल पाया था। करीब 728 फुट चौड़ा और 141 फुट तक गहरा यह गड्ढा हाल के समय में सौर मंडल में बना ज्ञात सबसे बड़ा प्रभाव-गड्ढा है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इतनी बड़ी टक्कर की घटना करीब 132 साल में एक बार होने का अनुमान है। नासा द्वारा चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आधार बनाने की तैयारी के बीच यह घटना वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने का दुर्लभ अवसर है। 'साइंस एडवांसेज' पत्रिका में बुधवार को प्रकाशित दो अध्ययनों में से एक में वैज्ञानिकों ने कहा कि यह घटना 'सांख्यिकीय रूप से दुर्लभ, लगभग जीवन में एक बार होने वाला अवलोकन' है। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने मई 2024 में चंद्रमा के पृथ्वी की ओर वाले हिस्से में इस गड्ढे को देखा था। यह किसी क्षुद्रग्रह या धूमकेतु के टुकड़े के चंद्रमा से टकराने के बाद बना था। पृथ्वी और अंतरिक्ष में मौजूद दूरबीनें वास्तविक समय में इस टक्कर का पता नहीं लगा सकीं।

ऑफ बीट

लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है



चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है- ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी, किया दर्शन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी जन्मभूमि वडनगर (गुजरात) से लेकर मौजूदा राजनीतिक कर्मभूमि वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक उत्सव जैसा माहौल है। उनके समर्थकों के अलावा देश के सांविधानिक पदों पर आसीन हस्तियां भी उन्हें बधाई दे रही हैं। गुरुवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। दोनों नेताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अनुष्ठान और जलाभिषेक कर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लिया। पूजन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

पीएम मोदी का जन्मदिनः देशभर में मना जश्न

राजनाथ सिंह और सीएम योगी काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ की पूजा करते हुए

रक्षा मंत्री ने कहा कि बाबा विश्वनाथ से पीएम के दीर्घायु जीवन और देश की सेवा करते रहने की प्रार्थना की गई। सीएम योगी ने भी पीएम के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना की

सीएम अधिकारी का बड़ा ऐलान

पीएम मोदी के जन्मदिन पर हरवर्ष अन्नपूर्णा दिवस मनाएगी सरकार

पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा दिवस के अवसर पर

आयोजित कार्यक्रम को पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया। उन्होंने बंगाल की माताओं और बहनों के प्रति आभार जताया। इस दौरान सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि अब हर वर्ष राज्य सरकार 17 सितंबर को अन्नपूर्णा दिवस मनाएगी।

25 पौधे लगाएः शिवराज सिंह

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, आईसीएआर के वैज्ञानिकों तथा वीबी-जी राम जी कार्यशाला में शामिल होने आए राज्यों के सरपंचों, अधिकारियों के साथ पौधा रोपा।

सीएम रेखा गुप्ता ने किया हवन

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पीएम नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर जीटी करनाल रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में हवन किया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिल्ली में सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत की।

सैंड आर्टिस्ट मानस कुमार साहू ने ओडिशा के पुरी तट पर रेत से कलाकृति बनाई। एक घंटे में तैयार इस कला के जरिए उन्होंने पीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप

पूर्व विधायक पर एफआईआर दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 22 वर्षीय एक महिला को कथित तौर पर बंदूक के बल पर बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र पवार और बर्खास्त सिपाही के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला का भिवंडी स्थित एक फार्महाउस में रेप किया गया था।

दिशा के पिता ने 500 करोड़ का नोटिस भेजा

मुंबई। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियन की मौत के मामले में उनके पिता सतीश सालियान ने आदित्य ठाकरे और एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख से 500 करोड़ रुपए का कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि दोनों नेताओं ने मामले को राजनीति से प्रेरित बताया।

जयपुर में बिल्डिंग में आग, 25 दुकानें जलीं

जयपुर। जयपुर में त्रिपोलिया बाजार के मणिहारों का कटला में 3 मंजिला सेठी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार सुबह 7 बजे भीषण आग लग गई। दूसरी मंजिल पर चूड़ियों के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। धीरे-धीरे 25 दुकानें आग की चपेट में आ गईं। इनमें कपड़ों के गोदाम, प्लास्टिक का सामान, कॉस्मेटिक आइटम और चूड़ियों की दुकानें थीं।

ताजमहल के पास रिसॉर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



आगरा। यूपी के आगरा में ताजमहल के पास ताजगंज क्षेत्र में जलमा संस्थान के पास स्थित ताज रिजॉर्ट को मिले ईमेल में दावा किया गया था कि रिसॉर्ट में बम रखा गया है और आने वाले कुछ दिनों में कभी भी ब्लास्ट हो सकता है। हालांकि, बम डिस्पोजल स्क्वाड को जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से 14,376 शिक्षक करेंगे ये कोर्स

बीएड डिग्री वाले शिक्षकों के लिए छह महीने के अनिवार्य 'ब्रिज कोर्स' की हुई शुरुआत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीएड (बैचलर ऑफ एजुकेशन) की डिग्री के साथ प्राथमिक स्कूलों में सहायक अध्यापक के रूप में पढ़ाने वाले सेवारत शिक्षकों के लिए छह महीने के अनिवार्य ब्रिज कोर्स की औपचारिक शुरुआत हो गई है। अब तक इसके लिए देशभर के कुल 76 हजार 731 शिक्षकों ने आवेदन किया है। जिसमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर काबिज हुआ है। सूबे से 35 हजार 440 शिक्षकों ने कोर्स के लिए आवेदन किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बीते बुधवार को दिल्ली में इस पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया।

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला बना आधार

दरअसल इस पाठ्यक्रम की शुरुआत के पीछे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगभग दो साल पहले 8 अप्रैल 2024 को देवेश शर्मा बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले को लेकर दिया गया फैसला है। जिसमें शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को प्राथमिक स्तर वाले उन शिक्षकों के लिए एक ब्रिज पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। जिनके पास डी.ईएल.ईएड की योग्यता नहीं थी। मूलरूप से ये वो शिक्षक थे जिनकी नियुक्ति 28 जून 2018 से 11 अगस्त 2023 के बीच प्राथमिक स्कूलों में अध्यापन के लिए बीएड डिग्री के साथ की गई थी। कोर्स की मुख्य शर्त ये है कि इसकी शुरुआत के एक वर्ष के भीतर एक बार में ही शिक्षकों को इसे पूरा करना पड़ेगा। जो शिक्षक ऐसा नहीं करेगा, उसकी नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा।

मूलरूप से ये वो शिक्षक थे जिनकी नियुक्ति 28 जून 2018 से 11 अगस्त 2023 के बीच प्राथमिक स्कूलों में अध्यापन के लिए बीएड डिग्री के साथ की गई थी। कोर्स की मुख्य शर्त ये है कि इसकी शुरुआत के एक वर्ष के भीतर एक बार में ही शिक्षकों को इसे पूरा करना पड़ेगा

देशभर से आए 76 हजार 731 आवेदन इनमें सर्वाधिक यूपी से 35 हजार 440

शुरुआत के एक वर्ष के भीतर एक बार में ही शिक्षकों को इसे पूरा करना पड़ेगा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी नई दिल्ली में ब्रिज कोर्स का शुभारंभ करते हुए

एनआईओएस को मिली कोर्स कराने की जिम्मेदारी

मंत्रालय ने बताया, एनसीटीई से मान्य इस विशेष कोर्स को कराने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) को सौंपी गई है। जिसमें अकादमिक अध्ययन के साथ 10 दिन की ऑनलाइन संपर्क कक्षाएं और 20 दिनों का विद्यालय आधारित अनुभव शामिल होगा। एनआईओएस के सक्षमता निर्माण प्रकोष्ठ के उप-निदेशक डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि कोर्स से शिक्षकों को बाल केंद्रित, समावेशी व बाल विकास के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया जाएगा।

दिल्ली, हरियाणा, मप्र, छत्तीसगढ़ से मिले आवेदन

इस पाठ्यक्रम के लिए मिले 76,731 शिक्षकों के आवेदनों में पुरुष शिक्षकों की संख्या 38,235, महिला शिक्षकों की संख्या 38,458 और 8 ट्रांसजेंडर शिक्षक भी शामिल हैं। दिल्ली से 792, हरियाणा से 708, मध्य प्रदेश से 11,373 और छत्तीसगढ़ से 1,503 शिक्षकों ने आवेदन किए हैं।

ये है बाकी राज्यों की स्थिति

पश्चिम बंगाल से 6 हजार 948, उत्तराखंड से 828, राजस्थान से 570, पंजाब से 1 हजार 382, महाराष्ट्र से 1 हजार 44, गुजरात से 476, बिहार से 8 हजार 290, आंध्र-प्रदेश से 242, अरुणाचल-प्रदेश से 155, असम से 1 हजार 569, चंड़ीगढ़ से 311, हिमाचल-प्रदेश से 563, जम्मू-कश्मीर से 498 शिक्षकों ने कोर्स के लिए आवेदन किया है। पाठ्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव टीके. अनिल कुमार, संयुक्त सचिव प्राची पांडे, निदेशक भगवती प्रसाद कलाल और एनआईओएस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पोर्टल करेगा मदद

शिक्षक पाठ्यक्रम में https://bridge.nios.ac.in पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन कर सकेंगे। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करेंगे। निर्धारित डैशबोर्ड के माध्यम से अपने प्रवेश की स्थिति को देखेंगे। कोर्स की अध्ययन सामग्री डिजिटल प्रारूप में मिलेगी। शिक्षक अपने लिए डिजिटल और इंटरैक्टिव सामग्री उपयोग कर सकेंगे।

ममता और ऋतब्रत गुट को झटका

टीएमसी का नाम-सिंबल फ्रीज आयोग ने आज मांगे 3 ऑप्शन

ममता बेनर्जी और ऋतब्रत बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर चल रही लड़ाई में चुनाव आयोग ने अंतरिम आदेश जारी किया है। आयोग ने ममता बेनर्जी और ऋतब्रत बेनर्जी के नेतृत्व वाले दोनों गुटों को आगामी विधानसभा उपचुनाव में टीएमसी के नाम और पार्टी के मौजूदा चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। आयोग ने दोनों गुटों से 18 सितंबर तक अपने-अपने गुटों के लिए तीन-तीन नाम और चुनाव आयोग की फ्री सिंबल लिस्ट से तीन-तीन चुनाव चिन्ह के विकल्प देने को कहा है। यह व्यवस्था फिलहाल उपचुनाव के लिए लागू होगी। आयोग ने गुरुवार को जारी अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि दोनों गुट में से कोई भी 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम का सीधा इस्तेमाल नहीं कर सकेगा।

उप चुनाव तक ही रहेगी यह अंतरिम व्यवस्था

आयोग ने दोनों पक्षों को निर्देश दिया है कि वे 18 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे तक अपने गुट के लिए तीन नामों के विकल्प और तीन फ्री सिंबल के विकल्प (वरीयता क्रम में) जमा करें। यह अंतरिम व्यवस्था सिर्फ मौजूदा उपचुनावों के लिए लागू रहेगी और सिंबल्स ऑर्डर 1968 के पैरा 15 के तहत विवाद के अंतिम फैसले तक जारी रहेगी। आदेश पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के हस्ताक्षर हैं। बता दें, चुनाव आयोग इससे पहले भी पार्टी में टूट के बाद चुनाव चिन्ह फ्रीज कर चुका है। 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) में चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस के बीच विवाद के बाद पार्टी का 'बंगला' चुनाव चिन्ह फ्रीज किया गया था। इसके बाद 2022 में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच शिवसेना को लेकर विवाद के दौरान आयोग ने पार्टी के 'धनुष-बाण' चुनाव चिन्ह को भी फ्रीज कर दिया था।

बंगाल में 6 अक्टूबर को होना है उपचुनाव

पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव होना है। दोनों सीटों पर टीएमसी के दोनों गुटों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं और पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह पर दावा किया है। गुरुवार को चुनाव आयोग ने दोनों गुटों की अलग-अलग सुनवाई की। पहले ऋतब्रत बेनर्जी के नेतृत्व वाला गुट आयोग के सामने पहुंचा। सुनवाई के बाद ऋतब्रत बेनर्जी ने कहा कि उन्होंने आयोग के सवालों का जवाब दिया और जल्द फैसला लेने की मांग की है। इसके बाद ममता बेनर्जी के गुट की ओर से कल्याण बेनर्जी ने अंतरिम आदेश का विरोध किया। उनका कहना था कि ऐसा कोई आदेश जारी करने का आधार नहीं है।

मणिपुर के राहत कैंपों में मौतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

34 में केवल 20 के पोस्टमार्टम पर सवाल, सीएस से मांगा हलफनामा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में 2023 की हिंसा के दौरान विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए राहत कैंपों में हुई मौतों को लेकर चिंता जताई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची व वी. मोहना की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव को मौतों, खासकर असामान्य मौतों की जांच और उठाए गए सुरक्षा कदमों पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने सवाल किया कि राहत कैंपों में हुई 34 मौतों में केवल 20 मामलों में पोस्टमार्टम

क्यों कराया गया। कोर्ट ने यह भी पूछा कि असामान्य मौतों के मामलों में विस्थापितों के परिजनों को महज 20 से 30 हजार का मुआवजा क्यों दिया गया। कोर्ट ने मुख्य सचिव से यह भी बताने को कहा कि जस्टिस गीता मित्तल समिति की रिपोर्ट में सामने आई जानकारी पर अब तक क्या ठोस कार्रवाई की गई।

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला

केरलम के पूर्व डीजीपी थाचनकारी को 4 साल का सश्रम 'कारावास'

एजेंसी ▶▶ कोट्टयम (केरलम)

केरलम की एक अदालत ने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में केरलम के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) टोमिन जे. थाचनकारी को गुरुवार को चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। खबरों के अनुसार, केरलम में यह पहला मामला है जिसमें डीजीपी स्तर के किसी अधिकारी को आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के मामले में सजा सुनाई गई है। कोट्टयम सतर्कता अदालत के न्यायाधीश के.वी.

रजनीश ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाचनकारी को दोषी पाया। अदालत ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी के खिलाफ 30.84 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने थाचनकारी को तिरुवनंतपुरम की पुजप्पुरा केंद्रीय जेल भेजने का आदेश दिया।

दुनिया के सबसे ऊंचे स्थान पर फूलों की खेती

40 एकड़ में 25 लाख से अधिक फूल

लेह। लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर लेह में दुनिया के सबसे ऊंचे स्थान पर बने फूलों के खेतों का उद्घाटन किया। लेह में चोगलमसर और स्टकना में 40 एकड़ में फैले इन दो खेतों में 25 लाख से ज्यादा कीमती फूल, 24 लाख लिलीयम और 1 लाख ग्लैडियोलस लगे हैं। ये देश के सबसे ऊंचे और सबसे बड़े फूलों के खेत भी हैं। सिर्फ़ दो महीने के रिकॉर्ड समय में तैयार किए गए। ये फूलों के खेत, किसानों को सशक्त बनाने और खेती में विविधता लाकर उनकी आय बढ़ाने के उनके विज़न को पूरा करते हैं।

दवाओं की बिक्री पर सरकार सख्त, ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव का प्रस्ताव

बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी कई दवाएं, सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने शेड्यूल एच, एच1 और एक्स दवाओं की रेगुलेटरी निगरानी को मजबूत करने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इस बदलाव के तहत देश भर के मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य करने की योजना है। प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाना और फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है।

दवाओं का गलत इस्तेमाल गंभीर खतरा

मंत्रालय के मुताबिक, शेड्यूल एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाएं बेहद संवेदनशील हैं। इनमें एंटीबायोटिक्स, साइकोट्रॉपिक दवाएं, नशीली दवाओं वाले पेनकिलर और कई अन्य शक्तिशाली दवाएं शामिल हैं, जिनका गलत इस्तेमाल सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

अनधिकृत बिक्री पर लगेगी रोक

मंत्रालय का मानना है कि मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरे लगने से हर बिक्री का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि कौन सी दवा किस पर्चे पर और किसे बेची गई।

'हैदराबाद मुक्ति दिवस' समारोह में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन बोले

पटेल ने रियासतों के भारतीय संघ में विलय में असाधारण जिम्मेदारी निभाई

17 सितंबर 1948 को निजाम की सेना ने किया था आत्मसमर्पण

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कहा कि देश के पहले उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद रियासतों का भारतीय संघ में विलय करने में असाधारण जिम्मेदारी निभाई तथा मजबूत, एकजुट 'एक भारत' की नींव रखी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि केवल पटेल की वजह से ही 'एक भारत' हमेशा 'एक भारत' बना रहेगा। हैदराबाद रियासत के भारतीय संघ में विलय की वर्षगांठ पर केंद्र सरकार द्वारा आयोजित 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पटेल के योगदान को राष्ट्रीय एकीकरण के व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सिकंदराबाद के युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की

'एक भारत' की मजबूत नींव रखी

उपराष्ट्रपति ने कहा कि उस समय हैदराबाद का मुद्दा सबसे जटिल मुद्दों में एक था और जब बातचीत विफल हो गई तो भारत सरकार ने 13 सितंबर, 1948 को 'ऑपरेशन पोलो' शुरू किया। यह अभियान 17 सितंबर, 1948 को निजाम की सेना के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ। राष्ट्रीय एकीकरण में पटेल के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री ने उस समय एक असाधारण जिम्मेदारी निभाई जब भारत विभाजन के घावों से उबर रहा था और साथ ही सैकड़ों रियासतों का एक संघ में विलय कर रहा था। राधाकृष्णन ने कहा कि पटेल ने एक मजबूत, एकजुट 'एक भारत' की मजबूत नींव रखी।

हैदराबाद संघर्ष में कई लोगों का त्याग

हैदराबाद संघर्ष के पीछे के जनांदोलन को श्रद्धांजलि देते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि छात्रों, बुद्धिजीवियों, लेखकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, किसानों और आम नागरिकों ने इस संघर्ष में भाग लिया तथा कठिनाइयों का सामना किया।

अनेकता में एकता भारत की पहचान

उपराष्ट्रति ने कहा कि अनेकता में एकता भारत की पहचान है। भारत की एकता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि हर नागरिक एक जैसा हो।

भारतीय रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में नया अध्याय

एचएएल आज वायुसेना को एलसीए तेजस जेट ट्रेनर एयरक्राफ्ट और ध्रुव हेलिकॉप्टर भी सौंपेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) आज शुक्रवार को बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस के फाइनल ऑपरेशनल क्लियरेंस (एफओसी) ट्विन सीटर ट्रेनर और एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट सौंपेगा। साथ ही पवन हंस लिमिटेड (पीएचएल) को ध्रुव नेक्स्ट जनरेशन (एनजी) हेलिकॉप्टर दिए जाएंगे।

यह कार्यक्रम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू की उपस्थिति में होगा। इसके अलावा वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार और एचएएलसीएमडी रवि के. सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

बेंगलुरु में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में होगा समारोह

आत्मनिर्भरता और उद्योग विस्तार की दिशा में बड़ा कदम

घरेलू एयरोस्पेस ईकोसिस्टम होगा मजबूत

यह समारोह भारत की आत्मनिर्भरता यात्रा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है, जो दिखाता है कि एचएएल और उसके उद्योग साझेदार घरेलू एयरोस्पेस इकोसिस्टम को मजबूत करने में कितनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सरकार एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को उच्च प्राथमिकता दे रही है। इन प्लेटफॉर्मों की डिलीवरी विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। एचएएल अब सिर्फ सैन्य विमान ही नहीं, बल्कि नागरिक हेलिकॉप्टर भी बना रहा है।

तेजस कार्यक्रम लंबे समय से चल रहा

तेजस कार्यक्रम लंबे समय से चल रहा है और एमके-1ए के बड़े ऑर्डर भी पाइपलाइन में हैं। एचटीटी-40 पायलट प्रशिक्षण को स्वदेशी बनाएगा, वहीं ध्रुव एनजी नागरिक उड्डयन क्षेत्र को मजबूत करेगा। यह सब मिलकर भारत को एक वैश्विक एयरोस्पेस हब बनाने में मदद करेगा। आज यानी 18 सितंबर का यह समारोह सिर्फ विमानों की डिलीवरी भर नहीं, बल्कि देश की तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन भी है। रक्षा और नागरिक क्षेत्रों में स्वदेशी प्लेटफॉर्मों के आने से आत्मनिर्भरता और मजबूत होगी, और यह घटना भारतीय रक्षा तथा उड्डयन उद्योग के लिए गर्व का क्षण है।

एलसीए तेजस दो सीटर

- सौंपे जाने वाले ये अंतिम दो विमान हैं, जो मूल 40 विमानों के ऑर्डर को पूरा करेंगे।
- यह ऑर्डर 2006 और 2010 में दिया गया था, जिसमें 32 सिंगल सीटर और 8 ट्विन सीटर शामिल थे।
- ये अंतिम दो ट्रेनर एफओसी (फाइनल ऑपरेशनल क्लियरेंस) कॉन्फिगरेशन में हैं।
- इनसे आईएएफ को लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए ऐसे स्वदेशी जेट मिलेंगे जो असली तेजस फाइटर जैसा ही अनुभव देते हैं।

बेसिक ट्रेनर एचटीटी-40

- यह पूरी तरह स्वदेशी टर्बोप्रॉप ट्रेनर विमान है
- यह वायुसेना के शुरुआती पायलट प्रशिक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण विमान है
- 70 विमानों का ऑर्डर दिया गया है, और यह पहली खेप में सौंपा जा रहा है
- पहले इंजन सप्लाई में देरी के कारण डिलीवरी रुकी हुई थी, जो अब शुरू हो रही है

ध्रुव एनजी हेलिकॉप्टर

- ये हेलिकॉप्टर नागरिक उपयोग के लिए बनाए गए हैं
- पवन हंस ने कुल 10 हेलिकॉप्टर ऑर्डर किए थे, जिनमें से चार इस समारोह में सौंपे जाएंगे
- इनका इस्तेमाल ऑफशोर ऑपरेशन, इमरजेंसी मेडिकल सर्विस और यात्री परिवहन में किया जाएगा
- इनमें आधुनिक ग्लास कॉकपिट और उन्नत सुरक्षा फीचर लगे हैं

खबर संक्षेप

जयशंकर ने भूटान पीएम से की मुलाकात

थिंपू। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को थिंपू में भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की और कहा कि भारत भूटान की प्रगति व समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जयशंकर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को भूटान पहुंचे थे।

केन्या में अपहृत तीन भारतीयों को स्वदेश भेजा

नई दिल्ली। केन्या में अपहृत पंजाब के तीन भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश भेज दिया गया है। नैरोबी स्थित भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने केन्या के आपराधिक जांच निदेशालय (डीसीआई) के साथ मिलकर तीनों के बचाव व वापसी में मदद की।

हूती ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत

काहिरा। सऊदी नागरिक सुरक्षा विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि हूती ड्रोन को बीच में ही रोककर नष्ट किए जाने के बाद गिरे मलबे से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि देश के पश्चिमी हिस्से में स्थित ताइफ प्रांत में एक यमनी नागरिक की मौत हो गई।

ब्रिक्स सम्मेलन के बाद विश्व नेताओं के बीमार होने का दावा फर्जी

ब्रिक्स के बाद दुनिया के कई नेताओं की बिगड़ी तबीयत, एमईए ने कहा- भ्रामक पोस्ट से बचें

सिरिल रामाफोसा को फूड पॉइजनिंग का शिकार बताया गया, जबकि शी जिनपिंग से जुड़ी रिपोर्टें अपुष्ट रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय (एमईए) की फैक्ट चेक टीम ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे कई भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण पोस्टों को लेकर लोगों को सावधान किया। इन पोस्टों में दावा किया जा रहा था कि भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद कई विश्व नेता बीमार पड़ गए हैं। एमईए फैक्ट चेक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, भ्रामक! लोगों को सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे ऐसे दुर्भावनापूर्ण पोस्टों से सावधान रहना चाहिए। एमईए फैक्ट चेक ने 'फर्स्ट स्क्वाक' नामक अकाउंट की एक पोस्ट भी साझा की।

पोस्ट में दावा किया गया था, बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा सहित कई विश्व नेता भारत में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद कथित रूप से बीमार पड़ गए हैं। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में रिपोर्टों की पुष्टि नहीं हुई है। फैक्ट चेक टीम ने 'अनयूजुअल व्हेल्स' की एक पोस्ट भी साझा की, जिसमें कहा गया था, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा समेत कई विश्व नेता, और कथित रूप से चीन के शी जिनपिंग भी, ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद बीमार पड़ गए हैं, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। एमईए फैक्ट चेक ने 'रॉ एग नेशनलिस्ट' नामक अकाउंट की एक पोस्ट भी साझा की।

दावा था कि ब्रिक्स सम्मेलन में भारत आने के बाद कई विश्व नेता बीमार पड़ गए, जो भ्रामक निकला

ब्रिक्स-2006 सम्मेलन में शामिल नेता फाइल फोटो

एमईए ने फर्स्ट स्क्वॉक, अनयूजुअल व्हेल्स, रॉ एग नेशनलिस्ट जैसे कई अकाउंट्स की पोस्टों को भ्रामक बताया

एक पोस्ट में सम्मेलन के भोजन का वीडियो दिखाकर बीमारी का दावा किया गया इसे भी ने खारिज किया

फूड पॉइजिंग: फेक निकली

इस पोस्ट में एक वीडियो के साथ लिखा गया था, विशेषः मैं अब ब्रिक्स सम्मेलन के लिए तैयार किए गए भोजन का पहला वीडियो दिखा सकता हूं, जिसने कथित तौर पर शी जिनपिंग और सिरिल रामाफोसा को बीमार कर दिया। फैक्ट चेक टीम ने 'डक्का-डक्का' नाम के एक यूजर की पोस्ट का भी उल्लेख किया। इस पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित कुछ नेताओं को भारत में आयोजित ब्रिक्स कार्यक्रम के दौरान फूड पॉइजनिंग हो गई थी। एमईए फैक्ट चेक ने इस दावे को भ्रामक बताया। इसके अलावा, 'ब्रिक्स न्यूज' नामक 'एक्स' अकाउंट की एक पोस्ट भी साझा की गई, जिसमें दावा किया गया था, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा भारत में ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद बीमार हो गए।

भ्रामक निकले तथ्य

एमईए फैक्ट चेक ने इस दावे को भी भ्रामक करार दिया। फैक्ट चेक टीम ने 'इमैनुएल किमुताई मोटेलिन' की एक पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया था, भारत में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद कई विश्व नेता कथित रूप से बीमार पड़ गए हैं। इस दावे को भी एमईए फैक्ट चेक ने भ्रामक बताया। इसके अलावा 'मैव्रिक' नाम के एक यूजर की पोस्ट भी साझा की गई, जिसमें भारत से लौटे दो विश्व नेताओं की खराब सेहत को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की गई थी। एमईए फैक्ट चेक ने संकेत दिया कि इस तरह की टिप्पणियां भी भ्रामक जानकारी फैलाने वाली पोस्टों का हिस्सा हैं।

दुनिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा

सम्मेलन में दुनिया में बढ़ रहे तनाव और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। ब्रिक्स देशों ने एकतरफा दंडात्मक, भेदभावपूर्ण और संरक्षणवादी कदमों का विरोध किया। इन देशों का कहना है कि ऐसे कदम अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक नहीं हैं। घोषणा में कार्बन सीमा समायोजन जैसे एकतरफा उपायों का भी जिक्र किया गया। ब्रिक्स देशों के मुताबिक, ऐसे कदम विकासशील देशों के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने, उसके असर को कम करने और अपनी क्षमता मजबूत करने की कोशिशों पर असर डाल सकते हैं।

दिल्ली में हुआ था सम्मेलन

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12 और 13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में हुआ था. भारत ने 11 सदस्यीय ब्रिक्स समूह की इस बैठक की मेजबानी की. सम्मेलन में दुनिया के सामने मौजूद कई बड़े मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक में वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाने, व्यापार, निवेश और विकास के साथ-साथ दुनिया में बदल रहे हालात पर भी बात हुई।

भारत पर बढ़ा 100% टैरिफ का खतरा

यूएस की संसद में पारित हुआ रूस-ईरान प्रतिबंध अधिनियम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट और यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका से भारत की चिंता बढ़ाने वाली एक जानकारी सामने आई है। जिसमें ये पता चला है कि दुनिया के इस सबसे ताकतवर मुल्क की संसद यानी कांग्रेस ने रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने वाले 'द लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है।

इसी के साथ अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भविष्य में इन दोनों देशों से ऊर्जा उत्पादों (कच्चे तेल, डीजल) की खरीद करने वाले देशों जैसे भारत, चीन व अन्य पर 100% टैरिफ लगाने का पूरा अधिकार मिल गया है। हालांकि अभी इस अधिनियम पर अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने बाकी हैं। बाद में यह आधिकारिक रूप से कानून का रूप ले लेगा।

अलग-अलग देशों से करेंगे तेल खरीदः भारत

यह मामला बेहद गंभीर है। इसलिए विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को तत्काल आधार पर एक बयान जारी कर सख्त अंदाज में देश का रुख साफ करते हुए बताया कि अमेरिका की संसद में पारित किए गए इस अधिनियम का मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। इस बाबत आगामी समय में होने वाले सभी घटनाक्रमों पर हमारी कड़ी नजर रहेगी। लेकिन यहां ये भी स्पष्ट करना जरूरी हो जाता है कि भारत के लिए मामले में सबसे बड़ी प्राथमिकता उसके 140 करोड़ देशवासियों के ऊर्जा हितों की रक्षा करना ही रहेगा। हम दुनिया के अलग-अलग देशों से ऊर्जा उत्पादों की खरीद करते रहेंगे।

उद्योग संगठनों संग मिलकर करेंगे काम

नई दिल्ली ने ये भी स्पष्ट किया है कि वो अपने व्यापारिक और आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए संकल्पबद्ध है। वहीं, केंद्र सरकार अधिनियम के प्रभावों से मुकाबला करने के लिए देश के व्यापार व उद्योग संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से काम करेगी। गौरतलब है कि इस अधिनियम को अमेरिकी सीनेट ने पिछले अगस्त महीने में ही पारित कर दिया था।

बंगाल एसटीएफ को बड़ी सफलता

2 करोड़ का इनामी माओवादी नेता असीम मंडल गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। करीब दो करोड़ रुपए के इनामी शीर्ष माओवादी नेता असीम मंडल उर्फ आकाश को कोलकाता पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने गुरुवार तड़के पूर्व मेदिनीपुर के पोटाशपुर से गिरफ्तार किया।

सूत्रों के मुताबिक, संगठन के कमजोर पड़ने और कई बड़े नेताओं के आत्मसमर्पण के बावजूद आकाश ने हथियार डालने से इनकार कर दिया था। वह पैसे जुटाने के लिए अपने ससुराल पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। 64 वर्षीय

आकाश पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोना के फूलचक गांव का रहने वाला है। वह 1980 के दशक में अतिवामपंथी राजनीति से जुड़ा और बाद में पीपुल्स वार ग्रुप में शामिल हुआ। सीपीआई (माओवादी) के गठन के बाद उसने पश्चिम बंगाल और झारखंड में संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं।

आंदोलन में भूमिका

लालगढ़ आंदोलन के दौरान भी उसकी अहम भूमिका बताई जाती है। 2010 में तत्कालीन बंगाल राज्य सचिव की गिरफ्तारी के बाद आकाश को संगठन की राज्य स्तरीय जिम्मेदारी मिली थी।सूत्रों के मुताबिक, दस्ते के पास मौजूद पैसे भी पुलिस के हाथ लग गए थे। इसके बाद आर्थिक तंगी के कारण आकाश पोटाशपुर स्थित अपने ससुराल पहुंचा था। उसकी पत्नी के भी माओवादी संगठन से जुड़े होने की बात सामने आई है। एसटीएफ लंबे समय से इस ठिकाने पर नजर रख रही थी।

ब्रिटेन में हर्जाने की उम्मीद

भारत निर्वासन से पहले अलग रखे गए हिंदू-मुस्लिम दंपती

एजेंसी ▶▶ लंदन

अंतरधार्मिक विवाह के कारण उत्पीड़न की आशंका जताते हुए ब्रिटेन में शरण मांगने वाले एक मुस्लिम व्यक्ति और उसकी हिंदू पत्नी ने हिरासत के दौरान एक-दूसरे से अलग किए जाने के खिलाफ दायर कानूनी मामले में जीत हासिल की है।

दोनों को वापस भारत भेजे जाने से पहले अलग-अलग हिरासत में रखा गया था और इसके लिये उन्हें हर्जाना मिल सकता है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश साइमन टिंक्लर ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि हिरासत के दौरान दंपति को अलग रखने से उनके पारिवारिक जीवन के अधिकार का उल्लंघन हुआ और गृह मंत्रालय को मानवाधिकारों पर यूरोपीय संधि (ईसीएचआर) के अनुच्छेद आठ के तहत हर्जाना देना पड़ सकता है। न्यायमूर्ति टिंक्लर ने अपने फैसले में कहा कि दंपति को आव्रजन हिरासत केंद्र में पुरुष और महिला आवास क्षेत्रों में अलग-अलग रखा गया था। फैसले में कहा गया, याचिकाकर्ता पति-पत्नी थे। जब वे आव्रजन हिरासत केंद्र में थे, उस दौरान उन्हें क्रमशः पुरुष और महिला आवास क्षेत्रों में अलग-अलग रखा गया।

उधमपुर में रातभर चला ऑपरेशन

जंगलों में रातभर तड़तड़ाती रहीं गोलियां, सुबह तक 2 आतंकी ढेर

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों ने गुरुवार को दो आतंकियों को ढेर कर दिया। रात भर चले ऑपरेशन के बाद जवानों को यह सफलता हासिल हुई। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर रात को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के एक जंगली इलाके में आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की जानकारी मिलने के बाद बुधवार रात करीब 9 बजे सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने

मजाल्टा के दूर-दराज इलाके ब्रटेल सोन और खुब्बन में एक संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन शुरू होने के कुछ ही देर बाद जंगल में गोलीबारी और धमाकों की आवाजें सुनी गईं। माना जा रहा है कि सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध ठिकाने को निशाना बनाते हुए ये कार्रवाई की थी।

8 रॉकेट दागे थे

इस बीच अभियान में दो आतंकी मारे गए। जानकारी के अनुसार, जैसे ही आतंकियों को यह भनक लगी कि सुरक्षाबल जंगल तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने जवानों पर सात से आठ रॉकेट दागे और चौकसी के लिए ड्रोन से भी निगरानी की। लेकिन जवानों ने चौकन्ना रहकर अभियान का अंजाम दिया और आतंकियों को मार गिराया। फिलहाल, यह अभियान जारी है। ऐसी संभावना है कि और भी आतंकी जगलों में छिपे हों। सुरक्षाबल की अतिरिक्त टुकड़ियां मुठभेड़ स्थल की ओर रवाना कर दी गई हैं और सुरक्षाबल के उच्चाधिकारी पूरी घटना पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

पोत टक्कर पर तनाव

भारत के विरोध के बाद पाक ने भी बुलाया भारतीय डिप्लोमेट

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अरब सागर में भारतीय और पाकिस्तानी युद्धपोतों की टक्कर के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। 15 सितंबर की शाम नियमित निगरानी पर तैनात भारतीय युद्धपोत के पास पाकिस्तानी पोत हुनैन तेज गति से पहुंचा और गैर-पेशेवर तरीके से संचालन किया, जिससे टक्कर हो गई। सूत्रों के अनुसार हुनैन को भारी नुकसान पहुंचा, जबकि भारतीय जहाज को ज्यादा क्षति नहीं हुई। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी साद वराइच को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसे 1991 के द्विपक्षीय समझौते के अनुच्छेद 10 का उल्लंघन बताया। कुछ घंटों बाद पाकिस्तान ने भी इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के प्रभारी को तलब कर लिया। पाकिस्तान का दावा है कि उसकी नौसेना उस समय 'सीस्पार्क-26' अभ्यास कर रही थी और भारतीय जहाज उसके पोत के करीब आक्रामक तरीके से घूमा।

जैश सरगना मसूद अजहर पर नौटंकी करने वाले पाक को भारतीय राजदूत ने दिखाया आईना

यूएन के मंच पर बोले पी. हरीश

किसी गुफा में नहीं बल्कि अनुकूल माहौल संग घनी आबादी के बीच छिपे बैठे थे 9/11 हमले के साजिशकर्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार जैश-ए-मोहम्मद के सरगना आतंकवादी मसूद अजहर को भगोड़ा बताकर उस पर 70 लाख की इनाम राशि घोषित करने वाली पाकिस्तान की हालिया नौटंकी अब उस पर ही भारी पड़ रही है।

ताजा मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में हुई बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और वरिष्ठ राजदूत पर्वतनेनी हरीश द्वारा दिए गए एक महत्वपूर्ण बयान

से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने पड़ोसी दुश्मन देश को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि अमेरिका पर 11 सितंबर 2001 में किए गए आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता किसी गुफा में छिपकर नहीं बैठे थे। बल्कि उनकी मौजूदगी पाकिस्तानी शहरों में एक सुरक्षित वातावरण में सघन आबादी के बीच बनी हुई थी। ये वही अनुकूल माहौल या समर्थन है, जो वर्तमान समय में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों को प्रदान किया जा रहा है। बताते चलें कि 11 सितंबर को उक्त हमले की 25वीं बरसी के मौके पर परिषद ने एक अध्यक्षीय वक्तव्य को भी अपनाया है। जिसमें इसकी पुरजोर अंदाज में की गई कड़ी निंदा की एक बार फिर से पुष्टि की गई है। ये वक्तव्य दरअसल फ्रांस की अध्यक्षता में 5 वर्षों में आतंकवाद-रोधी विषय पर अपनाया गया परिषद का पहला अध्यक्षीय वक्तव्य था।

ये हमला आतंकवाद को लेकर बना टर्निंग प्वाइंट

भारतीय राजनयिक के मुताबिक, यह हमला दुनिया में आतंकवाद के मामले में एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है। क्योंकि इसके बाद ही अमेरिका समेत समस्त अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस चुनौती से मुकाबला करने के लिए वैश्विक अभियान का समर्थन किया। उन्होंने इस हमले को अंजाम देने वाले अलकायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन और अन्य आतंकियों की पाकिस्तानी शहरों में मौजूदगी और उन्हें पकड़ने की पूरी कवायद का भी विस्तार से उल्लेख किया। साथ ही बताया कि अलकायदा ने अपने आतंकी तंत्र को सहयोगी संगठनों के मार्फत अफगानिस्तान के बाहर स्थापित किया है। लादेन ने हमले की साजिश रची और इसके लिए धन जुटाया।

25वीं बरसी पर किया स्मारक का दौरा

हरीश ने कहा, पिछले सप्ताह 11 सितंबर को हमले की 25वीं बरसी के मौके पर परिषद के पाकिस्तान समेत अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने लोअर मैनहट्टन में मौजूद स्मारक का दौरा किया था। जबकि महीने की शुरुआत में सभी सदस्य देश इस भयावह आतंकी हमले से जुड़े घटना स्थल पर भी गए थे। पीड़ितों की स्मृति मानवता के सबसे बड़े दुश्मन माने वाले आतंकियों के खिलाफ लड़ने के लिए हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी। बल्कि उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी बल प्रदान करेगी। जो ऐसे लोगों को सहायता जैसे शरण देना, उकसाना, वित्तपोषण प्रदान करते हैं।

मंदिरों में भी जुटे लोग, हवन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान किए

विश्वकर्मा जयंती पर कारखानों में पूजा के साथ समाज के लोगों ने अपने आराध्य के निकाले चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वकर्मा पूजन महोत्सव गुरुवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। कारखाने व मंदिरों में शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना हुई। शहर के विश्वकर्मा मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन सहित धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गईं। इस दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से कन्यापूजन, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। शहर में जगह-जगह आयोजन किए गए। शहर में भगवान विश्वकर्मा के 13 मंदिर है, जहां अभिषेक, पूजा, अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मां कंकाली धाम प्रांगण में भगवान विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा का अभिषेक, पूजन, हवन, महाआरती की गई। यहां शहर से शोभायात्रा भी पहुंची। इधर, विश्वकर्मा मंदिर बागसेवनिया बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भगवान का पूजन कर विश्वकर्मा मंदिर समिति को शुभकामनाएं प्रेषित की।

राजधानी के बजरिया और पीरगेट क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती पर निकले चल समारोह में शामिल श्रद्धालु।

यहां भी हुए आयोजन

- अयोध्या नगर विश्वकर्मा मंदिर से भेल क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाली गई।
- संत हिरदाराम नगर में शोभायात्रा, पूजन और प्रसाद वितरण किया गया।
- छोला मंदिर पर कथा हवन पूजन का आयोजन, चल समारोह का समापन हुआ।
- गोविंदपुरा विश्वकर्मा मंदिर में पूजन आरती की गई।

बीना यार्ड रीमॉडलिंग के कारण श्रीधाम, राज्यरानी, महामना, भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी, बेंगलुरु एक्सप्रेस और हमसफर पर होगा असर

20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक मुश्किलों भरा होगा ट्रेनों में सफर, कई घंटे की देरी से घर पहुंचेंगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीना और आगासौद स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन को जोड़ने के लिए चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग कार्य का असर अब ट्रेनों के संचालन पर दिखाई देगा। 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस दौरान अलग-अलग तारीखों में 20 ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों के प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन बदले जाएंगे। कई ट्रेनों को बीना के बजाय मालखेड़ी और कटनी मुड़वारा से चलाया जाएगा। इससे बीना, ललितपुर और आसपास के यात्रियों को यात्रा की योजना पहले से बनानी होगी।

कुछ ट्रेनों के बदले रूट, मालखेड़ी-भोपाल-कटनी में अस्थाई ठहराव

मेमू ट्रेन पूरी अवधि में रद्द रहेंगी

ट्रेनों के रद्द रहने का सिलसिला 20 सितंबर से शुरू होकर 16 अक्टूबर तक चलेगा। ललितपुर-बीना और बीना-ललितपुर मेमू 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पूरी अवधि में रद्द रहेंगी। दोनों ट्रेनों के 26-26 फेरे प्रभावित होंगे। वहीं, कटनी मुड़वारा-बीना और बीना-कटनी मुड़वारा मेमू 21 सितंबर तथा 28 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। इनके 19-19 फेरे प्रभावित होंगे।

श्रीधाम एक्सप्रेस के 19-19 फेरे रद्द

यार्ड कार्य का असर लंबी दूरी की ट्रेनों पर भी पड़ेगा। जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 26 सितंबर से 14 अक्टूबर तक और वापसी में हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस 27 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। दोनों के 19-19 फेरे प्रभावित होंगे।

इंटरसिटी 15 दिन नहीं चलेगी

भोपाल-ग्वालियर और ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी 1 से 15 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। इसके अलावा बीना-रूठियाई और रूठियाई-बीना की चार मेमू ट्रेनें 30 सितंबर से 16 अक्टूबर तक अलग-अलग दिनों में प्रभावित रहेंगी। ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस 2 और 9 अक्टूबर को तथा वापसी में एसएमवीटी बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस 4 और 11 अक्टूबर को रद्द रहेगी।

दुर्गा पूजा से छठ तक चलेंगी स्पेशल ट्रेने, रानी कमलापति-रीवा के 4-4 फेरे

पुणे और मुंबई से गोरखपुर के लिए भी अतिरिक्त ट्रेनें; भोपाल, आरकेएमपी और इटारसी के यात्रियों को मिलेगी सुविधा

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर भी कई पूजा स्पेशल ट्रेनें गुजरेंगी। इनमें रानी कमलापति-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल के चार-चार फेरे शामिल हैं। इसके अलावा पुणे और मुंबई से गोरखपुर के बीच भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इससे पर्व के दौरान उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी।

रानी कमलापति-रीवा के चार-चार फेरे: गाड़ी संख्या 02192 रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल 17 व 24 अक्टूबर तथा 7 व 14 नवंबर को शनिवार को रीवा से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर रात 9:15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02191 रानी कमलापति-रीवा इन्हीं तारीखों को रात 10:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:20 बजे रीवा पहुंचेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर और सतना स्टेशनों पर रुकेगी। पूजा स्पेशल में कुल 22 कोच होंगे। इनमें 7 स्लीपर, 3 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनॉमी, 2 सेकेंड एसी, 1 फर्स्ट एसी, 4 सामान्य श्रेणी, 1 जनरेटर कार और 1 एसएलआरडी कोच शामिल हैं।

25 सितंबर तक अमृतसर मुंबई एक्सप्रेस ललितपुर स्टेशन पर 5 मिनट रुकेगी

श्री आनंदपुर के शताब्दी समारोह में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा

भोपाल। श्री आनंदपुर (ललितपुर) में आयोजित शताब्दी समारोह में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ललितपुर स्टेशन पर अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस का ठहराव समय बढ़ा दिया है। भोपाल मंडल होकर चलने वाली ट्रेन अब 25 सितंबर तक ललितपुर स्टेशन पर 5 मिनट रुकेगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 11058/11057 अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस का ललितपुर स्टेशन पर ठहराव 15 से 25 सितंबर तक अस्थायी रूप से बढ़ाया गया है। पहले यहां ट्रेन का ठहराव 2 मिनट का था, जिसे बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया गया है। रेल प्रशासन ने यह व्यवस्था श्री आनंदपुर (ललितपुर) में आयोजित पवित्र शताब्दी समारोह के दौरान बढ़ने वाले यात्री यातायात को देखते हुए की है। इससे समारोह में शामिल होने के लिए ट्रेन से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने-उतरने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा।

राज्यरानी और महामना भी प्रभावित

भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस 9 से 15 अक्टूबर तथा दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस 10 से 16 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। वहीं भोपाल-खजुराहो और खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस 15 अक्टूबर को रद्द रहेंगी।

काम पूरा होने के बाद बढ़ेगी यार्ड की क्षमता

रेलवे के अनुसार यार्ड रीमॉडलिंग का काम पूरा होने के बाद बीना और आगासौद स्टेशन की परिचालन क्षमता बढ़ेगी। इससे ट्रेनों के संचालन और ठहराव का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। भविष्य में बढ़ने वाले रेल यातायात को भी अधिक सुचारु ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। रेलवे को उम्मीद है कि रीमॉडलिंग के बाद परिचालन की दक्षता और ट्रेनों के समयपालन में भी सुधार होगा।

रेलवे स्टेशनों से कॉलोनियों तक चलेगा सफाई अभियान

भोपाल। भोपाल मंडल में गुरुवार से 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान शुरू हुआ। पहले दिन डीआरएम कार्यालय परिसर में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस बार अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत' रखी गई है। अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय, ट्रेनों, रेलवे कॉलोनियों, कार्यालयों और यार्ड में विशेष सफाई की जाएगी। लंबे समय से गंदे स्थानों को चिन्हित कर उनकी सफाई के साथ सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। कचरा पृथक्करण, उचित निस्तारण और प्लास्टिक कचरा कम करने पर भी जोर रहेगा। यात्रियों, विद्यार्थियों, युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों को अभियान से जोड़ा जाएगा।

तिथि में मतभेद के चलते कुछ महिलाओं ने गुरुवार को रखा संतान सप्तमी का व्रत, शुक्रवार को भी होगी पूजा

महिलाओं ने शिव-पार्वती का पूजन कर मांगी संतान के दीर्घायु होने की कामना

संतान सप्तमी पर भगवान शिव-पार्वती की पूजा करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संतान सप्तमी के पर्व को लेकर तिथि में मतभेद के कारण शहर में गुरुवार और शुक्रवार दोनों दिन व्रत-पूजन किया जा रहा है। गुरुवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ व्रत रखा और भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। पंडितों के अनुसार संतान सप्तमी की तिथि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुई है। उदया तिथि शुक्रवार को होने के कारण कई महिलाएं शुक्रवार को व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा करेंगी। यह पर्व मध्यान्हव्यापिनी माना जाता है, इसलिए मध्यान्ह में पूजा का विशेष महत्व है। गुरुवार को महिलाओं ने घरों में पूजा की तैयारी कर मीठे पूये बनाए और भगवान शिव-पार्वती को भोग लगाया। चांदी की चूड़ी और कच्चे धागे का दूध से पूजन करने के बाद महिलाओं ने इन्हें धारण किया। इसके साथ ही भगवान महादेव और माता पार्वती से अपनी संतानों की लंबी आयु और सुखी जीवन की प्रार्थना की।

माता देवकी ने किया था संतान सप्तमी व्रत

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में महिलाओं ने संतान सप्तमी पूजन किया। ऐसा कहा जाता है कि माता देवकी ने इस व्रत को किया था। दरबार की सेविका मोहिनी मालवीय ने बताया कि संतान की प्राप्ति और अच्छे पुत्र, पुत्री कामना के साथ महिलाओं के लिए संतान सप्तमी अति फलदायक व्रत है। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान शंकर-पार्वती को मंडप में बैठाया। माता गोरा को सुहाग की सामग्री चढ़ाई गई, भगवान भोलेनाथ को नैवेद्य का भोग लगाया, भोलेनाथ के भजन कीर्तन कर कथा एवं हवन पूजन के साथ आरती की गई। बता दें कि शहर के अधिकांश मंदिरों में काफी भीड़ देखने को भी मिली।

निटर में स्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया ओरिएंटेशन प्रोग्राम

जीतता वही है, जो सोचता है कि हम ही जीतेंगे: दुर्गाशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निटर द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के स्नातक (यूजी) विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज अवसरों का भंडार है। उन्होंने कहा कि जीतता वहीं है, जो सोचता है हम जीतेंगे। इनमें क्योरियोसिटी (जिज्ञासा), कॉम्पीटेंस (दक्षता), क्रियटिविटी (रचनात्मकता), कम्यूनिकेशन (संवाद कौशल), कैरेक्टर(चरित्र) और कन्ट्रीब्यूशन (योगदान) शामिल हैं।

आधुनिक युग में तकनीकी दक्षता आवश्यक

निटर के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में नॉलेज, स्किल, कैरेक्टर और वैल्यूज के संतुलित विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विद्यार्थियों स्वयं को निरंतर अपडेट रखने, नए क्षेत्रों में सीखने और बदलती दुनिया से कनेक्टेड रहना चाहिए। इस अवसर पर डीन, अकादमिक अफेयर्स प्रो. संजय अग्रवाल ने एनआईटीटीटीआर भोपाल की विकास यात्रा, संस्थान की उपलब्धियों तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

एम्स के डॉ. अभिषेक को मिला रिसर्चर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के सामान्य चिकित्सा विभाग में एडिशनल प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सिंघई को अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स (एसीपी) इंडिया चैप्टर द्वारा प्रतिष्ठित रिसर्चर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार इंदौर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. सिंघई को यह सम्मान मधुमेह (डायबिटीज) और फैटी लिवर रोग (यकृत में अतिरिक्त वसा जमा होने की बीमारी) के क्षेत्र में उनके योगदान और समर्पित शोध कार्य के

लिए दिया गया है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोतवाल ने कहा कि एसीपी जैसी प्रतिष्ठित वैश्विक संस्था से पुरस्कार मिलना एम्स भोपाल में हो रहे विश्वस्तरीय शोध कार्य को दशार्ता है।

आरजीपीवी में एआई असिस्टेंड कम्प्यूटेशनल ड्रग डिजाइन पर हुई हैंड्स-ऑन वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरजीपीवी के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एवं ग्रोवडिया टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. गुरुग्राम (आईआईटी दिल्ली स्पिन ऑफ स्टार्टअप) के संयुक्त तत्वावधान में एआई असिस्टेड कम्प्यूटेशनल ड्रग डिजाइन विषय पर दो दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का समापन गुरुवार को विवि के स्कूल ऑफ फार्मेसी में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला के पहले दिन प्रोटीन एवं लिगेंड प्रिपरेशन, टारगेटेड डॉकिंग, बाइंडिंग-पोज एनालिसिस, जीपीयू एक्सेलेरेटेड

सिमुलेशन तथा हाइड्रोजन बॉन्डिंग जैसे विश्लेषणों पर सत्र आयोजित हुए। गुरुवार को मशीन लर्निंग का ड्रग डिजाइन में अनुप्रयोग प्रोफाइलिंग, पीके ऑप्टिमाइजेशन एवं फ्रैगमेंट-बेस्ड ड्रग डिस्कवरी पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। वर्कशॉप का उद्देश्य फार्मास्यूटिकल शोध के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के उपयोग से आधुनिक ड्रग डिस्कवरी प्रक्रिया को गति प्रदान करना था। कार्यक्रम में डॉकिंग-टू-डायनामिक्स वर्कफ्लो, मॉलिक्यूलर डॉकिंग, एमडी सिमुलेशन एवं एआई-गाइडेड मॉलिक्यूल जनरेशन जैसे अत्याधुनिक विषयों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरकेडीएफ ग्रुप के प्रेरणास्त्रोत स्व. आरएन कपूर के जन्मदिवस पुण्य स्मृति तथा आरकेडीएफ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर के जन्मदिवस पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भोपाल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जाटखेड़ी में आयोजित हुआ। शिविर में सामान्य तथा जटिल मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ रितेश राठौर, डॉ कीर्ति पटेल, डॉ शैलजा कसेट्टी ने किया।

शिविर में बड़ी संख्या में भावी इंटर्न डॉक्टर भी उपस्थित रहे। मरीजों को निःशुल्क औषधियां भी

वितरित की गई। विवि की वीसी, सीईओ, रजिस्ट्रार, डीन एकेडमिक के साथ प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय व आयुर्वेद मैनेजमेंट डॉ आर गुप्ता ने स्व. आरएन कपूर को स्मरण करते हुए कुलाधिपति डॉ साधना कपूर को जन्मदिन पर बधाई दी।

विश्वकर्मा जयंती पर सुख-शांति भवन में 150 कामगारों का सम्मान

जो हाथ समाज का निर्माण करते हैं, उनके जीवन का निर्माण भी जरूरी है: बीके नीता

राजयोग ध्यान से कार्य और जीवन में सकारात्मक बदलाव पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वकर्मा दिवस पर सुख-शांति भवन मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर, नीलबड़ में आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों एवं नशामुक्त जीवन का संदेश देते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निर्माण एवं कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों ने बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग ध्यान ने उनके कार्य और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ बीके सुनीता ने विभिन्न रोचक

गतिविधियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों की समझ विकसित करने से किया। गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को ईमानदारी, जिम्मेदारी, सहयोग, सकारात्मक सोच और अनुशासन जैसे मूल्यों को जीवन एवं कार्यक्षेत्र में अपनाने का संदेश दिया गया। आर्किटेक्ट बीके दुर्गा ने कहा कि कार्यक्षेत्र में केवल तकनीकी ज्ञान और योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मन की स्थिरता, सकारात्मक दृष्टिकोण और सही निर्णय लेने की क्षमता भी आवश्यक है। टाटा स्टील के सीनियर जनरल मैनेजर के पद से हाल ही में सेवानिवृत्त हुए प्रभात भाई ने भी अपने अनुभव साझा किए। वरिष्ठ राजयोगी रामकुमार ने प्रतिभागियों को अध्यात्म का परिचय देते हुए स्वयं की पहचान, परमशक्ति की पहचान और राजयोग ध्यान की जानकारी दी। इसके पश्चात बीके सोनम ने राजयोग ध्यान के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को शांति एवं सकारात्मकता की अनुभूति कराई। सिविल कॉन्ट्रैक्टर दिनेश ने वर्ष 2008 से आध्यात्मिकता से जुड़े अपने जीवन के अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री होंगे शामिल

बीयू का दीक्षांत समारोह आज, 85 शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रोफेसर के. रंगराजन, कुलपति, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे। बीयू के कुलगुरु एवं मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन दीक्षांत उपदेश देंगे।

दीक्षांत समारोह में बीयू के 85 शोधार्थियों को पीएच.डी की उपाधि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट एकेडमिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 27 गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इन 27 स्वर्ण पदकों में 5 गोल्ड मेडल प्रायोजित हैं। इनमें सीताराम जिंदल फाउंडेशन द्वारा तीन स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

शिक्षा, महिला नेतृत्व पर विद्यार्थियों में परिचर्चा हुई

औबेदुल्लागंज। ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में विश्वकर्मा जयंती पर विकसित भारत 2047 विषय पर विद्यार्थियों की परिचर्चा आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने युवाओं की भूमिका, शिक्षा, कौशल विकास, तकनीक, आत्मनिर्भरता, महिला नेतृत्व, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर विचार रखे। विद्यार्थियों ने निर्माण, कौशल और मेहनत की परंपरा को विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि देश के विकास के लिए ज्ञान के साथ हुनर और नवाचार भी जरूरी हैं। पूरी परिचर्चा का संचालन और मॉडरेशन विद्यार्थियों ने स्वयं किया। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे और एक-दूसरे के प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम डॉ. सोनल मेहता के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्य लालिता जेमन ने विद्यालय टीम के साथ कार्यक्रम क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पूर्व शिक्षा मंत्री पटेल को जन्मदिन की बधाई दी

औबेदुल्लागंज। पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल के जन्मदिन पर औबेदुल्लागंज के कांग्रेस नेता विशाल मदान ने केक काटा और राजकुमार पटेल को जन्मदिन की बधाई दी।

शुभांक

कल्याण:	1235		
दिन:	447	58	233
रात:	460	06	240
तारा:			
दिन:	380	18	125
रात:	136	04	590

सिंधी सेंट्रल पंचायत के राष्ट्रीय सम्मेलन में जुटे ख्याति प्राप्त लोग

सिंधी समाज को राजनीति एवं नौकरियों में दस प्रतिशत आरक्षण मिले: जसवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने वियतनाम में आयोजित पारिवारिक टूर एवं राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न प्रांतों में सिंधी नगर पंचायतों को सशक्त कर उसके माध्यम से समाज के आपसी विवादों को सुलझाने पर जोर दिया है।

साथ ही समाज के प्रत्येक व्यक्ति की आत्म सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी बल दिया गया। 9 दिवसीय पारिवारिक टूर एवं सम्मेलन से लौटे सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी ने बताया कि सम्मेलन में देश के विभिन्न नगरों नांदेड, बनारस, अहमदाबाद दिल्ली, लखनऊ, पटना, सीतापुर, कल्याण, बैंगलोर से लेकर मुम्बई एवं दुबई के जाने माने प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। संत हिरदाराम नगर से इसमें पंचायत के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी, रमेश जोतवानी आदि भी शामिल हुए।

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के बैनर तले हुआ सिंधी समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन।

वियतनाम में पारिवारिक टूर व राष्ट्रीय सम्मेलन

बच्चों को आईएफएस, आईएएस आईपीएस बनाने पर दिया जोर

पारिवारिक टूर के दौरान एक दिवसीय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। सम्मेलन में पंचायत महासचिव सुरेश जसवानी ने कहा कि जिन कठिन परिस्थितियों में सिंधी अपना वतन छोड़कर यहां आए, उसके बाद सरकार की तरफ से राजनीति व नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलना था, जो नहीं मिला। आजादी बाद भी अनेक राज्यों में सिंधी परिवार अपनी प्रॉपर्टी के मालिकाना हक से वंचित हैं, जबकि महाराष्ट्र में इसी साल 10 मई को यह हक मिल पाया है। इसी तरह उन्होंने अपने बच्चों को आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस बनाने पर भी बल दिया। सम्मेलन का संचालन सुरेश जसवानी ने किया एवं नरेश चोटरानी ने आभार व्यक्त किया।

कमला नगर में गुरुवार तड़के क्रेटा और फॉर्च्युनर सवार युवकों ने की अभद्रता

आरक्षक से मारपीट, एसआई से गाली गलौज, थाने में हंगामा कर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित पं. खुशीलाल अस्पताल के पास केला देवी मेडिकल तिराहा पर गुरुवार तड़के क्रेटा और फॉर्च्युनर सवार युवकों ने आरक्षक से मारपीट कर दी। दरअसल, क्रेटा और फॉर्च्युनर युवक आपस में झूमाझटकी कर रहे थे। इसी दौरान वहां कार से गुजर रहे पुलिसकर्मियों की कार के सामने आ गए। उन्हें हटने का कहा तो वह पुलिसकर्मियों से गालीगलौज करने लगे। एसआई समेत तीनों पुलिसकर्मियों ने उन्हें बताया कि हमारे साथ अभिरक्षा में दो संदिग्ध हैं उन्हें थाने लेकर पहुंचना है बावजूद इसके युवक मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें समझाने कार में सवार आरक्षक नीचे उतरा तो आरोपियों ने आरक्षक के साथ मारपीट कर दी। डायल 112 की मदद से युवकों को थाने लाया गया। युवकों ने थाने में भी हंगामा किया और चले गए। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार दीपक शर्मा कमला नगर थाने में आरक्षक है। थाने के एसआई सुनील कुमार और प्रधान आरक्षक लोकेंद्र सिंह राजपूत के साथ वह आईटेन कार से दो संदिग्धों को अभिरक्षा में लेकर थाने जा रहा था। एसआई सुनील कुमार कार ड्राइव कर रहे थे। जबकि पीछे की तरफ आरक्षक दीपक शर्मा और लोकेंद्र सिंह राजपूत दो संदिग्धों को अभिरक्षा में लेकर बैठे थे।

वर्दी में होने के बाद भी नहीं माने युवक

सुनील शर्मा ने युवकों को बताया कि हम लोग कमला नगर थाने से हैं और संदिग्धों को थाने लेकर जा रहे है। इसके बाद भी युवक मानने को तैयार नहीं थे। वह कार के सामने खड़े होकर गालीगलौज कर रहे थे। आरक्षक दीपक शर्मा कार से नीचे उतरा और उसने युवकों को बताया कि हम लोग थाने के हैं और हमारे साथ संदिग्ध है। इस पर आरोपी भड़क गए और दीपक शर्मा के साथ मारपीट कर दी। डायल 112 पर कॉल कर पुलिसकर्मियों को बुलाने के बाद युवकों को थाने लाया गया। वहां पूछताछ में युवकों ने अपने नाम हेमंत ठाकुर और शकील मंसूरी बताया। जबकि अन्य साथियों ने अपने नाम नहीं बताए। सभी ने थाने में हंगामा किया और गालीगलौज करते हुए निकल गए।

जीजा-साले ने मिलकर किया जानलेवा हमला

पति-पत्नी में विवाद, समझाइश देने पर रिश्तेदार को मारा चाकू

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित निजी कॉलेज के सामने बुधवार शाम विवाद कर कर रहे दंपती को समझाइश देना रिश्तेदार को महंगा पड़ गया। नाराज पति ने अपने साले के साथ मिलकर रिश्तेदार पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गले, पेट व पीठ में चाकू के गहरे घांव लगने से रिश्तेदार गंभीर हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीबीजीएम कॉलेज के सामने झुग्गीबस्ती निवासी धर्मवीर (21) मजदूरी करता है। पड़ोस में ही उसका रिश्तेदार जिद्दी और उसका साला कृष्णा रहता है। मंगलवार 15 सितंबर की शाम करीब साढ़े 7 बजे जिद्दी का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो रहा था। विवाद बढ़ने पर धर्मवीर बीच-बचाव करने के इरादे से पहुंचा और उसने विवाद न करने की समझाइश दी। इस पर जिद्दी कहने लगा कि तू हमारे आपस के मामले में क्यों बोल रहा है। इसी बात को लेकर धर्मवीर और जिद्दी का विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों में मारपीट होने लगी। इसी बीच जिद्दी और उसके साले कृष्णा ने धर्मवीर से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। गला, पेट और पीठ पर गहरे घाव लगने से धर्मवीर बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना मिलते हो पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल धर्मवीर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद से आरोपी जिद्दी और कृष्णा फरार हैं।

'मान-अभिमान का त्याग कर मार्दव धर्म को जीवन में उतारें'

औबेदुल्लागंज। पर्युषण पर्व के द्वितीय दिवस पर आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य ऐलक श्री दयासागर महाराज के सानिध्य में धर्म आराधना एवं पूजा-पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महाराज श्री ने मार्दव धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को मान-अभिमान का त्याग कर सरलता और सहजता को जीवन में धारण करने का संदेश दिया। महाराज ने कहा कि जो मनुष्य पुरुष, कुल, जाति, ज्ञान आदि के द्वारा अभिमान नहीं करते, उन्हीं के जीवन में यह धर्म प्रकट होता है। पंडित लक्ष्मी चंद इजरदार इंजीनियर मुकेश जैन पंडित लक्ष्मी चंद, जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन तामोट एलसी जैन, डॉ. मीना जैन तामोट विनय जैन, इंदिरा तरुण जैन, संभव जैन, दिनेश गुड्डन जैन, आकाश मयूरी जैन, सुनील वर्धमान जैन, विजय सीमा जैन, पूर्व पार्षद मीना जैन, शिरोमणि प्रदीप भंडारी, नरेश जैन आदि लोग प्रवचन में उपस्थित रहे।



तीस हजार रुपए का इनाम था घोषित

घर के बाहर खड़ी कार में फायरिंग करने वाला धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा पुलिस ने बैरागढ़ चीचली में रंजिश के कारण घर के बाहर खड़ी कार में फायरिंग और तोड़फोड़ करने वाले आरोपी अजय बोर्डे को गिरफ्तार कर लिया है। 26 अगस्त की रात अपने साथी के साथ आरोपी ने घर के बाहर खड़ी कार में फायरिंग और तोड़फोड़ की थी। इसके बाद से आरोपी फरार थे। आरोपी अजय की गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस के अनुसार, अजय बैरागी कजलीखेड़ा में रहता है और अपने पिता के साथ कंस्ट्रक्शन का काम करता है। उसका जीतू यादव और अजय बोर्डे से पुराना विवाद है।

घर के बाहर खड़ी कार में फायरिंग और तोड़फोड़ की थी

विवाद का बदला लेने जीतू यादव उर्फ दुर्गेश अपने साथी अजय के साथ बोर्डे के साथ कजलीखेड़ा पहुंचा था। दोनों आरोपी सुबह करीब तीन बजे सफेद रंग की होंडा सिटी कार से पहुंचे। उन्होंने अजय बैरागी के घर के बाहर खड़ी कार पर फायर कर दिया। घटना एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था।

सेवा-संकल्प अभियान में विधायक पटवा ने बांटे पुरस्कार

खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक आयोजन कर मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गुरुवार को जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज प्रांगण में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 76 गुब्बारों को हवा में उड़ाकर उनके लिए शुभाशीष की कामना की गई। इस अवसर पर समूह सदस्यों दीदी एवं उनके परिवार की जेन-जी युवतियों के लिए नमो युवा शक्ति खेलकूद प्रतियोगिता एवं संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विधायक सुरेंद्र पटवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 'सेवा-संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में 'लखपति दीदी' जैसी पहल से माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं उद्यमशील बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नारी शक्त का सशक्तिकरण ही समृद्ध समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। विधायक सुरेंद्र पटवा ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण किए। लखपति दीदियों ने पटवा को अपनी सफलता की कहानी सुनाई।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर गुब्बारे छोड़ते व पुरस्कार बांटते विधायक पटवा।

विधायक ने दीदीयों पर पुष्पवर्षा कर दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा ने सभी दीदीयों पर पुष्पों की बौछार कर उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, कन्हैया नंदवंशी, अशोक यादव, नरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश मीणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जनपद सीईओ निखिलेश कटारे, बागिश अग्रवाल, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुजीत यादव, रामेश्वर नागर, माधव यादव, नरेश सेठी, गजेंद्र नागर, कोमल चौहान, मनोज चौरसिया, राहुल प्रजापति, जीतू नंदवंशी, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान तामोट, संजय नामदेव, निधि चौहान, सुनील जेठे आदि लोग मौजूद थे।

बिजली बिल में कंज्यूमर नंबर अपडेट कराने का झांसा देकर की वारदात

डॉक्टर की पत्नी से साइबर ठग ने की पांच लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली कंपनी का अधिकारी बनकर डॉक्टर की पत्नी से साइबर ठग ने पांच लाख रुपए की ठगी कर दी। आरोपी ने बिजली कनेक्शन का कंज्यूमर नंबर अपडेट करने का उन्हें झांसा दिया था। बाद में उनके बैंक खाते व कार्ड से रकम ट्रांसफर करा ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार विद्यानगर निवासी डॉ. केके गिडवानी ने शिकायत दर्ज कराई है कि 13 सितंबर की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उनकी पत्नी मीना गिडवानी के मोबाइल पर एक वाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एमपीईबी के गोविंदपुरा स्थित हेड ऑफिस का अधिकारी बताते हुए कहा कि बिजली बिल का कंज्यूमर नंबर अपडेट करना है, नहीं तो रात में बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। आरोपी ने इसके लिए 12 रुपए भुगतान करने को कहा।

बिजली कंपनी के नाम से एक लिंक भेजी

भुगतान नहीं होने पर आरोपी ने वाट्सएप के जरिए बिजली कंपनी के नाम से एक लिंक भेजी। महिला ने आरोपी के बताए अनुसार लिंक खोली और उसमें अपने एसबीआई व एचडीएफसी बैंक से संबंधित कार्ड की जानकारी दर्ज कर दी। इसके बाद आरोपी जैसे-जैसे निर्देश देता गया, महिला उनका पालन करती रहीं। करीब दो घंटे बाद परिवार को साइबर ठगी का संदेह हुआ। बैंक खातों और कार्ड के स्टेटमेंट चेक करने पर अलग-अलग लेनदेन के जरिए कुल चार लाख 99 हजार 555 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी सामने आई। साइबर ठगी की जानकारी सामने आते ही महिला को सदमा लगा। घटना के बाद महिला घर के बाहर गिर गईं और चोट लगने के कारण थाने पहुंचने की स्थिति में नहीं थीं। इसलिए उनके पति डॉ. गिडवानी ने थाने पहुंचकर उनकी ओर से शिकायत दर्ज कराई।

सक्सेना व सबधाणनी ने किया आह्वान

'छात्रों की गूंज' के लिए भोपाल से जाएगी विद्यार्थियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

इंदौर के भारत जोड़ो मैदान में 19 सितंबर को शाम 5 बजे आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में भोपाल से विद्यार्थियों की एक टीम भी शामिल होगी। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी, भोपाल शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि यह एक गैर-राजनीतिक कार्यक्रम है, जिसमें राहुल गांधी विद्यार्थियों और युवाओं की आवाज़ बुलंद करने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजक एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता आनंद सबधाणी ने कहा कि उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और शिक्षा से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने के लिए एकजुट होकर अपनी आवाज़ उठानी चाहिए। जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री अभिषेक शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं पार्षद अशोक मारण ने इंदौर जाने वाले विद्यार्थियों के लिए यात्रा एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की बीपी, शुगर और ईसीजी की हुई जांच

कार्यक्रम में जेन-जी भी शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रेम गंगा परिसर, महावीर कॉलोनी में जयप्रकाश शर्मा मित्र मंडल ने अपोलो सेज हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया।

शिविर में अपोलो सेज हॉस्पिटल के डॉ. आरके चौधरी ने लगभग 210 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श दिया। नर्सिंग स्टाफ से ब्रदर हर्षवर्धन ने मरीजों की बीपी, शुगर एवं ईसीजी की जांच की। अपोलो सेज हॉस्पिटल के पीआरओ निशांत, उत्कर्ष एवं अब्दुल हादी ने मरीजों को परामर्श दिया। शिविर में क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। जयप्रकाश शर्मा मित्र मंडल ने अपोलो सेज हॉस्पिटल टीम एवं सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

शादी का झांसा देकर 7 साल तक दैहिक शोषण

भोपाल। शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में 38 साल की महिला से दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर कथित प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पति की मौत के एक साल बाद ही महिला की आरोपी से पहचान हो गई थी। इस दौरान शादी का प्रलोभन देकर आरोपी सात साल से शारीरिक संबंध बना रहा था। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी मुकर गया। परेशान होकर महिला ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस के अनुसार शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली 38 साल की महिला के पति की साल 2018 में मौत हो चुकी है। पति की मौत के करीब एक साल बाद महिला की पहचान सुनील कोरी नाम के व्यक्ति से हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व में भारत का नाम ऊंचाई पर पहुंचाया: विनय

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर घर-घर में जलाए दीये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी के नेतृत्व में घर-घर दिया जला कर उनके दीर्घायु की कामना की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। आज विदेशों में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। प्रधानमंत्री ने ऐसे कार्य किए हैं, जिससे जनता गर्व महसूस कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह एक पेड़ को मां की रूप देकर लगाने के अभियान शुरू किया है यह एक अनुकरणीय कदम है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर दीपक जलाते हुए भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता।

कम से कम 10 पौधे लगाएं जाए

विनय दादलानी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जहां भी जगह मिले, कम से कम 10 पौधे लगाएं जाए, साथ ही उनकी सुरक्षा का भी इंतजाम किया जाए। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश बेलानी, जय कुमार, दिलीप कुमार व विष्णु सेन सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

कांग्रेस ने उन घरों के नाम दिया जलाया जिनके चिराग हमेशा के लिए बुझ गए

कांग्रेस नेता राजेंद्र मंडलोई ने गुरुवार को उन परिवारों की पीड़ा को याद करते हुए एक दीप प्रज्वलित किया, जिनके घरों के चिराग सिस्टम की कथित लापरवाही और प्रशासनिक विफलताओं के कारण हमेशा के लिए बुझ गए। उन्होंने बालाघाट, सागर, इंदौर के भागीरथपुरा और छिंदवाड़ा में हुई दुखद घटनाओं में जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

'साहित्यांचल 3.0' में गूंजे कविता के स्वर, 'करघे से संस्कृति तक' में सजी वस्त्र विरासत

आईईएचई में देखने को मिला साहित्य और संस्कृति का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में बुधवार को साहित्य, कला और भारतीय संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले। हिंदी विभाग के विभागीय उत्सव 'साहित्यांचल 3.0' में विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताओं के माध्यम से अपनी मौलिक रचनात्मकता और समकालीन संवेदनाओं को अभिव्यक्त किया, वहीं फैशन डिजाइन विभाग की 'करघे से संस्कृति तक ' प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न अंचलों की समृद्ध पारंपरिक वस्त्र, हस्तकरघा एवं शिल्प विरासत की झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वर्तमान दौर में मौलिकता एवं लोक तत्वों से जुड़ी रचनाशीलता के महत्व को रेखांकित किया।

'अकह' में अभिनव प्रथम, पुण्या तिवारी ने पाया दूसरा स्थान

साहित्यांचल 3.0 के अंतर्गत 'अकह' शीर्षक से स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 18 विद्यार्थियों ने अपनी स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कीं। निर्णायकों के निर्णय के आधार पर अभिनव सोनी ने प्रथम, पुण्या तिवारी ने द्वितीय तथा मनन दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विविध वस्त्र परंपराओं को जीवंत स्वरूप 'करघे से संस्कृति तक'

फैशन डिजाइन विभाग ने भारतीय पारंपरिक वस्त्रों और हस्तकरघा परंपरा को केंद्र में रखते हुए 'करघे से संस्कृति तक' विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से भारत की विविध वस्त्र परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इसमें देश के कई राज्यों की पारंपरिक वस्त्र कलाओं के साथ बुनाई, छपाई, रंगाई, कढ़ाई और हस्तशिल्प की विविध विधाओं को प्रदर्शित किया गया। इसमें दर्शकों ने पारंपरिक वस्त्रों की विविधता, बुनाई-कौशल, रंग-संयोजन और कलात्मकता की सराहना की। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय वस्त्र परंपराओं को केवल फैशन के रूप में नहीं, अपितु संस्कृति, इतिहास, पारंपरिक ज्ञान, कौशल और विरासत के व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझने का अवसर मिला।

महज एक फीट के घर में आदिवासी जीवन की पूरी तस्वीर उकेरता धर्मेंद्र का बांस शिल्प

छह इंच की खटिया, दो इंच की टोकनी, खलबटा और एक इंच का सूप तक बांस से तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बांस को अक्सर पेड़ समझ लिया जाता है, जबकि वनस्पति विज्ञान की दृष्टि से यह घास परिवार का पौधा है। अपनी तेजी से बढ़ने की क्षमता, मजबूती और बहुउपयोगिता के कारण बांस आज पारंपरिक जीवनशैली से निकलकर आधुनिक अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि बांस से केवल बड़े आशियाने ही नहीं संवरते बल्कि मिनिएचर फार्म के घरों और अन्य आकर्षक उत्पादों को भी बांस की छोटी छोटी तीलियों से रुप दिया जा सकता है। ऐसा ही कुछ खास काम किया है बांस शिल्पकार धर्मेंद्र रोहर ने। शहर के धर्मेंद्र ने बांस की पतली-पतली सीकों से एक छोटे से घर को को डिजाइन किया है, जो खजुराहो स्थित आदिवर्त जनजाति एवं लोक कला राज्य संग्रहालय के गुरुकुल परिसर में रखा गया है। पहली नजर में यह खिलौना लगता है, लेकिन जब इसकी बारीकियां देखेंगे तो यह किसी जीवंत आदिवासी घर नजर आता है।

घर की दीवारों से लेकर छप्पर, बाड़ और भीतर रखा सामान भी बांस का

महज एक फीट के इस घर में आदिवासी जीवन की पूरी तस्वीर उकेरी है। भीतर छह इंच की खटिया, दो इंच की टोकनी, खलबटा और सूप तक बांस से तैयार किए हैं। खासियत यह है कि इसकी एक-एक वस्तु बांस से बनाई है। घर की दीवारों से लेकर छप्पर, बाड़ और अंदर रखे सामान तक में शिल्पकार की बारीकी दिखाई देती है। परिसर में आने वाले लोग इस घर को देखकर रुक रहे हैं और इसकी कारीगरी की सराहना कर रहे हैं।

रेलगाड़ी, बैलगाड़ी भी खास

धर्मेंद्र रोहर कहते हैं कि बांस शिल्प हमारा पुश्तैनी काम है। जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता आ रहा हैं। इसलिए मैं बांस से अत्याधुनिक चीजों के साथ लीक से थोड़ा हटकर चीजें भी बनाता हूं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मैंने बांस की राखी, बांस से रेलगाड़ी और बैलगाड़ी भी तैयार की है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

तीन दिन में तैयार हुआ घर

धर्मेंद्र बताते हैं कि घर को तैयार करने में करीब तीन दिन लगे। इसके बाद बांस की रेलगाड़ी बनाने में दो दिन और बैलगाड़ी बनाने में एक दिन लगा। उनका कहना है कि छोटे आकार की इन कृतियों को बनाना भी आसान नहीं है, क्योंकि आकार छोटा होने के कारण हर हिस्से में अधिक बारीकी से काम करना पड़ता है।

लोगों को बहुत भाई बांस की पिचकारी

उन्होंने बताया कि अब बांस शिल्प का ट्रेंड इतना अधिक हो चुका है, कि बड़े बड़े इंस्टीट्यूट बांस शिल्प की वर्कशाप का आयोजन करते हैं, जिसमें जहां मैं शहर के कई स्कूलों में बच्चों को बांस शिल्प की जानकारी देता हूं तो वहीं एनआईडी, निफ्ट में भी पारंपरिक बांस शिल्प की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि देशभर में लगने वाली एग्जीबिशन में मैंने भाग लिया जिसमें मैंने बांस से कई तरह के पक्षी जैसे गौरैया, उल्लू, मोर के साथ कछुआ, मछली आदि बनाए हैं। इसके लिए मुझे राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। साल 2025 में मेरी बनी बांस की पिचकारी लोगों को खूब पसंद आई थी।

इनफिनिटी बिजनेस नेटवर्क मीट

बिजनेस को बढ़ाने नेटवर्किंग को बनाएं अपनी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इनफिनिटी बिजनेस नेटवर्क की ओर से नर्मदापुरम रोड स्थित एक होटल में बिजनेस नेटवर्क मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के करीब 100 व्यवसायियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य बिजनेसमैन को एक-दूसरे से जोड़ना, अनुभव साझा करना और कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग व साझेदारी के नए अवसर तलाशना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेन्मेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया ने व्यवसाय में सफलता के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

ग्राहक का विश्वास हासिल करना सफलता

उन्होंने कहा कि कारोबार में सफलता केवल अच्छे उत्पाद या सेवा से नहीं मिलती, बल्कि ग्राहक का विश्वास हासिल करना और व्यावसायिक संबंधों को लगातार मजबूत बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने व्यवसायियों से अपने काम के प्रति स्पष्ट लक्ष्य तय करने, समय का सही उपयोग करने और बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार रखने की बात कही।

बिजनेस की नींव विश्वास पर टिकी होती है

जटिया ने कहा कि किसी भी बिजनेस की मजबूत नींव विश्वास, निरंतरता और अच्छे संबंधों पर टिकी होती है। ग्राहक की जरूरत को समझना, उसे बेहतर सेवा देना और किए गए वादे को पूरा करना लंबे समय में व्यवसाय को मजबूती देता है।

खबर संक्षेप

साहित्य अकादमी मप्र के तीसरी बार निदेशक बने डॉ.विकास दवे

भोपाल। साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा डॉ विकास दवे को तीसरे कार्यकाल के लिए मनोनीत किया गया है। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिंदी भवन भोपाल द्वारा नरेश मेहता गोष्ठी कक्ष में उनका हिंदी भवन एवं नगर के साहित्यकारों साहित्यिक संस्थाओं द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल की ओर से कांता रॉय निदेशक लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल, घनश्याम मैथिल अमृत महासचिव लघुकथा शोध केंद्र समिति एवं सुनीता प्रकाश कोषाध्यक्ष ने आगामी कार्यकाल हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दीं ।

'सुखन की कहकशां' मुशायरा 20 सितंबर को

भोपाल। भोपाल पोएट्री अड्डा की ओर से युवा शायरों पर केंद्रित मुशायरा 'सुखन की कहकशां' का आयोजन 20 सितंबर को रात 7.30 बजे दुर्रानी हॉल, कमला पार्क में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मशहूर शायर विजय तिवारी 'विजय' करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मो. आजम, सरवर हबीब, गौसिया खान सबीन और खलील असलम कुरैशी उपस्थित रहेंगे। मुशायरे का संचालन युवा शायर सोहेल उमर करेंगे। मुशायरे में साजिद प्रेमी, डॉ. अहसान आजमी, सरवर जैदी, तहाउल हुसैनी, डॉ. उमेश मिश्रा, अजीम असर, अभिलाषा श्रीवास्तव 'अनुभूति', अपर्णा पात्रीकर, अशफाक अंसर, संतोष खिरवडकर, समीना कमर, कमलेश नूर आदि प्रस्तुति देंगे।

मानव संग्रहालय में राजभाषा इकाई का आयोजन

'श्रुतलेखन' प्रतियोगिता, हिंदीतर भाषियों ने दिखाई भाषाई दक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालः

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में संस्कृति मंत्रालय हिंदी पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत राजभाषा इकाई द्वारा 'श्रुतलेखनः हिंदीतर भाषियों हेतु' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अहिंदी भाषी कार्मिकों एवं प्रतिभागियों में राजभाषा हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाना, उनके शुद्ध लेखन कौशल को प्रोत्साहित करना तथा व्यावहारिक भाषा ज्ञान को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। आयोजन के दौरान कई प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह एवं लगन के साथ भाग लेकर अपनी भाषाई दक्षता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं समन्वय प्रतियोगिता संयोजक श्रीकांत गुप्ता तथा डॉ. प्रीतम चौधरी ने किया।

जब सुर साधना बन जाए तो संगीत आत्मा तक पहुंचाता है

स्पिक मैके के कार्यक्रम में पं. साजन मिश्रा ने दी शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय गीतांजलि कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में स्पिक मैके भोपाल चैप्टर एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात शास्त्रीय गायक पंडित साजन मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति से छात्राओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से परिचित कराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज्योति मिश्रा ने पंडित साजन मिश्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर पंडित साजन मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का उल्लेख करते हुए अपने विचार साझा किए। उन्होंने गीत "मन कहता कुछ और नहीं" तथा "साईं के नाम" की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने भी उनसे संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पंडित साजन मिश्रा एवं स्वरांगी मिश्रा से संगीत और भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रश्न पूछे।

राम भैरवी और राम शैरी का अंतरः एक छात्रा ने राम भैरवी और राम शैरी के बीच अंतर को लेकर प्रश्न किया। पंडित साजन मिश्रा ने बताया कि दोनों रागों के स्वर-संयोजन और प्रयोग में अंतर होता है। उन्होंने उदाहरण देकर दोनों की विशेषताओं को समझाया तथा राग भैरवी के विभिन्न रूपों की जानकारी दी।

संगीत की उत्पत्ति पर चर्चाः दूसरी छात्रा ने पूछा कि संगीत का आविष्कार कैसे हुआ अथवा इसकी शुरुआत किसने की। इस पर पंडित साजन मिश्रा ने कहा कि संगीत का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह प्रकृति और मानव जीवन के साथ विकसित हुआ। उन्होंने प्रकृति की विभिन्न ध्वनियों में संगीत के स्वरूप और मानव वाणी से संगीत के संबंध को समझाया। उनके अनुसार वाणी और लय पर पूरा ब्रह्मांड आधारित है।

एकाग्रता पर भी हुई चर्चाः छात्राओं की एकाग्रता से जुड़े प्रश्न पर प्राचार्य डॉ. ज्योति मिश्रा ने विद्यार्थियों की एकाग्रता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अक्सर कहते हैं कि उनका ध्यान केंद्रित नहीं हो पाता। संगीत और गायन के माध्यम से एकाग्रता विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संवाद और संगीत प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा, साधना और उसके जीवन से संबंध को समझने का अवसर मिला।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उज्जैन में शिप्रा के रामघाट पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

महाकाल सांस्कृतिक प्रस्तुति और कथावाचन ने मोह लिया मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रामघाट पर आयोजित कार्यक्रम में उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान एवं धार्मिक परंपराओं पर आधारित मनमोहक महाकाल सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में शैलेश लोढ़ा ने कथावाचन के माध्यम से उज्जैन की सांस्कृतिक गाथा, धार्मिक विरासत एवं गौरवशाली परंपराओं का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने उज्जैन की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को प्रभावी ढंग से सामने रखा। इसके बाद श्री भवानी शास्त्री के नेतृत्व में भजन प्रस्तुति का आयोजन हुआ। भजनों की मधुर स्वर लहरियों से रामघाट का वातावरण भक्तिमय हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन प्रस्तुति का आनंद लिया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर पर आधारित पुस्तक 'इतिहास के पृष्ठों से' का विमोचन

श्री महाकालेश्वर मंदिर पर आधारित पुस्तक 'इतिहास के पृष्ठों से' का विमोचन भी किया गया। पुस्तक में श्री महाकालेश्वर मंदिर के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से संबंधित जानकारी समाहित है।

आतिशबाजी, लाइट शो एवं फायर शो ने बढ़ाई कार्यक्रम की भव्यता

'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी, लाइट शो एवं फायर शो का आयोजन किया गया। साथ ही मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी रोशनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और दीपों की जगमगाहट से उज्जैन में उत्सव, उल्लास एवं भक्ति का वातावरण बना रहा।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी का भव्य उत्सव

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम ने उज्जैन की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं एवं जनभागीदारी को एक मंच पर प्रस्तुत किया। हजारों वॉलिंटियर्स की सामूहिक सहभागिता, सेवा भावना और लाखों दीपों की रोशनी से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस का उत्सव मनाया गया। शिप्रा तट एवं महाकाल लोक में एक साथ प्रज्ज्वलित हुए दीपों ने उज्जैन की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक भव्यता प्रदान की।

रोचक जानकारी

प्रत्यूष शर्मा

अनूठी भौगोलिक स्थिति वाले विश्व के ये खूबसूरत शहर

बच्चो, दुनिया में कुछ शहर ऐसे हैं जो खूबसूरती के साथ-साथ अपनी अनोखी भौगोलिक स्थिति के लिए भी मशहूर हैं। कोई शहर दो पहाड़ों की संकरी घाटी में बसा है, तो कोई दो महाद्वीपों में फैला हुआ है! कोई घने जंगलों से, कोई नदियों से तो कोई पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा है। इतना ही नहीं, एक शहर तो पानी में तैरता हुआ भी है। ऐसे ही कुछ अनूठे शहरों के बारे में जानो।

पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे

लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे की एक बेहद अनोखी आर्कटिक बस्ती है। स्वालबार्ड द्वीपसमूह के स्पिट्सबर्गेन द्वीप पर स्थित यह बस्ती उत्तरी ध्रुव से करीब 1,316 किमी. दूर है। यह दुनिया के सबसे उत्तरी भाग में स्थित स्थायी आबादी वाली बड़ी बस्तियों में से एक है। यह बस्ती, जो एक शहर के रूप में बसी है, चारों तरफ से बर्फीले पहाड़ों और ग्लेशियरों और से घिरी है। लॉन्गयेरब्येन में दिन और रात के अनुभव बिल्कुल अलग होते हैं। सर्दियों में यहां कई हफ्तों तक सूरज नहीं निकलता, इसे पोलर नाइट कहते हैं। दूसरी तरफ गर्मियों में कई महीनों तक सूरज डूबता ही नहीं, इसे मिडनाइट सन कहते हैं। गर्मियों में आधी रात को भी बाहर ऐसा लग सकता है, जैसे दिन हो। *

घने जंगलों-नदियों से घिरा इक्विटोस, पेरू

बच्चो, तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा, पेरू के अमेजन क्षेत्र के सबसे बड़े महानगर तक सड़क मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता। हम बात कर रहे हैं पेरू के एक शहर इक्विटोस की, जो अमेजन नदी के बाएं किनारे पर बसा है। यहां केवल हवाई या जलमार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। इसका कारण यह है, यह स्थान घने जंगलों और नदियों से घिरा हुआ है। हालांकि शहर को बाहर से जोड़ने वाली कोई सड़क नहीं है, लेकिन शहर के चारों ओर सड़कें हैं। शहर से बाहर जाने वाली एकमात्र सड़क नौटा नामक छोटे कस्बे पर आकर रुक जाती है। इक्विटोस अमेजन के विविध पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। *

तैरता हुआ प्राचीन शहर वेनिस, इटली

वेनिस, इटली का एक प्रसिद्ध और बेहद खूबसूरत शहर है। यह अपनी नहरों, ऐतिहासिक इमारतों और अनोखी जल-परिवहन व्यवस्था के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वेनिस लगभग 118 छोटे-छोटे द्वीपों पर बसा है, जिन्हें सैकड़ों पुल आपस में जोड़ते हैं। यहां सड़क यातायात बहुत कम है। लोगों के आने-जाने के लिए नावों का विशेष महत्व है। इस शहर में पहुंचकर ऐसा लगता है मानो इसकी जलधाराएं ही इसकी सड़कें हों। असंख्य नहरें तरह-तरह की मोटर चालित नावों से भरी रहती हैं। 400 से अधिक पुलों द्वारा शहर बंधा हुआ प्रतीत होता है। यह प्राचीन तैरता हुआ शहर इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है। *

गहरी घाटी के ऊपर बसा ला पाज, बोलीविया

बच्चो, एक ऐसे शहर की कल्पना करो, जो एक गहरी घाटी के ऊपर बसा हो। यह सुनने में अजीब लगता है न! ला पाज, बोलिविया का एक ऐसा शहर है, जो चोकेयापु नदी द्वारा निर्मित एक घाटी में बसा है। यह नदी शहर के बीचों-बीच बहती है। ऐसी भौगोलिक स्थिति से यह शहर अपने पहाड़ी और बेहद ऊबड़-खाबड़ भू-भाग के लिए जाना जाता है। यह समुद्र तल से लगभग 3,650 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसे सबसे अधिक ऊंचाई वाला शहर बनाता है। *

दो महाद्वीपों में फैला शहर इस्तांबुल, तुर्किए

बोस्फोरस जलडमरूमध्य के दोनों ओर तुर्किए देश का सबसे बड़ा शहर इस्तांबुल बसा हुआ है। यह शहर एक ऐसी भौगोलिक स्थिति में विकसित हुआ है, जहां जलडमरूमध्य शहर को दो महाद्वीपों में विभाजित करता है। मतलब इस्तांबुल, एशिया और यूरोप दोनों में फैला हुआ है। इस तरह स्थित होने वाला यह एकमात्र शहर है। एक समय था, जब इस्तांबुल का नाम कॉन्स्टेंटिनोपल था, तब काला सागर और भूमध्य सागर के बीच व्यापार को सुगम बनाने के लिए इस स्थान का रणनीतिक रूप से चयन किया गया था। *

दुनिया का सबसे संकरा शहर यनजिन, चीन

अगर कोई शहर दो विशाल पहाड़ों के बीच संकरी घाटी से घिरा हो तो कैसा लगेगा, अनूठा ना! चीन का यंजिन काउंटी शहर कुछ ऐसा ही है। दुनिया के सबसे संकरे शहर के रूप में मशहूर यंजिन, यांग्त्जी नदी के किनारे बसी एक संकरी घाटी में बसा है। इस शहर के किनारे यांग्त्जी नदी घुमावदार रास्तों से होकर बहती है, जो इस शहर को और खूबसूरत बना देती है। इस शहर का सबसे संकरा हिस्सा सिर्फ 30 मीटर चौड़ा है। इमारतें एक-दूसरे से सटी हुई हैं। *

नन्ही सुबू को टीवी देखना और कहानी सुनना बहुत भाता है। इस दौरान भोली-भाली सुबू की बातें और हरकतें जिस तरह की होती हैं, किसी को भी हंसा सकती हैं। सुबू ऐसा क्या बोल या कर जाती है, तुम भी इसका मजा लो।

साउंड दो

छोटी कहानी

संजीव ठाकुर

सुबू अभी दो-ढाई साल की भी नहीं हुई है, लेकिन टीवी चल रहा हो तो अपना खेल छोड़कर टीवी के पास आकर खड़ी हो जाती है। उसकी आंख पर असर न हो, यह सोचकर पापा बड़े प्यार से उसे वहां से उठाकर ले आते हैं, सोफे पर अपनी गोद में बैठा लेते हैं। वह वहीं से टुकुर-टुकुर टीवी देखती रहती है। कार्यक्रम के बीच में जब ब्रेक होता है, पापा रिमोट से आवाज को म्यूट कर देते हैं। सुबू को लगता है कि कुछ तो हुआ है। वह पापा का मुंह देखने लगती है। फिर शायद उसे लगता है कि टीवी बंद हो गया है। वह जो थोड़े-बहुत शब्द सीख पाई है, उसी के सहारे अपनी बात रखती है, 'टीवी चलाओ!'

पापा उसे कहते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, देखो!'

सुबू टीवी की ओर देखती है, फिर पापा की ओर। उसे कुछ समझ में नहीं आता है। तब पापा उसे समझाते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, साउंड नहीं आ रहा है। बोलो- साउंड दो!'

धीरे-धीरे सुबू, 'साउंड दो' बोलना सीख गई। जब पापा टीवी की आवाज बंद कर देते हैं, तब वह कहती है, 'साउंड दो!'

सुबू को कहानी सुनने में भी खूब मन लगता है। रात को सोने से पहले पापा की गोद में चढ़कर वह मांग कर ही देती है, 'स्टोटी!' (स्टोरी) पापा रोज उसे स्टोरी सुनाते हैं। कभी-कभी तो खाना खाने के बाद जब वह मम्मी के पास रहने की जिद करती है और मम्मी को अपना काम पूरा करने में दिक्कत होती है, तब पापा बेड पर बैठकर बोलना शुरू कर देते हैं, 'एक समय की बात है...।' बस सुबू मम्मी का पीछा छोड़कर भागती हुई आती है और पापा की गोद में यह सोचकर चढ़ जाती है कि कहीं 'स्टोटी' खत्म न हो जाए! स्टोरी सुनते हुए उसकी खुशी की कोई सीमा नहीं रहती।

एक दिन पापा बहुत थके हुए थे। उनको कहानी सुनाने का बिल्कुल मन नहीं था। लेकिन सुबू कहां मानने वाली थी? वह पापा की गोद में सवार हो गई, 'स्टोटी!'

अब पापा क्या करते? उनको बोलने का बिल्कुल मन नहीं कर रहा था। बस उन्होंने बिना बोले, अपने होंठ हिलाने शुरू कर दिए। उन्होंने सोचा था कि इससे उनका काम चल जाएगा। सुबू को लगेगा कि पापा स्टोरी सुना रहे हैं। लेकिन सुबू को पापा के होंठ पटपटाने से संतोष नहीं हो रहा था। उसे यह भी पता चल गया था कि पापा क्या गड़बड़ कर रहे हैं?

थोड़ी ही देर में वह बोल पड़ी, 'साउंड दो न?' सुबू की बात सुनकर पापा ठठाकर हंस पड़े। अपनी थकान भूल वे साउंड देकर स्टोरी सुनाने लगे, 'एक समय की बात है। एक जंगल में एक शेर रहता था। उसके पास एक आईना था। वह उसमें हमेशा अपना मुंह देखा करता था। रात हुई। वह खाना खाकर आया। आईने में मुंह देखा, कंघी से अपने बाल संवारे और सो गया! अब सुबू भी सो जाएगी।' सुबू खुशी-खुशी पापा की गोद में ही सो गई। *

कविता / शादाब आलम

पेड़े फलते पेड़ों पर

सोच रहा हूं कहीं अगर
पेड़े फलते पेड़ों पर।
पेड़े की बगिया मैं जाता
तोड़-तोड़ कर पेड़े खाता
डाल पकड़ता और हिलाता
पेड़े झरते झर-झर-झर।
नहीं चींटियां घर में टिकतीं
पेड़े के पेड़ों पर दिखतीं
मजा नहीं आता खाने में
तब उनको मिसरी-शक्कर।
फिर पेड़े ठेले पर दिखते
नहीं दुकानों पर ये बिकते
लोग खरीदा करते इसको
ले जाते झोला भर-भर।
पेड़े वाले रामदुलारे
जाने क्या करते बेचारे
नहीं बनाते वे पेड़े तो
कैसे चलता उनका घर?

एआई इमेज

कहानी

पुष्पा अंताणी

नन्ही धरा को जब पता चला कि सुनहरी मछली के शरीर के पिछले हिस्से में चोट लगने से काफी दर्द हो रहा है, तो उसने मछली को दर्द वाला तेल लगाकर मालिश करके, उसकी तकलीफ दूर करनी चाही। लेकिन सुनहरी मछली को पानी से निकालकर मालिश करना आसान ना था। तो क्या धरा उसकी तकलीफ दूर कर सकी?

नन्ही धरा



एआई इमेज

नन्ही धरा के घर के सामने एक छोटा-सा तालाब था। यह तालाब आस-पास रहने वाले सभी बच्चों को बहुत पसंद था। उसके चारों ओर खुली जगह थी। वहां बच्चे खेला करते थे। बच्चे अच्छी तरह खेल सकें, इसके लिए लोगों ने वहां रेत डलवा दी थी। तालाब बहुत सुंदर और स्वच्छ था। बच्चे भी वहां सफाई का ध्यान रखते थे। तालाब गहरा भी नहीं था, इसलिए उसमें बच्चों के डूबने का डर नहीं था। इसी वजह से माता-पिता अपने बच्चों को बिना किसी चिंता के वहां खेलने जाने देते थे। धरा भी हर रोज यहां खेलने आती और दोस्तों के साथ मजे करती थी। आज धरा खेलने आई, तब उसके दोस्त अभी तक नहीं आए थे। वह तालाब के पास गई। उसने पानी में एक बहुत ही सुंदर सुनहरी मछली देखी। मछली रो रही थी। उसकी दो सहेली मछलियों ने उसे पकड़ रखा था। धरा ने उससे पूछा, 'तुम रो क्यों रही हो?'

जवाब उसकी एक सहेली ने दिया, 'यह बहुत शरारती है। इसे छलांगें लगाने का बहुत शौक है।'

सुनहरी मछली ने भी बताया, 'आज छलांग लगाते समय मैं पानी में बड़े पत्थर से टकरा गई। मेरे शरीर के पिछले हिस्से में बहुत चोट लगी है। मेरी पूंछ मुड़ गई है। मुझे वहां बहुत दर्द हो रहा है।' इतना कहकर वह फिर से रोने लगी।

सुनहरी मछली की बात सुनकर धरा को अपनी दादी याद आई। उसने मछली से कहा, 'मेरी दादी के पैर में जब मोच आ जाती है या दर्द होता है, तब वह पार्वती आंटी को बुलाती हैं। आंटी तेल से उनकी मालिश कर देती हैं। दादी का दर्द धीरे-धीरे अच्छा हो जाता है। तुम भी तेल की मालिश करवा लो, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।' मछली रुआंसी आवाज में बोली, 'पर मेरे पास तेल कहां है? और मेरी मालिश कौन करेगा?'

धरा बोली, 'हां, यह बात तो सही है।' फिर थोड़ा सोचकर बोली, 'रुको, मैं अपने घर से मालिश का तेल लेकर आती हूं। मैंने पार्वती आंटी को दादी की मालिश करते हुए देखा है। मैं तुम्हें मालिश कर दूंगी। मेरा घर यहीं पास में ही है। मैं अभी तेल लेकर आती हूं। तुम यहीं रुकना।' धरा दौड़ती हुई घर गई और दादी की मालिश वाले तेल की शीशी ले आई। तीनों मछलियां उसका इंतजार कर रही थीं। वापस आकर धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब तुम बाहर आ जाओ तो मैं तुम्हारी मालिश कर दूंगी।'

मछली बोली, 'मैं बाहर कैसे आऊं? पानी के बिना तो मैं जी नहीं सकती न!'

धरा को याद आया, वह बोली, 'हां, यह बात तो मैं भूल ही गई।'

थोड़ी देर सोचने के बाद उसे एक उपाय सूझा। वह आस-पास पड़े पत्थरों में से अपने काम का पत्थर खोजने लगी। एक वैसा ही पत्थर उसे मिल गया। उसने पत्थर का आधा हिस्सा पानी की सतह के अंदर रखा और आधा बाहर रखा। फिर उसने सुनहरी मछली से कहा,'अब तुम अपना मुंह और आधा शरीर पानी के अंदर रखो और अपनी पूंछ इस पत्थर के सहारे बाहर रखो। ताकि मैं उस पर मालिश कर सकूं।'

सुनहरी मछली ने वैसा ही किया। उसने आधा शरीर पानी के अंदर और आधा पत्थर के सहारे बाहर रखा। धरा ने शीशी से थोड़ा तेल अपनी नन्ही हथेली में लिया। जैसे ही उसने मालिश करने के लिए मछली की पूंछ को छुआ, मछली दर्द से चीख उठी।

धरा ने प्यार से ढांढस बंधाया, 'शुरू में थोड़ा दर्द होगा, सह लो। फिर धीरे-धीरे अच्छा लगेगा।'

धरा अपनी तेल वाली कोमल अंगुलियों को मछली की पूंछ पर धीरे-धीरे फेरने लगी। मछली को सचमुच आराम मिलने लगा। थोड़ी ही देर में उसका दर्द पूरी तरह गायब हो गया। मछली बहुत खुश हो गई। वह हंसते हुए बोली, 'मैं ठीक हो गई! मैं ठीक हो गई! मुझे बहुत अच्छा लग रहा है!' उसकी दोनों सहेली मछलियां भी बहुत खुश हुईं। तीनों मछलियों ने धरा के प्रति आभार प्रकट किया।

धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब से शरारत मत करना और जहां-तहां छलांगें मत लगाना।'

सुनहरी मछली ने वादा किया, 'अब से मैं ऐसा कभी नहीं करूंगी।' फिर अचानक बोली, 'धरा रुकना, मैं अभी आती हूं।' इतना कहकर वह पानी में चली गई। जब वह वापस आई, उसके मुंह में एक बहुत ही सुंदर कमल का फूल था। उसने वह फूल धरा को दिया और बोली, 'लो, यह मेरी तरफ से तुम्हारे लिए उपहार। और सुनो, तुम हमसे मिलने आती रहना।'

धरा हंसते हुए बोली, 'हां, अब तो हम दोस्त बन गए हैं। मैं तुमसे मिलने जरूर आऊंगी।'

इतना सुंदर कमल का फूल पाकर धरा खुशी से झूमती हुई अपने घर चली गई। तीनों मछलियां भी खुशी-खुशी तालाब में सरक गईं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

हंसाती-सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, झूला झूलने में बहुत मजा आता है, है न! जरा सोचो अगर तुमको किसी ऐसे झूले पर झूलने का मौका मिले, जो हंसने पर और जोर से झूलता हो, हवाई जहाज के सफर का एहसास कराता हो तो कितना मजा आएगा! कुछ समय पहले डॉ. विमला भंडारी की लिखी ग्यारह बाल कहानियों की किताब 'हंसने वाला झूला' छपकर आई है। इसकी शीर्षक कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी और उसका भाई चीकू अपने गांव में हंसने वाले झूले पर कितनी मस्ती करते हैं। वे ही नहीं गांव के बड़े-बूढ़े भी उस झूले का आनंद लेते हैं। किताब की एक कहानी 'बालकनी वाले वैज्ञानिक' में तुम आयुष्मान, रिया और शत्रुघ्न की साइंटिफिक शैतानी के बारे में पढ़ोगे। इसमें तीनों बच्चे किस तरह फ्लैट की बालकनी में लगे झूमर पर टोकरी बांधकर काल्पनिक अंतरिक्ष यात्रा करते हैं, यह पढ़कर तुम हंसे बिना नहीं रह पाओगे। साल दर साल गर्मी किस तरह हम सभी को बेचैन करती जा रही है और इसका क्या समाधान हो सकता है, इस विषय पर जागरूक करती एक कहानी है 'उफ्फ! ये गरमी'। किताब में एक प्यारी सी कहानी 'सुंदरी की नाव' भी तुम पढ़ोगे। इसमें नन्ही बच्ची सुंदरी को खुश करने के लिए बूढ़े हरनाम अंकल कैसी युक्ति लगाते हैं, यह पढ़कर तुम भी दूसरों की मदद करने के लिए जरूर प्रेरित होगे। 'बिरजू भैया का कुआं' कहानी भी यही संदेश देती है कि दूसरों की सुख-सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह कहानी तुम्हें गुदगुदाएगी भी। किताब की शेष कहानियां भी मनोरंजन के साथ कोई न कोई अच्छा संदेश भी देती हैं। *

किताब : हंसने वाला झूला (बाल-कथा संग्रह), **लेखिका :** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य :** 350 रुपए, **प्रकाशक :** इंडिया नेटबुक्स प्रा. लि., नोएडा

हंसगुल्ले

टीचरः तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
रोहनः सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-संजना, रायपुर

डॉक्टरः तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
राजेशः डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-रोहित, बिलासपुर

मम्मीः रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
रिंकूः मम्मी, क्या दूध वाले अंकल भी बिल में रहते हैं?
-नेहा, दुर्ग

जीके क्विज-223

1. जापान में होने वाले 20वें एशियाई खेल 2026 के आधिकारिक शुभंकर का क्या नाम है?
2. विश्व पर्यटन दिवस कब मनाया जाता है?
3. जॉर्जिया मेलोनी ने किस देश में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है?
4. हाल में किस राज्य में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन चलाई गई?
5. सम्राट अशोक किस ऐतिहासिक वंश का प्रसिद्ध शासक था?
6. अगला ब्रिक्स समिट किस देश में आयोजित किया जाएगा?
7. मानव शरीर में कौन-सा अंग रक्त को पंप करता है?
8. मध्य प्रदेश का उच्च न्यायालय किस शहर में स्थित है?
9. वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. भारत के वर्तमान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-223 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-222 का उत्तर : 1. जोहेरी मोला, 2. दिल्ली, 3. जापान, 4. दिल्ली, 5. स्मृति मंधाना, 6. 14 सितंबर, 7. भारत के मुख्य न्यायाधीश, 8. कालिदास, 9. राजस्थान, 10. एंपियर

जीके क्विज-222 का सही उत्तर देने वाले : अभय-बिलासपुर, अक्षित, झज्जर, सूर्य प्रताप-धमतरी, कबीर-हिसार, अंशिका-रायपुर, पूरब-बलौदा बाजार, हर्ष-रोहतक, प्रिया-धमतरी, कशिश-रायगढ़, ज्योति-दुर्ग, सचिन-रोहतक, दिशा-दुर्ग

अंतर बताओ

बच्चो, यहां फॉरेस्ट पार्क में मस्ती कर रहे एनिमल्स और बर्ड्स के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।

उत्तर: 1. बंदर के पास पेड़ की डाल से केले लटक रहे हैं। 2. शेर ने हैट पहन रखा है। 3. हाथी ने अपनी सूंड में स्टारफिश पकड़ा हुआ है। 4. गिरगिट का रंग बदला हुआ है। 5. ऊपर आकाश में एक पक्षी उड़ रहा है।

मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ बर्ड और एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो क्रम में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से चित्र और परछाई का सही मिलान करो।



उत्तर: 1-E, 2-D, 3-A, 4-B, 5-C

खबर संक्षेप



मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए 100वां गोल दागा

मियामी। लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिये सौवां गोल दागा जिसकी मदद से टीम ने केंपियोनेस कप में क्रूज अजुल को 2-0 से मात दी। मेस्सी ने 24वें मिनट में पहला गोल किया जो 115 मैचों में उनका 100वां गोल था। केसमिरो ने 81वें मिनट में मेस्सी से मिले कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा। पिछले पांच मैचों में ब्राजील के मिडफील्डर केसमिरो का यह चौथा गोल था। इस जीत से इंटर मियामी ने मेस्सी के आगमन के तीन साल बाद एक और ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले टीम लीग्स कप 2023, स्पोटर्स शील्ड 2024 और एमएलएस कप 2025 जीत चुकी है।

बढ़त के बाद ईस्ट बंगाल ने अल हुसैन से खेला ड्रॉ

अम्मान। ईस्ट बंगाल ने एएफसी चैम्पियन लीग टू ग्रुप डी के पहले मैच में जोर्डन प्रो लीग चैम्पियन अल हुसैन एससी के खिलाफ दो गोल की बढत बनाने के बावजूद 2-2 से ड्रॉ खेला। आईएसएल हाफटाइम तक 2-0 से आगे थी। डेनियल रामिरेज और अनवर अली ने गोल किये लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खेल रही अल हुसैन ने दूसरे हाफ में दो गोल करके मैच ड्रॉ करा लिया।

अभिषेक बने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय

भारत ने सीरीज की क्लीन स्वीप

तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 127 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को 127 रन से हराते हुए सीरीज को क्लीन स्वीप किया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने 221/7 का स्कोर बनाया, जिसमें अभिषेक शर्मा का शतक (108) शामिल रहा। जवाब में अफगानी टीम सिर्फ 94 रन पर सिमट गई।

भारत से रवि बिश्नोई और नितीश रेड्डी ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। क्रिकबज के मुताबिक, अफगान टीम के विरुद्ध सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड आयरलैंड (225/7, 2013) के नाम पर है।

इस तरह से रोचक रहा मुकाबला : भारत से संजू सैमसन (50) और अभिषेक की सलामी जोड़ी ने 141 रन की साझेदारी की। जोरदार शुरुआत के बाद अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और निरंतर आउट होते चले गए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 20 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानी टीम ने 47 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए।

इस सूची में शामिल हुए ईशान किशन

ईशान किशन ने 8 गेंदों में 10 रन बनाए। इस बीच वह एक कैलेंडर वर्ष में 1,500+ टी-20 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बने। उनसे पहले विराट कोहली (2016), सूर्यकुमार यादव (2022) और अभिषेक शर्मा (2025) ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि किशन ने इस साल अब तक टी-20 मैचों में 26 पारियों में 36.08 की औसत के साथ 902 रन बनाए हैं। आईपीएल 2026 में उन्होंने 602 रन बनाए थे। सिर्फ 94 रन पर ऑल-आउट होना टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ अफगानिस्तान का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले न्यूनतम स्कोर 111/8 था, जो एशिया कप 2022 में दुबई में बना था। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के लिहाज से यह अफगान टीम की सबसे बड़ी हार है। यह 10वां ऐसा टी-20 मैच है, जिसे भारतीय टीम ने 100 या अधिक रन के अंतर से जीता है। भारत के अलावा कनाडा ने भी 10 मैच, 100+ रन से जीते हैं।

अभिषेक ने 30 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक ने पारी का दूसरा ओवर करने आए अजमातुल्लाह उमरजई के खिलाफ एक चौका और छक्का लगाते हुए आक्रामक शुरुआत की। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद भी उन्होंने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए 30 गेंदों में शतक पूरा किया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने। वह 34 गेंदों में 108 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक ने रोहित शर्मा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अभिषेक से पहले सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज था। पूर्व भारतीय कप्तान ने 35 गेंदों में श्रीलंका के खिलाफ शतक लगाया था। अभिषेक द्वारा लगाया गया शतक, टेस्ट खेलने वाले देश के किसी भी बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। विश्व क्रिकेट में सबसे तेज टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने का रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान (27 गेंद बनाम साइप्रस, 2024) के नाम पर दर्ज है।

एशियाई खेल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की भिड़ंत आज जापान से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले सप्ताह दुबई में रिकॉर्ड आठवीं बार महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद गत चैंपियन और प्रबल दावेदार भारतीय क्रिकेट टीम आज को यहां एशियाई खेलों में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ करेगी। महिला स्पर्धा में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं और प्रतियोगिता सीधे क्वार्टरफाइनल से शुरू होगी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा। इस बार जापान में होने वाले एशियाई खेलों में 17 सितंबर से क्रिकेट के मैच प्रारंभ हुए। महिला टूर्नामेंट का फाइनल 22 सितंबर को और पुरुष टूर्नामेंट का समापन 3 अक्टूबर को होगा। भारत ने पुरुष और महिला वर्गों में 2022 के पिछले हांगझोऊ खेलों में स्वर्ण जीते थे। ऐसे में इस संस्करण में भारतीय टीम अपना प्रदर्शन दोहराना चाहेगी। भारतीय टीम 18 सितंबर को अपने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापानी टीम से भिड़ेगी।

क्वार्टर-फाइनल में जापान से भिड़ेगी भारतीय महिला टीम

महिला क्रिकेट के क्वार्टर-फाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा। अन्य मैचों में बांग्लादेश बनाम चीन, श्रीलंका बनाम मलेशिया और पाकिस्तान बनाम थाईलैंड के मुकाबले शामिल हैं।

सेमीफाइनल में इनके बीच होगा मुकाबला : भारत और जापान की विजेता टीम का मुकाबला बांग्लादेश या चीन से होगा और इसी तरह श्रीलंका बनाम मलेशिया के विजेता का मुकाबला पाकिस्तान/थाईलैंड से होगा। इसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे और अंत में स्वर्ण पदक के लिए फाइनल मुकाबला खेला जाएगा एशियाई खेलों के सभी मैच निशिन क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। इस मैदान ने हाल ही में हुए ईस्ट एशिया-पैसिफिक टी-20 विश्व कप सब-रीजनल क्वालिफायर के दौरान जरूरी सभी शर्तें पूरी कीं थी। यह टूर्नामेंट आने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के तौर पर था।

साइना ने किया 'खेलें साणंद उत्सव' का उद्घाटन

साणंद। ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बृहस्पतिवार को यहां 'खेलें साणंद स्पोर्ट्स उत्सव' 2026 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साणंद तालुका के सभी 105 गांवों में 18 दिवसीय ओलंपिक खेल अभियान की शुरुआत हुई। यह खेल उत्सव 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य 150 से अधिक स्कूलों के 25,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ना है। इसमें पांच से 17 वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियां अंडर-8, अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 वर्गों में हिस्सा लेंगे।

बीसीसीआई का बड़ा फैसला : भारत में ही होगी आईपीएल 2027 की नीलामी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले कुछ सालों में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी विदेशों में हुई हैं, लेकिन अब इस सिलसिले में विराम लगने वाला है। ऐसी खबर है कि आईपीएल 2027 की नीलामी भारत में ही होने वाली है। बीते दिनों आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद ये खबर सामने आई है।

सर्फिंग : भारत के फ्रांसीसी कोच रेबूल की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के फ्रांसीसी सर्फिंग कोच समाई रेबूल का मानना है कि एशियाई खेलों में सर्फिंग में भारत के ऐतिहासिक पदार्पण को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के सर्वोच्च लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाना चाहिए।

पूर्व सर्फर और प्रशिक्षित कोच

रेबूल 2024 से भारतीय राष्ट्रीय टीम के साथ काम कर रहे हैं। वह आगामी आइची-नागोया एशियाई खेलों की तैयारी के लिए महाबलीपुरम में चार सदस्यीय भारतीय टीम को प्रशिक्षण दे रहे हैं जहां सर्फिंग खेल पहली बार एशियाई खेलों का हिस्सा होगा।

एशियाड महिला क्रिकेट

बांग्लादेश खेले बिना सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने थाईलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| नागोया

बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम मैदान पर उतरे बिना ही एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पाकिस्तान को थाईलैंड जैसी कमजोर टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा।

बांग्लादेश अपनी ऊंची अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के कारण अंतिम चार में पहुंचा जब चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार को गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया।

आइची प्रांत के खूबसूरत निशिन शहर में कारोगी स्पोटर्स पार्क में होने वाले इस टी20 मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका। बांग्लादेश आईसीसी टी20 रैंकिंग में 10वें और चीन 36वें स्थान पर है।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आठ टीमों की स्पर्धा में पिछली चैम्पियन है।

पाकिस्तान को मिला था 92 रन का लक्ष्य

वहीं पाकिस्तान ने थाईलैंड से मिले 92 रन के लक्ष्य के जवाब में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच कम ओवरों का कर दिया गया था। बांग्लादेश का सामना भारत और जापान के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को होगा जबकि सेमीफाइनल 20 सितंबर को होना है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को श्रीलंका और मलेशिया के बीच मुकाबले के विजेता से खेलेगी।

ऐसा रहा पाकिस्तान व थाईलैंड का मुकाबला

पाकिस्तान और थाईलैंड का मुकाबला गीली आउटफील्ड के कारण देर से शुरू हुआ और इसे घटाकर 11 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने वाली थाईलैंड की टीम ने चार विकेट पर 91 रन बनाये। उसकी विकेटकीपर और तीसरे नंबर की बल्लेबाज एन कोंचारोएनकाइ ने 38 गेंद में 49 रन बनाये।जवाब में पाकिस्तान के लिये शावाल जुल्फिकार (25) और फातिमा सना (21) ही उल्लेखनीय पारियां खेल सकी जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। थाईलैंड के लिये आफ स्पिनर ओनिचा कामचोम्फू ने तीन और सुनिदा सी ने दो विकेट लिये।

कार्यालय - श्री नीरज कुमार सोनी, पूर्व न्यायाधीश मध्यस्थ

कार्यालय – 407-A, द होराइजन, नाथ मंदिर रोड, साउथ तुकोगंज, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452001

एतद् द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. द्वारा किसान केडिट कार्ड के अंतर्गत लिए गए ऋण के संबंध में उत्पन्न विवादों/मतभेदों के मध्यस्थता द्वारा निस्तारण हेतु, पक्षकारों के मध्य निष्पादित समझौते/अनुबंध में निहित मध्यस्थता संबंधी प्रावधानों के अनुसार, निम्न हस्ताक्षरकर्ता की मध्यस्थ के रूप में नियुक्ति की गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.09.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपरोक्त पते पर मेरे समक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित हों, ताकि मध्यस्थता कार्यवाही में नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा सके। सूचित रहे कि उक्त दिनांक, निर्धारित समय एवं स्थान पर आपके अथवा आपके अधिवक्ता के उपस्थित न होने की स्थिति में, लागू विधि एवं मध्यस्थता समझौते के प्रावधानों के अनुसार आपकी अनुपस्थिति में कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सकेगी। इसके लिए पृथक से कोई अन्य सूचना आवश्यक नहीं होगी।

क्र.	मामला संख्या/समझौता संख्या	ऋणी/जमानतदार का नाम
1	AST/2026/57, 50200051932140, 50200051925199	**ऋणी:** ओंकार सिंह पिता प्रेम राजपूत, **सह-ऋणी:** प्रेम पिता अनार सिंह **सभी का पता :** 135 ठाकुर मोहल्ला बोरखेडा तह- आष्टा जिला - सीहोर 466114
2	AST/2026/58, 50200053846984, 50200053844050 & 50200053839225	**ऋणी:** वीरेंद्र ठाकुर पिता कुमेर सिंह, **सह-ऋणी:** रंगीन कुमार पिता कुमेर सिंह **दोनों का पता :** पटैरिया चौहान खजुरिया तह- आष्टा जिला- 466120 **जमानतदार :** इंदर सिंह ठाकुर पिता दौलत सिंह **पता :** ग्राम-अरनिया राम हर्राज खेड़ी जिला-सीहोर
3	AST/2026/59, 50200101742840, 50200101737099	**ऋणी:** कुलदीप सिंह पिता जय सिंह, **सह-ऋणी:** ललिता बाई पति जय सिंह **जमानतदार :** अरुण कुमार मेवड़ा पिता मुकेश कुमार **सभी का पता :** ग्राम-छपरी धमंदा तह- इछावर जिला - सीहोर 466113
4	AST/2026/60, 50200106675872, 50200106651205 & 50200106649049	**ऋणी:** राहुल सिंह पिता ज्ञान सिंह, **सह-ऋणी:** रानू ठाकुर पति राहूल ठाकुर **दोनों का पता :** ग्राम- खामखेड़ा जतरा द- आष्टा जिला सीहोर- 466116 **जमानतदार :** चेतन सिंह पिता रतन सिंह **पता :** 101 1 बैगर आष्टा जिला - सीहोर
5	AST/2026/61, 50200087996719, 50200087996656, 50200113246485 & 50200087996617	**ऋणी:** सचिन पिता गजराज सिंह, **सह-ऋणी:** गजराज सिंह पिता श्रवण सिंह **जमानतदार :** राजेंद्र सिंह पिता इंदर सिंह **सभी का पता :** ग्राम- लसुडया खास पोस्ट- कोटडी द- आष्टा जिला- सीहोर 466114
6	AST/2026/62, 50200006438852,	**ऋणी:** तुलसीराम मीना पिता रंजीत सिंह मीना **पता :** ग्राम कोलारी पोस्ट कोलारी तहसील खातेगांव जिला देवास 455336
7	AST/2026/63, 50200006614102,	**ऋणी:** हबीब खान पिता एशब खान **पता :** ग्राम कटलय पोस्ट कुशमानिया तहसील कन्नोद जिला देवास 455332 **जमानतदार :** हनीफ खान पिता हबीब खान **पता :** 61 हटलाय तहसील कन्नोद देवास-455332
8	AST/2026/68, 50200025424042, 50200025423737	**ऋणी:** नारायण सिंह गुर्जर पिता राम सिंह **पता :** 60 अमास्याखेडी गुलाना शुजालपुर 465001 **सह-ऋणी :** सौरमाबाई पति नारायणसिंह **पता :** मकान नंबर 60 वार्ड 15 अमस्या अवंतीपुर बड़ेदिया शुजालपुर - 465331
9	AST/2026/69, 50200025088318, 50200025088305	**ऋणी:** जगदीश जाट पिता हरिनारायण **सह-ऋणी :** निर्मला बाई जाट **जमानतदार :** भागवती प्रसाद पिता कन्हैयालाल **सभी का पता :** मकान नंबर 92/3, वार्ड नंबर 4 पोस्ट अलीसिरिया तह कालापीपल निपानिया खुर्द मंदिर के पास-शुजालपुर 46533
10	AST/2026/70, 50200025582673, 50200025584462	**ऋणी:** लखन पिता भेरुलाल **पता :** मकान नंबर 41 परमार मोहल्ला ग्राम देवसिरलिया अदन्या देवास 455332 **जमानतदार :** जगदीश पिता भेरूलाल **पता :** सोनखेड़ी कन्नौद जिला देवास 455001
11	AST/2026/71, 50200027154919, 50200027164207	**ऋणी:** दिनेश सिसोदिया पिता हार्ट सिसोदिया **पता :** किर मौहल्ला शुजालपुर 465333 **सह-ऋणी :** हरि सिंह पिता भावर जी **जमानतदार :** सिद्दीनाथ खैर पिता भेरूलाल **दोनों का पता :** लालपुरा शुजालपुर - 465331
12	AST/2026/72, 50200027525227,	**ऋणी:** सोहन कुमार पिता कुमार सिंह **सह-ऋणी :** कुमेर सिंह पिता नरबा सिंह **जमानतदार : बाबूलाल** पिता नरबत सिंह **सभी का पता :** जताखेडा बेडाखेडी 466331
13	AST/2026/73, 50200028932208, 50200028932961	**ऋणी:** हरिओम सिंह पिता भैरव सिंह **सह-ऋणी :** रामकुंवर बाई पति भेरु सिंह **जमानतदार :** बहादुर सिंह पिता बारु सिंह **सभी का पता :** बामुलिया रायमल काजलास सीहोर मध्य प्रदेश466221
14	AST/2026/74, 50200029472127, 50200029609867	**ऋणी:** पंकज कुमार पिता मोहन लाल **सह-ऋणी :** मोहनलाल विश्वकर्मा पिता रामनारायण सिंह **दोनों का पता :** 3 छोटा मोहल्ला नाथ बैजनाथ मंदिर के पास- आष्टा जिला सीहोर 466125 **जमानतदार :** योगेश पाटीदार पिता मांगीलाल पाटीदार **पता :** पाटीदार मोहल्ला 183 खड़ी रोड कॉलोनी बैजनाथ सीहोर-466331
15	AST/2026/75, 50200029958067, 50200029959159	**ऋणी:** मानसिंह पिता रामप्रसाद **पता :** ग्राम काकीमाबाद हैकमाबाद सीहोर 466116 **सह-ऋणी :** संतोष पिता रामप्रसाद एवं रामप्यारी पति रामप्रसाद **दोनों का पता :** हकीमाबाद - आष्टा सीहोर - 466001, ममता बाई पति देवी सिंह **पता :** बरवशी भौरा तहसील -आष्टा जिला-सीहोर-466001 **जमानतदार :** आनंद परमार पिता गजराज सिंह **पता :** हकीमाबाद - आष्टा सीहोर - 466001
16	AST/2026/76, 50200082073543, 50200030661330 & 50200082078647	**ऋणी:** सवाई सिंह पिता भेरू सिंह **पता :** दीपलाखेडी लसूडिया विजय सिंह मंदिर के पास 466115 **सह-ऋणी :** जानू बाई पति सवाई सिंह, **जमानतदार :** राजेन्द्र सिंह पिता नरबत सिंह **दोनों का पता :** दीपालाखेड़ी पुरानी बस्ती मेमदाखेडी अमलाहा जिला- सीहोर - 466113
17	AST/2026/77, 50200031008694, 50200031008655	**ऋणी: विक्रम सिंह** पिता राम सिंह **पता :** मकान नंबर 67 कचनारिया एकलेरा देवास 455118 **सह-ऋणी :** देव बाई पति राम सिंह कचनारिया **जमानतदार :** जोगेंद्र सेंधव पिता बाबूलाल कचनारिया, **पता :** एकलेहरा गढ़खटूरता गंधर्वपुरी तहसील - सोनकच देवास - 455119
18	AST/2026/78, 50200032201579,	**ऋणी:** बन्नोबाई खान पति अय्यूब खान **पता :** डोकाकुई सडक के पास, देवास 455332 **जमानतदार :** इरशाद खान पिता अय्यूब खान एवं इमरान खान पिता अय्यूब खान **पता :** 74 डोकाकुई कन्नोद देवास-455332
19	AST/2026/81, 50200036970899, 50200036979071	**ऋणी:** गोर्वधन राजपूत पिता मोती सिंह, **सह-ऋणी :** महेन्द्र ठाकुर पिता मोती सिंह, मोती सिंह पिता बापू सिंह, सुगन बाई पति रामनाथ सिंह **पता :** वार्ड नंबर 02 ठाकुर मोहल्ला बावड़ी खेडी कालापीपल शाजापुर 465001, शिव कन्या राजपूत पति गजराज सिंह राजपूत एवं विष्णु बाई राजपूत **पता :** मकान नं. 35/वार्ड नं. 03 बज्जाहेड़ा भार शाजापुर 465001 **जमानतदार :** स्वरूप सिंह उपलावड़िया पिता आत्माराम **पता :** मकान नं. 89/वार्ड नंबर. 9 पटेल मोहल्ला कालापीपल जिला-शाजापुर
20	AST/2026/82, 50200042333278,	**ऋणी:** सपिना पति अकरम खान **जमानतदार :** अकरम खान पिता हबीब खान एवं याकूब खान पिता हबीब खान **सभी का पता :** मकान नंबर 18 ग्राम सोनखेड़ी तह कन्नोद सोनखेडी देवास 455332
21	AST/2026/84, 50200083749068, 50200047685620 & 50200062471711	**ऋणी:** बने सिंह प्रहलाद सिंह **सह-ऋणी :** कमला बाई पति बने सिंह, **जमानतदार :** महेश सिंह गुर्जर पिता हरेलाल **सभी का पता :** अम्श्या खेड़ी मंदिर के पास, शाहजापुर 465331
22	AST/2026/85, 84620161,	**ऋणी:** रवीन्द्र सिंह राम सिंह **पता :** मोहम्मदपुर बरखेड़ा जावर सीहोर सीहोर - 466221 **जमानतदार :** राम सिंह पिता हरि सिंह **पता :** वार्ड नं. 20 मोहम्मदपुर द-जावर जिला सीहोर 466118
23	AST/2026/86, 50200058579323, 50200058578171	**ऋणी:** संदीप जाट पिता कैलाश, **सह-ऋणी :** कैलाश पिता भागीरथ, **जमानतदार :** मांगीलाल पिता हरि सिंह **पता :** शासकीय स्कूल के सामने खाचरौद मंदिर के पास आष्टा जिला- सीहोर 466116
24	AST/2026/87, 50200066030324, 50200066034056 & 50200066032178	**ऋणी:** लोकेश पटेल पिता कैलाश पटैज, **जमानतदार :** सुशीला पटेल पति कैलाश पटेल **पता :** जैन मंदिर के पास मैनाखेड़ी कोठरी जिला- सीहोर 466114
25	AST/2026/88, 50200068932144, 50200068930138	**ऋणी:** बाबू उन्कर पिता उन्कर **सह-ऋणी :** कुरी बाई पति बाबू **पता :** खेनिया पुरा, बाय रोड के पास, जिला - सीहोर 466116
26	AST/2026/89, 50200072763088, 50200072852892	**ऋणी:** भागवत सिंह उपलावदिया पिता रणजीत सिंह **सह-ऋणी :** अशोक कुमार पिता भगवत सिंह, **जमानतदार :** रामबाबू मेवाड़ा पिता तेज नारायण **सभी का पता :** वार्ड नंबर 14 अवंतीपुर बड़ेदिया सडक के पास जिला शाजापुर 465331
27	AST/2026/90, 50200073385394, 50200073380455 & 50200073374991	**ऋणी:** गोपाल ठाकुर पिता विक्रम सिंह **सह-ऋणी :** विक्रम सिंह पिता भेरु सिंह **पता :** ग्राम मिर्जापुर बरखेड़ा सडक के पास जिला-सीहोर 466116
28	AST/2026/91, 50200074128440, 50200074160450 & 50200074048247	**ऋणी:** मान सिंह पिता हिम्मत सिंह **सह-ऋणी :** हिम्मत सिंह पिता दरियाव सिंह **जमानतदार :** विरेन्द्र सिंह पिता जगन्नाथ सिंह **सभी का पता :** मोहम्मदपुर भाटी खेड़ा नियर बाय रोड जिला- सीहोर 466221
29	AST/2026/92, 50200076203145, 50200076185342 & 50200076193200	**ऋणी:** गणेश लोवंशी पिता रामेश्वर लोवंशी, **सह-ऋणी :** मुकेश लोवंशी पिता रामेश्वर लोवंशी **सभी का पता :** मकान नंबर 173 बा डोकाकुई सड़क के पास जिला- देवास 455332
30	AST/2026/94, 50200079159495, 50200079157819 & 50200079161536	**ऋणी:** अजय कुमार पिता भागीरथ, **सह-ऋणी :** भागू पिता हरचंद **दोनों का पता :** मोरुखेड़ी नियर रोड आष्टा जिला-सीहोर 466116 **जमानतदार :** लाखन सिंह पिता रामप्रसाद गुराड़िया **पता:** सिराजुद्दीन बामुलियाभाटी तहसील - आष्टा जिला-सीहोर 466115
31	AST/2026/95, 50200077385722, 50200077384794 & 50200077381150	**ऋणी:** महेंद्र सिंह पिता रामेश्वर सिंह **सह-ऋणी :** रामेश्वर पिता देवबकस **दोनों का पता :** मकान नं. 102 1 वार्ड नंबर 06 से पीछे हन्नूखेड़ी नियर बाय रोड शाजापुर - 465116 **जमानतदार :** अरविंद वर्मा पिता कांता प्रसाद **पता :** 49 मुबारकपुर तहसील - आष्टा जिला सीहोर
32	AST/2026/96, 50200081560953, 50200081570330	**ऋणी:** सूरज सिंह पिता नन्नूलाल यादव **सह-ऋणी:** पंकज यादव पिता सूरज यादव दोनों का **पता :** हुसैनपुर खेड़ी बाय रोड के पास जिला - सीहोर 466125 **जमानतदार :** अखिलेश पिता बाबूलाल यादव **पता :** दुर्गा मंदिर के सामने हुसैनपुर खेड़ी आष्टा जिला सीहोर 466125
33	AST/2026/97, 50200082278857, 50200082272585	**ऋणी:** भीम सिंह पिता तेज सिंह **सह-ऋणी :** अर्जुन सिंह पिता तेज सिंह, **जमानतदार :** रविन्द्र ठाकुर पिता धीरज ठाकुर **सभी का पता :** ग्राम सेकूखेड़ा खजुरिया सड.क के पास जिला- सीहोर 466221
34	AST/2026/99, 50200083771662, 50200083781740 & 50200083787808	**ऋणी:** राजेंद्र सिंह पिता मेहरवान सिंह, **सह-ऋणी:** अनिता पति राजेन्द्र सिंह, **जमानतदार :** महेन्द्र पाल पिता मदन सिंह **सभी का पता :** 20 छायन खुर्द काजलास पास रोड देवास 466221
35	AST/2026/100, 50200085539410, 50200085394552 & 50200085381070	**ऋणी:** शेलेन्द्र पाटीदार पिता जगदीश पाटीदार, **पता :** कन्नोद, मिर्जी जिला- सीहोर 466116 **सह-ऋणी :** जगदीश चन्द्र पिता राजाराम पटेल, संतोष कुमार पिता जगदीश पटेल, **पता :** मोहल्ला कन्नोद, मिर्जी तहसील - आष्टा, जिला- सीहोर
36	AST/2026/101, 50200088204997, 50200088202685	**ऋणी:** सुरेंद्र सिंह पिता प्रहलाद सिंह **पता :** खाचरौद सड़क के पास जिला सीहोर 466116 **सह-ऋणी :** कमला बाई पति प्रहलाद **पता :** खेखाखेड़ी खाचरौद - आष्टा जिला - सीहोर
37	AST/2026/102, 50200093334272, 50200093341469 & 50200093330349	**ऋणी:** आजाद खान पिता अहमदनूर **सह-ऋणी :** आदिल खान पिता अमजद खान **दोनों का पता :** वार्ड नंबर 02 बुधवरिया पीपलरावां तहसील-सोनकच्छ जिला-देवास 455118 **जमानतदार :** रफीक खान पिता बाबू खान **पता :** मकान नंबर 87 वार्ड नंबर 1 लाल कराई मोहल्ला पीपलरावां सोनकच्छ जिला देवास-455118
38	AST/2026/103, 50200095018631, 50200095027821 & 50200095011649	**ऋणी:** अभिषेक सेंधव पिता विजेंद्र सिंह, **सह-ऋणी :** ममता बाई पति विजेंद्र सिंह, **जमानतदार :** गजराज सिंह पुत्र सरदार सिंह **सभी का पता :** मालपुरा खूंटखेड़ा तहसील -सोनकच्छ जिला-देवास-455118
39	AST/2026/104, 50200097661833, 50200097665411	**ऋणी:** पप्पू सिंह पिता ठाकुर नाथू सिंह **सह-ऋणी :** नाथू सिंह पिता बलवंत सिंह **जमानतदार :** देवकरन सिंह पिता हीरालाल **सभी का पता :** कान्याखेड़ी जिला सीहोर 466116

आज दिनांक 12.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व सील से जारी किया गया।

श्री नीरज कुमार सोनी, पूर्व न्यायाधीश मध्यस्थ
407-A, द होराइजन, नाथ मंदिर रोड, साउथ तुकोगंज, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452001

अमृत-2.0 में 992 किमी नई पाइपलाइन बिछनी है; जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़े

582 करोड़ की पाइपलाइन योजना, डेढ़ महीने से काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत करने के नाम पर शुरू की गई 582 करोड़ रुपए से ज्यादा की अमृत-2.0 योजना फिलहाल गड्ढों के इंतजार में अटक गई है। शहर में 992 किलोमीटर नई डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाई जानी है, लेकिन करीब डेढ़ महीने से काम बंद पड़ा है।

निगम ने जिन सड़कों और कॉलोनियों में पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई की थी, उनमें कई जगह गड्ढे अब भी खुले पड़े हैं। बारिश के कारण इन जगहों पर कीचड़ और पानी भरने से रहवासियों की परेशानी और बढ़ गई है।

योजना के तहत 582.31 करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं। इसमें 992 किलोमीटर नई पाइपलाइन, 36 ओवरहेड टैंक और इन्हें जोड़ने के लिए 53 किलोमीटर मेन फीडर लाइन शामिल है। करीब एक लाख नए घरों को जल नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य है। मौजूदा करीब 4200 किलोमीटर नेटवर्क के अलावा 992 किलोमीटर नई लाइन डाली जानी है, जिसमें करीब 100 किलोमीटर पुरानी पाइपलाइन बदली जानी है।

शहर में 992 किमी नई डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाई जानी है

करीब एक लाख घरों को जल नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य

कागज पर बड़ा नेटवर्क जमीन पर गड्ढे

अरेरा कॉलोनी में 12 नंबर के पास खोदी गई सड़क अब तक अधूरी पड़ी है।

नया नेटवर्क रातीबड़, नीलबड़, मालीखेड़ी, हथाईखेड़ा, बगली, दानिश हिल्स, गुराड़ी घाट, लहारपुर और अरविंद विहार समेत 1000 से ज्यादा कॉलोनियों और बस्तियों तक पहुंचाने की योजना है। लेकिन मौजूदा स्थिति में कई जगह पाइपलाइन बिछाने से पहले या बाद की खुदाई ही परेशानी बन गई है। रहवासियों का कहना है कि पिछले साल काम शुरू होने के बावजूद अभी तक करीब 25 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हुआ है। जहां पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई की गई, वहां कई स्थानों पर काम पूरा किए बिना ही गड्ढे छोड़ दिए गए। बारिश में यही गड्ढे कीचड़ और पानी से भर गए।

शिवाजी नगर में भी यही हाल हैं।

बारिश के कारण रुका काम

उपयंत्री प्रभारी कार्यपालन यंत्री, सीवेज प्रकोष्ठ राजेंद्र कुमार त्रिवेदी का कहना है कि 992 किलोमीटर पाइपलाइन का काम पिछले कुछ समय से बारिश के कारण रुका हुआ है। बारिश खत्म होते ही काम फिर गति पकड़ेगा।

अस्पताल की ओपनिंग से पहले चोरी, कॉपर के लिए ईसीजी मशीन तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड सरस्वती मल्टी हॉस्पिटल से अज्ञात बदमाश ईसीजी मशीन में तोड़फोड़ कर कॉपर सहित कॉपर लाइन, कंप्यूटर, सहित लाखों का सामान चुराकर ले गए हैं। बदमाश सीसीटीवी कैमरे और डीबीआर भी लेकर गए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार सोनम देवी पति संतोष कुमार (42) मकान नंबर-18 फेस-वन शिवनगर छोला मंदिर इलाके में रहती हैं। वह अस्पताल संचालक हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 80 फीट रोड पर सरस्वती मल्टी हस्पीटल खोला हैं। हॉस्पिटल की अभी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चल रही है। उक्त अस्पताल 55 बैड का बनवाया है। अस्पताल के सामने मुख्य रोड पर मरम्मत का कार्य चल रहा है। लिहाजा उन्होंने अस्पताल की ओपनिंग नहीं की है। 31 अगस्त को उनका बेटा सोनू कुमार अस्पताल गया था। उस समय सब ठीक था। 13 सितंबर को वह अस्पताल पहुंची तो देखा कि अस्पताल का सामान एवं मशीने सहित सामान बिखरा पड़ा था। वह ऑफिस पहुंची और देखा तो सीसीटीवी कैमरे, तीस बेड की ऑक्सीजन की कॉपर लाइन, ईसीजी मशीन, कॉपर के वायर, दो कंप्यूटर डीवीआर और टीवी, सहित दो प्रिंटर अज्ञात बदमाश चुराकर ले जा चुके थे। सोनम देवी ने बताया कि बदमाश ईसीजी मशीन और अन्य मशीनों में तोड़फोड़ कर कॉपर चुराकर ले गए हैं।

बारिश में मिट्टी की नमी के कारण टीएनबी की रफ्तार को लगा ब्रेक

रेलवे स्टेशन से लेकर पातरा की सुरंग का काम नवंबर माह तक होगा खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में मेट्रो परियोजना का भूमिगत निर्माण की रफ्तार बारिश की वजह से थोड़ी थम गई है शहर के सबसे घने और व्यस्त इलाकों के नीचे करीब 60 फीट गहराई में दो टनल बोरिंग मशीनें लगातार सुरंग बना रही हैं। भोपाल रेलवे स्टेशन से पात्रा की ओर बढ़ रही है। टीबीएम में पहली करीब 200 मीटर से ज्यादा से की सुरंग की दुरी कर चुकी हैं वहीं दुसरी मशीन लगभग 150 मीटर से ज्यादा का सुरंग बना चुकी है।

खास बात यह है कि, ऊपर शहर की रफ्तार और नीचे सुरंग निर्माण का काम साथ-साथ चल रहा है। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा जरुरी जनसुरक्षा है जिसको सबसे ज्यादा प्राथमिकता देते हुए जमीन के कंपन, धंसाव और गैस की लगातार निगरानी की जा रही है। मेट्रो सिटी की सबसे काबिल टीम, भोपाल मेट्रो पर काम कर रही है। दिल्ली, इंदौर, लखनऊ समेत कई इंजीनियर इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे है। मशीनों की स्थिति को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है।

दो टीबीएम ने बनाई 350 मीटर की सुरंग

-3.3 किमी का काम लगभग पूरा, अब दूसरी दिशा की तैयारी

सेंसर की मदद से ऊपरी इमारतें, नीचे सुरंग पर नजर

अल्पना तिराहे के पास चलता अंडर ग्राउंड मेट्रो

भूमिगत निर्माण के दौरान आसपास की इमारतों, अन्य संरचनाओं की सुरक्षा के लिए निगरानी व्यवस्था की गई है। जमीन के बैठने और कंपन की लगातार निगरानी की जा रही है, इसके लिए इंस्ट्रूमेंटेशन और मानिटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। किसी भी असामान्य बदलाव का पता चलते ही अन्य कदम उठाए जा सकते हैं।

दो टीबीएम ने बनाई सुरंग

पीआरओ धीरज शुक्ला ने बताया कि, भूमिगत कॉरिडोर का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में दोनों टनल बोरिंग मशीनें रेलवे स्टेशन से पात्रा की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, वही पहली टीबीएम करीब 200 मी. और दूसरी करीब 150 मी. सुरंग बना चुकी है। दोनों मशीनें जमीन के भीतर मिट्टी काटते हुए आगे बढ़ती हैं(साथ ही सुरंग में प्रीकास्ट आरसीसी रिंग स्थापित की जाती हैं।

नवंबर के बाद रेलवे स्टेशन से नादरा बस स्टैंड की दिशा में होगा काम शुरु

पहले चरण की सुरंग में हुई देरी को उधर कवर किया जाएगा, जिसकी तैयारी तेज कर दी गई है इसका फायदा लोगों को मिलेगा साथ ही शहर का दवाब भी कम हो जाएगा। मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार, भूमिगत मार्ग में भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड प्रमुख स्टेशन होंगे। यह रूट शहर के घनी आबादी और अत्यधिक व्यस्त हिस्सों के नीचे से होकर गुजरेगा,इसका उद्देश्य इन क्षेत्रों में मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ सड़क यातायात का दबाव कम करना है। वहीं मेट्रो अधिकारियों का दावा है कि भूमिगत हिस्से का काम अगले डेढ़ से दो साल में पूरा होने की उम्मीद।

'मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान'

5601 शिविरों में 2 लाख 46 हजार शिकायतों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का उनके घर के नजदीक त्वरित समाधान उपलब्ध कराने तथा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित संपर्क अभियान 2026 को उल्लेखनीय सफलता मिली है। 14 मई से प्रारंभ हुए इस विशेष अभियान के अंतर्गत भोपाल एवं ग्वालियर रीजन के 16 जिलों में अब तक 5,601 विशेष शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 2 लाख 46 हजार 297 उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर सुविधाजनक एवं त्वरित समाधान उपलब्ध कराते हुए विद्युत सेवाओं में पारदर्शिता, सुगमता और उपभोक्ता संतुष्टि को बढ़ावा दिया जा रहा है।

- **सपंर्क अभियान 2026 को बड़ी सफलता, उपभोक्ताओं को मिली राहत**

भोपाल में 421 शिविरों में 25,736 शिकायतों का निराकरण

भोपाल रीजन के अंतर्गत शहर वृत्त भोपाल में 421 शिविरों में 25,736 शिकायतों का निराकरण किया गया। बैतूल (ओ एंड एम) वृत्त में 506 शिविरों में 30,838 शिकायतों का निराकरण, भोपाल (ओ एंड एम) वृत्त में 276 शिविरों में 10,412 शिकायतों का निराकरण, हरदा वृत्त में 150 शिविरों में 18,742 शिकायतों का निराकरण, नर्मदापुरम वृत्त में 399 शिविरों में 30,512 शिकायतों का निराकरण, रायसेन वृत्त में 282 शिविरों में 17,837 शिकायतों का निराकरण, राजगढ़ वृत्त में 396 शिविरों में 5,667 शिकायतों का निराकरण, सीहोर वृत्त में 377 शिविरों में 8,417 शिकायतों का निराकरण तथा विदिशा वृत्त में 238 शिविरों में 12,295 शिकायतों का निराकरण किया गया। इसके अलावा ग्वालियर रीजन के अंतर्गत शहर वृत्त ग्वालियर में 331 शिविरों में 7,755 शिकायतों सहित अन्य जिलों में बड़ी संख्या में शिकायतों का निराकरण किया गया।

साहब के आने से खुशी भी और कम भी

किसी ने सच ही कहा है कि करनी का फल यहीं मिलता है। कुछ ऐसा ही तकनीकी चिकित्सा शिक्षा विभाग में भी हुआ। कभी इस विभाग में राजनीति का शिकार हुए यहां के एक अधिकारी की ताजपोशी फिर यहां हो गई। विभाग के गलियारों में चर्चा तो यह भी है कि अधिकारी ने वापस आने के लिए एडी-चोटी का जोर लगाया था और अपनी पहुंच से फिर वापस आ गए। अब सच्चाई जो भी हो पर अधिकारी के आने से विभाग के कर्मचारी खुश भी है और दुखी भी। क्योंकि अधिकारी का मिजाज काफी गरम है, अगर उनका किसी से पंगा हो गया तो उसका तबादला होना तय है।

डॉक्टर साहब की लंबी छुट्टी बनी चर्चा का विषय

हमीदिया अस्पताल के एक डॉक्टर का लंबी छुट्टी पर जाना इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। हुआ यूं कि डॉक्टर साहब अभी एक महीने की छुट्टी मनाने के आए थे। दो-तीन दिन अस्पताल आए और फिर छुट्टी पर चले गए। ऐसे में उनके शुभचिंतक यह पता करने की कवायद में जुट गए है कि कहीं साहब किसी मुसीबत में तो नहीं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि साहब बार-बार छुट्टी पर जा रहे है। हालांकि इस बात का पता तो नहीं चल पाया कि साहब के छुट्टी के लेने के पीछे क्या कारण है, पर कहने वाले कह रहे है कि डॉक्टर साहब की अधीक्षक महोदय से नहीं बन रही है।

स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर

राजधानी की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों वेंटिलेटर पर है और उसका रिमोट सीधे स्वास्थ्य कार्यालय में रखा है। यहां नियम कायदे सिर्फ फाइलों में सजे शोपीस बनकर रह गए हैं। हालात यह हैं कि फार्मासिस्ट नसिंग शाखा संभाल रहे हैं, नेत्र सहायक पीसीपीएनडीटी जैसे संवेदनशील विभाग के प्रभारी बने बैठे है। ऐसा प्रतीत होता है मानो यह कोई सरकारी दफ्तर नहीं, बल्कि प्रयोगशाला बना दी है। जहां हर कर्मचारी को उसकी योग्यता से उल्टा काम सौंपा जा रहा है। टाइपिंग नहीं आती, लेकिन लाइसेंस और अहम फाइलें निपटाई जा रही हैं। प्रशासनिक अनुभव शून्य, जिम्मेवारी असीमित कहने वाले कह रहे हैं कि ये नए प्रयोग सेवाओं के साथ खुला खिलवाड़ हैं। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में कंपाउंडर आपरेशन करेंगे और डॉक्टर रजिस्टर संभालेंगे।

निःशुल्क बिजली को सुविधा अब नियम बन गई

जीएमसी परिसर में डाक्टरों के 15 से अधिक आवास पिछले तीन साल से बिजली निःशुल्क में चल रहे थे। फामेर्सी और सुलभ शौचालय भी इस सूची में शामिल हैं, कुल बकाया करीब एक करोड़ रुपए, सब मीटर तो लगे थे, लेकिन रीडिंग लेने या बिल वसूलने की कोई तैयारी नहीं हुई। पहले भुगतान हमीदिया प्रबंधन के जरिए होता रहा, रिकार्ड रखने वाला कर्मचारी रिटायर हो गया और अब कोई हिसाब नहीं। कार्यकारिणी बैठक में जब सवाल उठे तो अधिकारियों ने या तो जानकारी से इनकार किया या अस्पष्ट जवाब दिए। विवाद बढ़ते ही डीन ने हस्तक्षेप कर कहा, अभी जैसा चल रहा है, वैसा चलने दो। यानी जीएमसी में निःशुल्क बिजली को सुविधा अब नियम बन गई है।

सचिन सिंह बैस

प्रदेश के निजी स्कूलों के शिक्षक भी हो सकेंगे शामिल

शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अब 5 अक्टूबर तक होंगे आवेदन, ऑफलाइन होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सेवारत शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाली विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अब 5 अक्टूबर 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही अब यह परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में निजी स्कूलों के मिडिल-प्राइमरी पढ़ाने वाले शिक्षक भी शामिल हो सकेंगे। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने गुरूवार को आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा आवेदन पूर्ववत कर्मचारी चयन मंडल के पोर्टल के माध्यम से ही भरे जाएंगे। इसके लिए अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2026 तय की गई है। शिक्षक जिस जिले में कार्यरत हैं, उन्हे उसी जिला मुख्यालय का परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाएगा।

माशिमं को मिली परीक्षा की जिम्मेदारी

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में सेवारत शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा अब मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल के बजाय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ऑफलाइन मोड में आयोजित कराई जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षा आयोजन की अधिसूचना जारी कर दी है। पहले इसकी जिम्मेदारी मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल को दी गई थी, लेकिन बाद में उसने परीक्षा आयोजन को लेकर असमर्थता जता दी। इस परीक्षा में प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के शामिल होने ककी उम्मीद है। 18 सितंबर आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित थी। हालांकि शिक्षकों की मांग के बाद परीक्षा ऑनलाइन के बजाय पारंपरिक ऑफलाइन माध्यम से कराने का फैसला लिया गया।

नरेला क्षेत्र में बड़ी तादाद में इकट्ठा हुए छात्र-छात्राएं

'छात्रों की गूंज' के लिए छोला-भटूरा, रसमलाई पार्टी के साथ कराया युवाओं का रजिस्ट्रेशन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 19 तारीख को इंदौर में प्रस्तावित विशाल युवा संवाद कार्यक्रम को लेकर नरेला विधानसभा क्षेत्र में मेधावी छात्र-छात्राओं और जेन ज़ी का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में युवाओं को एकजुट करने के लिए एक विशेष 'छोला-भटूरा एवं रसमलाई पार्टी' का आयोजन मनोहर डेरी में किया गया। इस अनूठे संवाद के दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने 19 तारीख को इंदौर कूच करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम स्थल पर युवाओं का जोश चरम पर रहा। युवाओं ने शिक्षा, रोजगार और अपने अधिकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का संकल्प लिया। कांग्रेस नेता शुक्ला ने कहा कि आज का युवा बेरोजगारी, पेपर लीक और महंगी शिक्षा से त्रस्त है।

रेस्टोरेंट के बाहर कांग्रेस नेता व स्टूडेंट्स।

तकनीकी दक्षता और समर्पण से काम करने का आह्वान

इंजीनियर्स डे पर रेल अभियंताओं ने भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के योगदान को किया याद

चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे इंजीनियर्स एसोसिएशन (डब्लूसीआरई) भोपाल मंडल एवं सीआरडब्ल्यूएस भोपाल के अभियंताओं ने संयुक्त रूप से होटल मयूर पैलेस, आईएसबीटी में इंजीनियर्स डे मनाया।

कार्यक्रम में भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

नवनीत सिन्हा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एसके पांडेय रहे। विशिष्ट अतिथियों में एआईआरईएफ के सलाहकार आरके पांडेय,वरिष्ठ उपाध्यक्ष वी. के. बड़गैयाँ, संगठन सचिव सीमा गुप्ता तथा सेवानिवृत्त सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर प्रदीप भार्गव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अतिथियों ने रेलवे के तकनीकी विकास और सुरक्षित संचालन में अभियंताओं की भूमिका पर विचार रखे। उन्होंने निष्ठा, समर्पण और तकनीकी दक्षता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गीत-संगीत और प्रश्नोत्तरी भी हुई। अंत में मंडल सचिव इंजीनियर अमित मीना ने आभार व्यक्त किया।

सुरक्षित संचालन अभियताओं की भूमिका पर रखे विचार

कार्यक्रम में हिस्सा लेते इंजीनियर्स। इस अवसर पर इंजी. नवनीत सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

वन विभाग के वनरक्षक और वनपाल हुए पदोन्नत

भोपाल। वन विभाग भोपाल वृत्त के 31 वनरक्षक एवं नौ वनपाल को पदोन्नत करने के आदेश मुख्य वन संरक्षक ने जारी किए हैं। मप्र वन कर्मचारी मंच ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रशासन दो अजय यादव एवं मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त क्षितिज कुमार का पदोन्नति देने के लिए आभार व्यक्त किया है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि भोपाल वृत भोपाल के मुख्य वन संरक्षक ने प्रदेश में सबसे ज्यादा पदोन्नति का लाभ भोपाल वृत के कार्यपालिका वनरक्षक वनपाल संवर्ग को दिया है। अभी हाल ही में 31 वंनरक्षकों को वनपाल के पद पर तथा नौ वनपालों को उपवन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति देने के आदेश प्रसारित कर भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ में पदस्थ किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930